'साधना-रहस्य'-स्मरणिका-मानस साधना मण्डल



१६-१९ अक्तूबर, १९६९] ११ वीं अ० भारतीय गोष्ठी, बम्बई [विजयादशमी-वि. सं. २०२६

मानस साधना मण्डल के संस्थापक-अध्यक्ष



परम पूज्य श्री हृदयनारायण 'योगीजी'

आशीर्वचन

★

प्रत्येक वस्तु और व्यक्ति के भीतर एक मौलिक सत्ता विद्यमान है जो शक्तिमय, आनंदमय और ज्ञानमय है। वर्त्तमान में यह सत्ता अपरिस्फुट रूप में है इसी कारण जीवन में रोग, चिन्ता और भय, जिसे रामचरित मानस में त्रिताप कहा गया है, विद्यमान हैं। इस सत्ता का पूर्ण प्रस्फुटन मानवेतर किसी भी प्राणी में नहीं हो सकता और उसके प्रस्फुटन का प्रभाव यह होगा कि शरीर में शक्ति, मन में आनंद और बुद्धि में ज्ञान का संचार होकर रोग, दुःख और भय मिट जाएंगे।

यद्यपि मानव मात्र त्रिताप मिटाने की दिशा में सचेष्ट है फिर भी ये दुःख इस कारण नहीं मिट रहे हैं कि मानव की धारणा में भ्रांति और मान्यता में अपूर्णता है। धारणा में भ्रान्ति यह कि वह समझता है कि शक्ति, आनंद, ज्ञान का संबंध भोजन, धन, अध्ययन से है। यदि गहराई से खोज की जाए तो मनुष्य को इस सिद्धान्त का अबाधित ज्ञान हो जाएगा कि जैसा दीखता है वैसा है नहीं और वस्तुतः भोजन से शक्ति, धन से सुख, और पुस्तकों से ज्ञान नहीं मिलेगा। तब वह अधिक भोजन, अधिक संग्रह और अधिक अध्ययन की ओर अग्रसर न होकर उपवास, अभोग और सुमिरन की साधना अपनाएगा, जिसे मानस में तप का मार्ग कहा गया है और जिससे दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति हो जाएगी।

मान्यता की अपूर्णता यह है कि मानव भगवान का अस्तित्व तो स्वीकार करता है परंतु व्यापकत्व नहीं, अर्थात् सबसे प्यार नहीं करता और भगवान को शक्तिमय आनंदमय और ज्ञानमय नहीं मानता। सरल अन्तःकरण वाले साधक यदि इस बात का अटूट विश्वास कर लें कि भगवान व्यापक सत्ता है और शक्ति आनंद और ज्ञानमय है और इस मान्यता के आधार पर भगवान के सुमिरन और भजन का रास्ता अपनाएं, जो विश्वास का पथ है, तो उनके सारे दुःख मिट सकते हैं। यह भक्ति का मार्ग है। इस प्रकार संसार के अबाधित ज्ञान और भगवान में अटूट विश्वास इन दोनों मार्गों से दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति हो सकती है।

'ग्यानिहि भगतिहि नहिं कछु भेदा।
उभय हरहिं भव संभव खेदा॥'

मानस साधना मंडल के साधकों ने अपनी योग्यता एवं सामर्थ्य के अनुसार धारणा की भ्रान्ति और मान्यता की अपूर्णता को दूर कर जिस प्रकार शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक दुःखों से छुटकारा पाने की चेष्टा की है उसका विवरण मंडल के साहित्य में लिपिबद्ध है। भगवान से प्रार्थना है कि मानव विचार अथवा भावना के मार्ग द्वारा उस सत्ताका प्रस्फुटन करे और दुःखों से निवृत्त हो जाए।

मानस साधना मण्डल की विचारधारा के आदि प्रवर्तक

तथा

परम पूज्य श्री हृदयनारायण 'योगीजी' के गुरु महाराज

संत–प्रवर

पं० बदरीनारायण त्रिपाठी

साधना-रहस्य

[शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक साधना का वैज्ञानिक प्रयोगपूर्ण मासिक]

११ वीं अखिल भारतीय गोष्ठी, बम्बई विशेषांक

राम भगति मनि उर बस जाके ।
दुख लवलेस न सपनेहुँ ताके ॥
चतुर सिरोमनि तेइ जग माहीं ।
जे मनि लागि सुजतन कराहीं ॥

*

अवैतनिक सम्पादक

कुबेरप्रसाद गुप्त

*

संरक्षक :

१–परमपूज्य ' योगीजी'
२–श्री शिवप्रसाद सेठ, शाहजहाँपुर
३–श्री फतहलाल वर्डया, हरगाँव (सीतापुर)

परामर्शदाता :

१–डॉ० बलदेव प्रसाद मिश्र
२–डा० भगीरथ मिश्र
३–डा० देवकीनन्दन श्रीवास्तव
४–श्री मदनमोहन सहाय
५–श्री शिवशंकर मिश्र

विशेषांक–सम्पादक–मण्डल :

हरिकिशनदास अग्रवाल
गणेश नीलकंठ पुरंदरे
गोविन्दलाल ग० महादेविया
लालभाई र० मेहता
महावीर कौशिक
जगदीशप्रसाद सिंह
शिवशंकर मिश्र
त्रिभुवनपाल गोयल

मूल्य :

वार्षिक – पांच रुपये आजीवन–१०१ रुपये इस अंक का – दो रुपय

प्रकाशक :

मानस साधना मण्डल

डी–१२।४ राजेन्द्र नगर, लखनऊ–४

फोन : २६११३

आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ

"वर्तमान युग में गोस्वामी श्री तुलसीदास जी महाराजने जनमानसके उन्नयन के लिये जो कार्य किया है, वह किसी भी अन्य कविके साथ तुलनाके योग्य नहीं है, स्तुत्य है, अनुपम है। उन्होंने सिद्धांत पक्ष को गौण करके और सांप्रदायिक मतभेदोंका सर्वथा तिरस्कार करके सदाचार भक्ति और ज्ञान की ऐसी त्रिवेणी प्रवाहित की है जो कि विश्वको चिरकाल तक पवित्र करती रहेगी। उन्होंने संक्षेपमें दार्शनिक तत्त्वोंका सारसंग्रह करके लिया है। धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और पारिवारिक सुव्यवस्थाको एक निश्चित, दृढ़ एवं लक्ष्यगामिनी प्रेरणा प्रदान की है जो शाश्वत सत्यको प्रकट करती रहेगी। उन्होंने पारिवारिक सम्बन्धोंको भी एक सौहार्द्रपूर्ण सांचे में ढाला है और सर्वत्र आध्यात्मिक रूप देनेके लिये उनकी कृतियों से बढ़कर दूसरी कोई रचना नहीं की गयी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि उन्होंने संपूर्ण चराचर की हृदय भूमि को भक्तिभावकी पीयूषधारासे अभिषिक्त कर दिया है। उन्होंने सामाजिक जीवनके किसी भी अंगकी उपेक्षा नहीं की है। हमारी शुभकामना है कि आप लोगोंका यह स्तुत्य प्रयास जन-जनके मनको उनके बतलाये पथ पर चलनेकी प्रेरणा दे।"

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मानस साधना मंडल की ग्यारहवीं अखिल भारतवर्षीय गोष्ठी बम्बई में होने जा रही है। श्री रामचरित मानस लोक-मानस के निरतिशय उत्थान के लिए शाश्वत प्रेरणा का स्रोत है। गोष्ठीकी सफलता के लिए शुभकामनाएँ।

अखण्डानन्द सरस्वती

'श्री कृष्णाश्रम' दावानल कुण्ड, वृन्दावन, मथुरा (उ० प्र०)

●

भोगवाद और जड़वाद से अन्धा हुआ मानव सुख और शान्ति के लिये इधर-उधर भटकता है। वाह्य सुखों के पीछे घूमता रहता है और अन्तमें दुःख पाकर खिन्न और म्लान हो जाता है। क्या वाह्य विषयों के अलावा दूसरे किधर भी सुख, शांति और स्वास्थ्य का स्थान नहीं है? जरूर है, लेकिन इस यन्त्रयुग के ज़माने में बहुत से लोग जानते हुए भी बोलने में घबराते हैं। ऐसे विकराल समय में मानस साधना मंडल एक लोकोत्तर और दिव्य काम कर रहा है। जिस से अखंड आनंद, अखंड शांति और अखंड स्वास्थ्य व्यक्ति को कैसे मिलेगा और उसके लिये कौनसी साधना होगी उसके बारे में वह प्रयत्न कर रहा है और मंडलने कुछ कार्यक्रम भी कार्यान्वित किया है। उनके सेक्रेटरी श्री त्रिभुवनपाल गोयल एक त्यागी, शक्तिशाली, कर्मठ और आध्यात्मिक व्यक्ति हैं। इनके साथ बातचीत करने के पश्चात् जो कुछ भी इस मंडल का परिचय हो गया उससे मुझे सिर्फ आशा ही नहीं लेकिन पूर्ण विश्वास है कि उस के पीछे भगवान रहेगा और इस कार्य को बढ़ायेगा। हम सब बम्बई के स्वाध्यायी लोग आपके साथ ही हैं। मैं कार्यव्यस्त होने से आ नहीं सकता हूं उसके लिये मुझे दुःख होता है। फिर भी मैं आनेका प्रयत्न करूंगा। ऐसे महान कार्यों के पीछे भगवान की शक्ति होती ही है। वही हम सबको युग परिवर्तन के लिये शक्ति, बुद्धि और सामर्थ देती है।

पांडुरंग शास्त्री

श्री मद्भगवद्गीता पाठशाला, माधव बाग, बम्बई

●

श्री मानस साधना शिविरके शुभावसर पर मुझे यह जानकर अधिक प्रसन्नता हुई कि आयोजक महानुभावोंने उन्हीं तीन बातों को लक्ष्य में रखा है, जिन तीनों की इस कालमें परम आवश्यकता है। सन्त शिरोमणि श्री तुलसीदास जीने जनता की निकटतम भाषा में भक्ति-सरिता जन-कल्याणार्थ प्रवाहित की । आज की आवश्यकताओं की पूर्ति मानव द्वारा प्रतिपादित करना मानो भक्ति-सरिता के मनोहर घाट बनाना है । जिसकी पूर्व भूमिकाका दर्शन साधकों को शिविर में होना है। वे कथित तीन मार्ग ये हैं :– १–मितव्ययिता–थोड़े में जीवनयापन का सिद्धान्त। २–समय दान। ३–उपार्जित से वितरण। इन तीनों सिद्धांतों के व्यापक प्रचार से देशके उज्ज्वल भविष्य की पूर्ण आशा की जा सकती है। मुझे तो विश्वास है कि उपार्जितके वितरण से और आवश्यकता पड़ने पर अमूल्य समय निकालने से तथा धर्म से प्राप्त द्वारा निर्वाह करने से हमें रामराज्य बुलाना न पड़ेगा किन्तु वह स्वयं भारत-वासियों का दरवाजा खटखटाएगा।

आयोजकों को मेरी शुभकामनाएँ हैं। लक्ष्य-प्राप्ति के लिए प्रभु राम शक्ति प्रदान करें।

स्वामी कृष्णानन्द जी आचार्य

तुलसी निवास––बम्बई

●

'मो ते अधिक संत करि लेखा' यह भगवान राम का आदेश है, और आप लोग सदा अपनी मानस गोष्ठी संतों का स्मरण करके आरंभ करते हैं. अतः सफलता तो आपकी होनीं ही है। मानस 'सजीवन मूरी' है। मानस कल्पतरु है। दैहिक दैविक भौतिक तापों का विनाश उससे होकर सब प्रकार की वाञ्छनीय कामनाओं की सिद्धि अवश्यम्भावी है। प्रभु से हमारी प्रार्थना है कि आगामी नवरात्रि पर होने वाली आपकी गोष्ठी को बहुमुखी सफलता मिले और उसमें भाग लेने वालों का कल्याण हो। ''रामहि सुमिरिअ गाइअ रामहि। संतत सुनिअ राम गुन ग्रामहि।। ताहि भजहि मन तजि कुटिलाई। राम भजे गति केहि नहिं पाई।।''

माता जी

(धर्मपत्नी संत प्रवर पं० बदरी नारायण त्रिपाठी) पूना

●

रामचरित मानसका नित्य पाठ गांधीजीकी सायं प्रार्थनामें होता था। सन् ४० से ४२ के बीच जब जब मुझे वहां जाने और रहने को मिला, पूज्य बापूजीकी पवित्र सन्निधिमें मानसका पारायण भी करता रहा। उसके बाद कई बार जीवन में ऐसे प्रसंग आये हैं, जब निराशा या अनुत्साहका अनुभव किया है, तो पुनः प्राचीन श्रेष्ठ ग्रंथोंकी शरणमें गया हूं और उनसे मुझे प्रेरणा मिली है। उपनिषद, ज्ञानेश्वरी कबीर बचनावली, तुकाराम की गाथा की तरह तुलसी-रामायण भी ऐसा ही अखंड शक्ति और उत्साह देने वाला ग्रन्थ है। उसमें साहित्यिक गुणोंके साथ साथ आध्यात्मिक शांति देने के भी गुण हैं।

मैंने कई रामायणें पढ़ी हैं: वाल्मीकि, कम्बन, कृत्तिवास, रंगनाथ, एकनाथ, भास्कर आदि के साथ साथ हिन्दी में केशवदास, मैथिलीशरण गुप्त, निराला और अन्य अनेक कवियोंकी कृतियां कई भाषाओंमें पढ़ी हैं। राम कथाका काव्यरूप अगाध अर्णवकी तरह है। पर गोस्वामी तुलसीदासजीके मानसकी विशेषता कुछ ओर ही है । वह जन मानसमें बस गया है। उत्तर भारत का वह जन ग्रन्थ है । हर ग्रामीणकी जिह्वा पर बस गया है, अन्तर

में उतर गया है। यह इसलिये संभव हुआ कि तुलसीदासजीकी जीवन साधना उसमें एक सारके रूपमें अवतरित हुई।

गांधीजीने अपने रामराज्यकी कल्पना तुलसीके मानससे ली। दैहिक, दैविक, भौतिक, तापोंसे भारतको दूर करना हो तो निरे पारायण और मंत्र नाम जाप से काम नहीं चलेगा। करना कुछ उससे अधिक होगा। साधना का अर्थ है उसका जीवनमें अनुवाद।

डा० प्रभाकर माचवे
नई दिल्ली

●

साधारणतया, लोगों में यह धारणा बनी रहती है कि हम जितना अधिक खाएँगे उतने अधिक बलवान बनेंगे परंतु बात कुछ और ही है। सत्य तो यह है कि जितना अधिक हम खाएँगे, उतने ही हम बलहीन होते जाएँगे। अतिरिक्त खान-पान से बहुधा मनुष्य 'मोटा' हो जाता है, परंतु यह स्थूलपन उसके जीवन में अनेक रूपों में प्रकट होता है। यदि आप किसी कुशाग्र बुद्धिमान की मानसिक कुशाग्रता को कुण्ठित करना चाहते हैं, तो आप उसे कुछ अधिक भोजन दीजिए। तत्पश्चात्, उसके परिणाम को देखिए। इसी भांति, यदि आप किसी व्यक्ति की रचनात्मक शक्ति को क्षीण करना चाहते हैं, तो उसे अतिरिक्त भोजन दीजिए; यदि आप किसी तार्किक बुद्धि संपन्न व्यक्ति को विपरीत दिशा में मोड़ना चाहते हैं, तो उसे अत्यधिक खिलाइए। यदि आपकिसी धर्म-भीरू को धर्म से विमुख करना चाहते हों, तो उसे खूब खिलाइये-पिलाइये तथा यदि आप किसी अभिमानी तथा दुराग्रही को और अधिक अभिमानी तथा हठी बनाना चाहते हैं, तो उसे अत्यधिक भोजन दीजिए।

डीशेन

●

जीवन का लक्ष्य केवल संसारकी झंझटों में आसक्त रहना या वैषयिक प्रपञ्चों में लिप्त रहकर उन्हें जुटाते रहना ही नहीं है। यह तो वास्तवमें पशु–धर्म है। मानव को अपने मानवत्व की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए इससे विलक्षण आचरण करना होता है। इन्हीं विवेकयुक्त आचरणों को साधना तपस्या आदि नामों से कहा जाता है। इस साधना में वह ज्यों–ज्यों आगे बढ़ता है, उसमें मानवत्व अधिकाधिक विकसित होता है और एक दिन ब्रह्मत्व की उपलब्धि होती है, जो साधना की अन्तिम स्थिति है।

आजके इस भौतिक तत्वों से प्रभावित जगतमें कुछ संस्कारी जन ही भगवत्कृपासे इस मार्ग पर चलते हैं और सौभाग्यतः अपने लक्ष्य की दिशामें अग्रसर होते हैं।

मानस साधना मंडल के प्रभावी एवं संस्कारी कार्यकर्ता प्राचीन भारतके निगूढ़ तत्वोंको जन–समक्ष सरल उपायों से सुबोध भाषा में सर्व सुलभ एवं सर्व सुकर बना रहे हैं, जिससे अनन्त जनताका लाभ हो रहा है।

कलकत्तावासी मंडलके कार्यकलापों का आनन्द ले चुके हैं। भगवान की महती कृपा से अब वह आनन्द बंबईवासियों को भी प्राप्त होता रहेगा।

क. श्रीनिवास शास्त्री, कलकत्ता

●

हर्ष का विषय है कि मानस साधना मंडल के ग्यारहवें अखिल भारतीय सम्मेलन के अवसर पर "साधना रहस्य" का एक विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

मानस में भारतीय चिन्तन तथा भक्तिका अद्‌भुत सम्मिश्रण हुआ है। भक्त यदि भाव-विभोर होकर इसका पाठ करते हैं तो साहित्य-रसिकों को अपने रसास्वादन के लिए इसमें बहुत कुछ मिलता है। समाजशास्त्री, कूटनीतिज्ञ तथा राजनय विशारद इसका यदि गहराई तथा बारीकी से अध्ययन करें तो मानसमें उनके लिए भी बहुत कुछ है। वास्तव में मानसका इस दृष्टि से अध्ययन किया ही नहीं गया है।

मेरी कामना है कि इस दिशा में भी मानस साधना मंडल कुछ प्रयास कराये।

राम सुभग सिंह
रेलमंत्री, भारत सरकार

•

यह जानकर हर्ष हुआ कि मानस साधना मंडल का ग्यारहवाँ सम्मेलन बम्बई में १६ से १९ अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है, तथा मंडल इस अवसर पर एक स्मरणिका भी प्रकाशित कर रहा है। मुझे आशा है, स्मरणिका में प्रस्तुत सामग्री से लोगों में आपसी प्रेम तथा उच्च आचरण की भावना फैलेगी। आपके कार्यक्रम की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएँ।

विद्या चरण शुक्ल
गृहराज्य मंत्री, भारत सरकार

•

मानस चतुश्शती भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिकके लिए चिन्तन और मननका समय है। श्री रामचरित मानस म संत तुलसीदासजीने जिन मूल्योंकी व्याख्या की है, वे मानव-समाज के चिरंतन मूल्य हैं। आज हमें फिर से विचार करना है कि उन मूल्योंको आजके संदर्भ में किस प्रकार जन-जीवनमें स्फुरित किया जा सकता है। हम सबको उसी दिशामें कर्तव्य-निष्ठा से कार्य करना है।

मानस साधना मंडल इस दिशा में जो कार्य करेगा, वह सराहनीय होगा, ऐसी आशा है। मैं उसके प्रयास और अभियान की सफलता की कामना करता हूं।

सिद्धेश्वर प्रसाद
बिजली व सिंचाई उपमंत्री, भारत सरकार

•

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मानस साधना मंडल की एक बृहद् गोष्ठी शीघ्र ही बंबई में आयोजित हो रही है। चरम भौतिकता की इस विशालकाय नगरी में आध्यात्मिकता की इस स्फूर्तिदायिनी गोष्ठी की मैं अभ्यर्थना करता हूं।

मानस साधना मंडल के कार्यों तथा कार्यकलापों के प्रति मैं सदव जिज्ञासु रहा हूं। राजनैतिक जीवन की व्यस्तता के कारण मंडल के आयोजनों में मैं पर्याप्त रूप से कभी सक्रिय भाग नहीं ले सका हूं फिर भी उसकी विचार धारा, उद्देश्य तथा साधना के प्रति मेरी निष्ठा है तथा मानव जीवन को सुखद, लोकोपयोगी तथा सर्वांगीण बनाने के उसके प्रयासों की मैंने सदैव सराहना भी की है।

बंबई में आयोजित होने वाली यह गोष्ठी मंडल के प्रयासों को नया बल तथा प्रेरणा प्रदान करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है तथा इस अवसर पर प्रकाशित होनेवाला 'साधना रहस्य' का विशेषांक तद्‌विषयक सामग्री से आपूर्ण होगा इसके प्रति मैं आशान्वित हूं।

मैं गोष्ठी की सफलता के लिए अपनी मंगलकामना प्रेषित करता हूं।

चतुर्भुज शर्मा
अध्यक्ष, तुलसी शोध संस्थान तथा राजस्व मंत्री, उ० प्र०

●

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मानस साधना मंडल के ग्यारहवें अखिल भारतीय अधिवेशन के अवसर पर "साधना रहस्य" का एक विशेषांक निकालने का आयोजन किया जा रहा है। मानस साधना मंडल अपनी सीमित सामर्थ्यानुसार जो लोकोपयोगी कार्य कर रहा है वह व्यक्ति, देश और समाज के लिये उपयोगी है।

मुझे आशा है कि साधना रहस्य का यह विशेषांक इस दिशा में उपयोगी सिद्ध होगा। मैं इसकी सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं भेजता हूं।

गिरधारी लाल
सार्वजनिक निर्माण मंत्री, उ० प्र०

●

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि बंबई में होने वाली मानस साधना मंडल की ग्यारहवीं अखिल भारतीय गोष्ठी के अवसर पर 'साधना रहस्य' का एक विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

'साधना रहस्य' केवल एक धार्मिक पत्र मात्र नहीं है, जो केवल पारमार्थिक उपलब्धियोंकी दृष्टिसे सामग्री प्रस्तुत करता हो। इसमें मानव मात्र के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण समस्याओं पर वैज्ञानिक ढंग से व्यावहारिक सामग्री प्रस्तुत की जाती है।

मुझे आशा है कि इस विशेषांक की सामग्री भी उपयोगी और व्यावहारिक होगी। मैं इसकी सफलता की कामना करता हूं।

रामजी लाल सहायक
शिक्षामंत्री, उ० प्र०

●

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री मानस साधना मंडल पूज्य योगीजी के निर्देशन में श्री रामचरितमानस के आध्यात्मिक सिद्धांतों का प्रतिपादन कर रहा है। आजकल के अशांत वातावरण में मानव के मन को किसी भी रूप में शांति मिल सके ऐसे सरल उपाय श्री रामचरितमानस में हैं, केवल उनके व्यापक प्रचार की आवश्यकता है। विज्ञान और अध्यात्मवाद के समन्वय की आवश्यकता है। सच्चे सुख की प्राप्ति के लिए प्रभु की भक्ति उपासना ही एकमात्र उपाय है जिससे मानव सांसारिक सुखों का उपभोग करते हुए भी परम आनंद को प्राप्त कर सकता है।

सात्विक आहार, सत्यभाषण, संयम और सत्संग से उपासना बलवती होती है। इन चारों साधनों से साधक का मन निर्मल हो जाता है। किसी भी उपासना-मार्ग का निष्ठापूर्वक, दीर्घकाल और निरंतर अवलंबन करने पर वह साधक को क्रमशः आध्यात्मिक विकास कराते हुए अंतिम ध्येय—भगवत्प्राप्ति तक पहुंचा देता है। भगवद्-अर्पण बुद्धि और भगवत्सेवा की भावना से किया हुआ कर्म तत्काल और शीघ्र फलदायी होता है। भगवत् तत्व की सच्चे हृदय से उपासना भगवत्प्राप्ति का श्रेष्ठ और सुलभ साधन तो है ही, साथ ही वह स्वयं साध्य भी है। उपासना के माध्यम के द्वारा भगवत् तत्व के स्पर्श के फलस्वरूप हमारे जीवन में आमूल परिवर्तन होने लगता है। अज्ञान अंधकारमय हमारा जीवन ज्योतिमय, आलोकमय होने लगता है। हमें जीते जी अमरत्व का अनुभव होने लगता है और मृत्यु का भय दूर हो जाता है।

श्री रामचरितमानस में शाश्वत कल्याण की साधना के अनेक उपाय वर्णित हैं जिनसे सात्विक विचार और आध्यात्मिक भावना में वृद्धि होती है। इसका उपाय स्वयं भगवान ने बताया है।

'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा।' क्योंकि
'बिनु सत्संग विवेक न होई।'

सत्संग से विवेक की प्राप्ति होती है चाहे वह साधु महात्माओं का हो या इसके अभाव में सद्ग्रंथों का। सत्संग से प्रभु की लीला जानने का अवसर मिलता है ——

'सुनिअ तहां हरि कथा सुहाई। नाना भांति मुनिन्ह जो गाई॥' क्योंकि
'हरि अनंत हरि कथा अनंता।'

हरिकथा सुनने से या करने से प्रभु के चरणों में प्रेम उत्पन्न होता है। शंकर भगवान ने भी श्री रामचरितमानस में कहा है—

'बिनु सत्संग न हरि कथा तेहि बिनु मोह न भाग।
मोह गए बिनु रामपद होइ न दृढ़ अनुराग॥'

लोकनायक गोस्वामी तुलसीदासजी व उनके एवं सबके आराध्यदेव भगवान श्रीराम के चरणों में मेरा कोटि कोटि प्रणाम।

गजाधर सोमानी
श्री निवास हाउस, बम्बई

●

मंडल के अखंड शक्ति, आनंद, ज्ञान, स्वास्थ्य तथा प्रेम के आधार पर स्थित उद्देश्यों को देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई।

आजके अशान्त वातावरण में भारतवर्ष में इन उद्देश्यों के प्रचार की अत्यंत आवश्यकता है।

उद्देश्यपूर्ति से समाज तथा राष्ट्र का बहुत कल्याण होगा ऐसी हमारी आशा है।

इस सम्मेलनकी सफलता के लिये हमारी मंगलकामना है।

नागेन्द्र पति त्रिपाठी
प्रधानमंत्री, बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना

●

"Best wishes for the success of the 11th All India Manas Sadhana Mandal Convention.

(Dr.) S. Radhakrishnan

•

I am glad to note that you are holding the 11th All India Convention of Manas Sadhana Mandal in Bombay during the Navratra days.

I wish the Convention every success.

With regards,

K. M. Munshi,
Bharatiya Vidya Bhavan, Bombay.

•

I am in receipt of your kind letter and glad to hear that your Organisation is going to hold the 11th All India Convention based on the fundamental tenets of Shri Ramcharit Manas at Bombay from 16th to 19th October 1969. May God bless the function to a grand success is my prayer.

May God bless you !

Swami Krishnanand Acharya,
President,
The Divine Life Society.

•

" On the occasion of your auspicious convention, we send you all our good wishes, blessings and loving greetings.

" We are sure, you will be able to indicate a right path to all towards the great goal of Satya-Siva-Sundara-Truth-Beauty-Goodness.

May the blessings of the Divine Mother be showered on you for ever and for ever; and fill your lives with perfect peace and bliss."

(Dr.) Roma Chaudhuri
Vice-Chancellor,
Rabindra Bharati.
Calcutta

•

I am glad to know that the Manas Sadhana Mandal is holding its 11th All India Convention in Bombay. The Mandal is encouraging people to lead a meaningful life based on higher values. It is thus doing a commendable service to the society in its own humble way. I send my best wishes for the success of its Bombay Convention.

S. Nijalingappa,
President,
All India Congress Committee, New Delhi.

•

The publication of the Special Number of the 'Sadhana Rahasya' by the Manas Sadhana Mandal on the occasion of its Eleventh All India Convention should help to educate the public about the aims and objects of the 'Sadhaks' who seek to achieve integrated development of personality on the basis of the fundamental tenets of Shri Ramcharit Manas.

I wish it all success.

K. K. Shah,
Minister for Health, Family
Planning, Works, Housing and Urban
Development, India.

•

I am glad to know that a Special Number of the 'Sadhana Rahasya' is being brought out on the occasion of the Eleventh All India Convention of the Manas Sadhana Mandal Scheduled to be held at Bombay in October 1969.

I wish this venture all success.

Triguna Sen,
Minister,
Petroleum and Chemicals and Mines and
Metals, Government of India.

"Harmonious blending of science with philosophy is the need of the hour. For therein lies the salvation of humanity. I am happy to know that the MANAS SADHANA MANDAL has been working at this. I wish its 11th All India Convention to be held at Bombay in the middle of October 1969, a grand success."

B. M. Bharaskar,
Minister for Social Welfare,
Maharashtra.

•

I am glad to learn that the 11th All India Manas Sadhana Mandal Convention is going to be held in Bombay in the middle of the next month and that a souvenir is going to be published on the occasion.

As the Convention that you are proposing to hold has got a very noble objective before it and as it may help in spreading the cause of real Dharma in that area. I send my greetings and best wishes to you and all the friends associated with this Convention for its happy and fruitful session. I hope that your efforts will be crowned with success and the souvenir that you are bringing out on this occasion will be appreciated by all.

Bhakt Darshan,
Minister of State for Education,
India.

•

I am glad to learn that the 11th All India Manas Sadhana Mandal Convention is being held at Bombay from the 16th to the 19th October 1969. I send you my best wishes for the success of your Convention.

B. S. Murthy,
Minister of State,
For Health, Family Planning ,Works, Housing and Urban Development, India.

•

Thank you for your kind letter dated 17th September 1969 regarding your request to preside over the 11th All India Convention of Manas Sadhana Mandal in Bombay and inaugural function of the Convention on 16th October in the morning and evening.

I regret my inability to preside over the said function due to previous engagements.

I wish every success to the function as well as to the Souvenir to be published on that occasion.

V. S. Page,
President.
Maharashtra Legislative Council.

•

" I wish the Convention every success."

S. V. Sohoni, I.C.S,
Chief Secretary,
Bihar Govt.

•

I am very much happy to know that you are holding 11th All India Convention. Contributions of Science and Techonology have made astonishingly rapid progress, but they have not been correlated to the subjective development of the human being. To this end our scientists, litterateurs, musicians and artists can make a very significant contribution, particularly in view of the fact that techonology has already suffered its first defeats in west in the form of youthful rebellion against the mechanised life with all physical comforts. It is now appreciated all over the world that we do not live by techonology alone. We want something more by which we can communicate with our real self.

Dr. B. R. Seth,
Vice- Chancellor,
Dibrugarh University,
Dibrugarh, Assam.

•

"Please accept my hearty good wishes for the success of your cause."

Kumar Ganganand Sinha
Vice Chancellor,
Kameshwarsingh Darbhanga Sanskrit
Vishwavidyalaya.

•

I am glad to note that this organisation of aspirants and Sadhaks are seeking to achieve the goal of integrated human development and to propogate the highest ideals of life.

I wish your convention all success.

R. P. Padhi,
Vice-Chancellor,
Berhampur University (Orissa).

•

"I wish the Convention full success."

(Dr.) K. L. Sahal,
Secretary,
Birla Education Trust.

•

I am glad to learn that MANAS SADHANA MANDAL has devoted itself to the propagation of the ideals of Goswami Tulsidasji as set forth in RAM CHARIT MANAS. Since my health is indifferent and programme uncertain, I regret it would not be possible for me to preside over a session of the Convention in Bombay. I wish your efforts and the function the best of success.

Rama Jain,
Sahujain Nilay, Calcutta.

•

I thank you very much for your kind letter. I am very happy that you are having celebrations on 'Ramayan'. Ramayan helps us greatly in our life.

I will not be in Bombay and therefore, deny myself the pleasure of witnessing your function. You have my best wishes.

S. P. Jain,
11, Clive Row, Calcutta.

•

I am glad to learn that Manas Sadhana Mandal is holding its 11th All India Convention from the 16th October, 1969 at Bombay.

Shri Ram Charit Manas has enunciated five-fold path of Sadhana for attainment of the highest ideals of life and the integrate religious philosophy and scientific technique. Shri Ram, as we hold him to day, as unapproachable was a peak of moral purity and ethical grandeur. How great must have been the man who could become unquestionably supreme in this kind that Shri Ram was and he could not be that unless he were what he professed often to be, the guardian and the embodiment in himself of Dharma.

I hope that the convention will help to foster a feeling of righteousness among the aspirants or Sadhaks.

I wish all success to the Convention.

Padampat Singhania,
Kamla Tower, Kanpur (India).

•

Your efforts in holding the 11th All India Convention at Bombay from 16th October to 19th October 1969 is praiseworthy.

The propagation of Manas through Sadhana is a valuable contribution to our religion and culture.

I wish all success to the Convention.

Durga Prasad Nathany,
President,
Calcutta Paper Traders Association.

•

There could not be a better cause than this as we require such spiritual feasts in the humdrum of present day life.

My best wishes are with you.

S. B. Saxena,
Secretary General,
Maharashtra United Nations Association.

•

संपादकीय

—१-

पूज्य 'योगीजी' का सत्संग गत कई वर्षों से बम्बई में श्री सी. बी. असीजा द्वारा आयोजित होता था पर इस वर्षसे सर्वश्री हरिकिशन दासजी अग्रवाल, व बाचू भाई (श्री हरि लालजी ड्रेसवाला) की प्रेरणासे प्रेम-कुटीर, भारतीय विद्याभवन, बम्बई स्प्रिचुअल सेन्टर इत्यादि में बड़े पैमाने पर हुआ। बातचीत में मानस साधना मंडल की अगली अखिल भारतवर्षीय गोष्ठी व शिबिर की चर्चा चली तो सबने यहाँ गोष्ठी करने के लिए मुझे उत्साहित व प्रेरित किया। तदनुसार मैंने परमपूज्य 'योगीजी' से जुलाई, ६९ में निवेदन किया और उन्होंने उसे कृपापूर्वक स्वीकार कर लिया और आज जो भी आयोजन हम कर पाये हैं वह उक्त दोनों तथा अन्य कृपालुओं के आशीर्वाद, सहयोग से ही संभव हुआ है। इसके पश्चात् अनेक सन्त-महात्माओं का आशीर्वाद एवं प्रेरणा भी मिली। गोष्ठी के लिए आयोजन-समिति बनी विभिन्न उपसमितियों का निर्माण हुआ और कार्य प्रारंभ हो गया। मैं उन सभी सदस्योंका हृदय से आभारी हूँ व अपनी तथा मंडलकी ओर से उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ और विनम्रभाव से निवेदन करता हूँ कि वे उदारमना भविष्यमें भी इसी प्रकार अपना प्रेम प्रदान करते रहें जिससे हमें प्रेरणा व उत्साह मिलता रहे।

इस अवसर पर मैं सभी सन्त–महापुरुषों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। पूज्य 'योगीजी' के प्रवचनों की व्यापकता व उनके साहित्यकी देशकी विभिन्न भाषाओं में मांग के कारण इस विशेषांक को हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी, गुजराती और मराठी में भी प्रकाशित करना उपयोगी लगा। इस (अनुवाद) कार्य में गुजराती लेख श्री लालभाई र० मेहता तथा मराठी लेख श्री गणेश निलकंठ पुरंदरे ने बहुत परिश्रम से व अपने अन्य कामों व असुविधाओं का ध्यान न रखकर सहयोग दिया है इसके लिए हम उनके विशेष आभारी हैं। डा० कन्हैया लाल माणिकलाल मुंशी व श्रीमती लीलावती मुंशी का भी मंडल बहुत आभारी है जिनके पथ–प्रदर्शन, प्रेरणा और प्रेमने हमें इस कार्य में बल प्रदान किया है।

यद्यपि यह गोष्ठी बम्बई में हो रही है पर इसकी व्याकता का अंदाज इसीसे लगाया जा सकता है कि इसमें भारतवर्षके कोने-कोने से सन्तगण, साधक पधार रहे हैं तथा इसकी सफलता के लिए अनेकानेक विशिष्ट विभूतियों के आशीर्वचन एवं शुभकामनाओं के साथसाथ बंबई के अतिरिक्त कोटा, दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास, हुबली, बेलगाँव, बीजापुर, बागलकोट, मारगाँव, पांजिम, पेरनेम इत्यादि स्थानों से आर्थिक सहयोग एवं विज्ञापन भी प्राप्त हुए हैं। इस लोककल्याण के धार्मिक कार्य में आर्थिक सहयोग देने के लिए हम सभी सहायकों एवं विज्ञापनदाताओं के आभारी हैं।

इस गोष्ठीकी एक प्रमुख विशेषता कत्थक नृत्य-सम्राट श्री गोपीकृष्णजीकी नृत्य–नाटिका 'संपूर्ण रामायण' भी है, जिसके लिए हम उनके भी आभारी हैं।

गोष्ठीके कार्यक्रमों के लिए भारतीय विद्याभवन, पाटकर हाल, माड़वाड़ी पंचायत बाड़ी आदि के अधिकारियों एवं व्यवस्थापकोंके भी हम ऋणी है, जिन्होंने स्थान देकर तथा अन्य प्रकार से भी सहयोग देकर गोष्ठी को सफल बनानेमें महत्वपूर्ण योग दिया है। अपने कार्यलयके सभी सह–कार्यकर्त्ताओंका व अन्य सभी सहयोगियों व स्वयं-सेवकों का मैं आभार मानता हूं, जिन्होंने सेवा-भावसे प्रेमपूर्वक अथक परिश्रम किया और मुझे सहयोग दिया है।

मानस साधना मंडल, जिसकी यह गोष्ठी है, के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं—

१–उन स्वर्ण सिद्धांतों की खोज तथा उनका प्रचार एवं प्रसार, जो मनुष्य के व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन से अशांति और अभाव मिटाकर शक्ति, आनंद और ज्ञानयुक्त मानव तथा धन-धान्य से संपन्न समाज का निर्माण करने में सहायक हो सकें। तथा

२–उन व्यक्तियों एवं संस्थाओं से परामर्श तथा सहयोग का आदान-प्रदान जो मानव को सुखी बनाने के उद्देश्य से सचेष्ट हैं।

उक्त उद्देश्योंको ध्यान में रखकर हमने अन्य अनेक सन्त–महात्माओं एवं विशिष्ट विद्वानोंके लेख, उद्धरण, आप्तवचन आदि से इस अंक को अलंकृत किया, जिससे इसकी उपयोगिता बढ़ेगी, ऐसा मेरा विश्वास है। इसके लिए मैं 'डिवाइन लाइफ़ सोसाइटी', भारतीय विद्याभवन, सत्साहित्य प्रकाशन ट्रस्ट, 'हेराल्ड आफ़ हेल्थ' आदिके विशेष कृतज्ञ हूं जिन्होंने इसकी अनुमति दी है साथ ही हम उनके प्रति क्षमाप्रार्थी भी हैं कि शीघ्रता तथा अन्य कठिनाइयोंके कारण हम आभार प्रदर्शन का उल्लेख अंक में यथास्थान नहीं कर पाये।

इसी अवसर पर हम श्री वेंकटेश्वर प्रेस के अध्यक्ष, व्यवस्थापक तथा उन सभी कर्मचारियोंका हृदय से आभार मानते हैं, जिन्होंने हमारी ओर से अनेक त्रुटियाँ तथा असुविधा होने पर भी पूर्ण मनोयोगसे इसे यथासंभव अति-शीघ्र प्रकाशित कर देनेकी कृपा की है। वैसे भारतवर्ष के इस प्राचीनतम प्रेसमें छपने से 'साधना-रहस्य' का गौरव बढ़ा ही है।

अपना बहुमूल्य समय निकालकर, मार्ग-व्यय पर काफी धन व्यय करके तथा यहाँ की असुविधाओं का तनिक भी ध्यान न कर देशके विभिन्न भागों से जो साधक पधारे हैं उनके प्रति मैं कैसे आभार प्रकट करूँ? वे तो मेरे अपने ही रूप हैं। हाँ, बम्बई-वासियों के साथ मैं अवश्य उनका कृतज्ञ हूँ कि उन्होंने उन्हें अपनी उपस्थिति एवं अनुभवों को प्रस्तुत कर लाभान्वित करनेका सुयोग दिया है। यदि बम्बई में कुछ थोड़े से व्यक्ति भी इस गोष्ठीसे कुछ लाभ उठा सके और मानसके स्वर्ण सिद्धान्तों को जीवनमें उतार सके तो वे निश्चय ही भावी पथ-प्रदर्शक बन सकेंगे, राष्ट्र और युग-निर्माता बन सकेंगे, जिनकी आज नितान्त आवश्यकता है तथा यह गोष्ठी पूर्ण रूपसे सफल रही, यह भी कहा जा सकेगा।

इस आयोजन की सफलता का सारा श्रेय भगवान की कृपा, परमपूज्य 'योगीजी' के आशीर्वाद एवं यहाँ के सभी सहयोगियों को है, जिनमें अनेक मेरे आदरणीय, अनेक मेरे सखातुल्य तथा अनेक सहकर्मी सहयोगी हैं। साथ ही जाने-अनजाने में मेरे से कहीं किसी के प्रति किसी प्रकार का अपराध बन पड़ा हो तो उसके लिए मैं विनम्र भावसे उन सभी से क्षमा प्रार्थी हूँ। इस आयोजन की सभी कमियों का दायित्व मेरे ही ऊपर है।

अन्त में मैं सभी सन्तों, गुरुजनों एवं परम पूज्य 'योगीजी' के चरणोंकी वन्दना करता हूँ व मुहुर्मुहुः प्रणाम करता हूँ, जिनकी कृपा से ही यह सब संभव हुआ। परमपिता परमात्मा की अहैतुकी कृपाका यह एक नगण्य सा उदाहरण है। कामना है यह हमें प्रेरणा प्रदान करता रहे।

—२—

संवत् २०३१ की चैत्र सुदी रामनवमीको श्री रामचरित मानसके प्रणयनके चार सौ वर्ष हो जायेंगे। सभी मानस–प्रेमियोंका यह कर्तव्य हो जाता है कि वे इस मानस चतुश्शती को रामचरित मानसकी गरिमा और उपादेयताके अनुरूप मनायें। इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रम बनाकर पूरे किये जाँय, जिनसे मानस का प्रचार घर-घर तक हो जाय, इतना ही नहीं- क्योंकि वह तो आज भी घर-घर प्रवेश पा चुका है-बल्कि वह व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्वके लिए अपना मंगलमय संदेश प्रस्फुटित करे और वह संदेश व्यावहारिक रूप प्राप्त कर अपनी उपयोगिता को भी मूर्तिमान करे।

अभी तो स्थिति यह है और दुखपूर्ण स्थिति है कि मानसके पठन-पाठन करने वालों के जीवनमें सभी प्रकार के दुःख बने हुए हैं जबकि मानसका डंकेकी चोट यह दावा है कि इसके प्रेमपूर्वक पढ़ने वाले, समझने वाले तथा चित्तमें धारण करने वाले (क्रियात्मक रूप देनेवाले) के जीवनमें किसी प्रकार का दुख नहीं रहेगा और वह सब प्रकार से सुखी हो जायेगा। यह स्थिति मानसके प्रति जनमानस की आस्था भले ही कम न करे पर इतना तो निश्चित है ही कि गोस्वामीजीका इसके प्रणयनका जो उद्देश्य था वह पूरा नहीं होगा और मनुष्य ऐसी कल्याण कारी पुस्तकके होते हुए, उसे पढ़ते हुए और उसके प्रति अगाध श्रद्धा रखते हुए भी उससे लाभ नहीं उठा सकेगा।

यह भी सही है कि मानसके संपूर्ण अथवा किसी कांड विशेष या किसी चौपाई या दोहा-छन्द विशेष के पाठसे बहुत से लोगों के कष्टोंका निवारण हुआ है अथवा उनकी मनोकामनाएं पूरी हुई हैं परंतु ऐसा अनुकूल परिणाम केवल उस प्रकार के पाठोंके ही फलस्वरूप हुआ है, ऐसा असंदिग्ध रूपसे नहीं कहा जा सकता क्योंकि इस प्रकारका परिणाम प्राप्त करने वाले उसी विधि से दूसरों को भी वैसा ही परिणाम प्राप्त करा सकें, ऐसा नहीं देखा जाता।

साथ ही यह बात भी महत्वपूर्ण है कि यदि हम मानसके दावों को आजके युगके प्रत्येक स्थितिके मानवके जीवनमें उतारने की विधि न प्राप्त कर सके तो वह समय दूर नहीं है जब मनुष्य मानससे उदासीन होने लगेगा और कालक्रमसे उसके लुप्त हो जाने की संभावना ही नहीं बल्कि आशंका भी की जा सकती है।

मानस साधना मंडल मानव-जीवनको हर प्रकार से सुखी करने की वैज्ञानिक एवं सटीक पद्धति की खोज एवं उनपर प्रयोग करता है। हमें यह कहते हुए प्रसन्नता और संतोष है कि मानस में मानव जीवनको हर प्रकार सुखी करने के जो दावे किये गये हैं, वे शतप्रतिशत सही हैं और आज भी सर्वथा व्यावहारिक पद्धति से उसमें वर्णित सिद्धांतों को जीवनमें उतार कर हर प्रकारके दुखों से सदा के लिए छुटकारा पाया जा सकता है।

मानस साधना मंडलने मानस में वर्णित सिद्धांतोंका वैज्ञानिक विवेचन और उनको जीवनमें उतारने की व्यावहारिक प्रविधि (टेक्नीक) प्रस्तुत की है जिनके अनुसार प्रयोग कर अनेकानेक (दुखी एवं जीवन से निराश) व्यक्तियोंका जीवन सर्वांश में सुखी हो गया है। उनके जीवनमें दवाओंके बिना अखंड स्वास्थ्य, भोजनके अभाव में भी शक्ति बनी रहना, सांसारिक पदार्थों (धन आदि) की अपेक्षा बिना अखंड आनंद और पुस्तकीय अध्ययनके बिना ज्ञान (निर्भयता) प्रस्फुटित हो रही है। इसकी वैज्ञानिताके बारे में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि अब तक के सभी प्रयोग सफल रहे हैं तथा व्यावहारिकता के बारेमें यह कहना यथेष्ट होगा कि साधकों में गरीब–अमीर, पढ़े–बेपढ़े तथा अनेक प्रकार के व्यवसायोंमें लगे लोग हैं।

मानस चतुश्शती के अवसर पर ऐसे साहित्यका प्रकाशन, पुस्तकालयोंकी स्थापना, गोष्ठियों का आयोजन, पत्रोंके विशेषांकोंका प्रकाशन अधिकाधिक होना चाहिए जो मानसके उस लोकोपयोगी पक्षको जो आजके लोकजीवन के लिए कल्याणकर है, न केवल प्रस्तुत किया जाय बल्कि उसे वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक स्वरूप भी प्रदान किया जाय।

इस कार्य में मानस साधना मंडल सचेष्ट है, पं० चतुर्भुज शर्माकी अध्यक्षता में स्थापित तुलसी शोध संस्थान एक प्रगतिपूर्ण कदम है। हम देशमें तुलसी एवं तुलसी साहित्य से संबंधित संस्थाओं, संगठनों तथा प्रत्येक मानस-प्रेमी से करबद्ध निवेदन करते हैं कि वे इस अवसर की महत्ता, गुरुता और सार्वजनिक उपयोगिता को ध्यान में रखकर मानस चतुश्शतीका कार्यक्रम बनावें और उसमें भगवानका नाम लेकर जुट जाँय।

टी. पी. गोयल

कुबेर प्रसाद गुप्त

मानस साधना मण्डल

११ वीं अखिल भारतवर्षीय गोष्ठी

अक्तूबर, १९६९ की आयोजन समिति

श्री आत्माराम गोयल	कोषाध्यक्ष	श्री मोती क. अदवानी	संरक्षक एवं परामर्शदाता
श्री गजाधर सोमानी	अध्यक्ष	श्री रामेश्वरदास साबू	,, ,,
श्री गणेश नीलकंठ पुरंदरे	उपाध्यक्ष	श्री लक्ष्मीनारायण कोठारी	,, ,,
श्री गिरीश शाह	संयुक्त मंत्री	श्री लालभाई र. मेहता	,, ,,
श्री गोपी कृष्ण	संरक्षक एवं परामर्शदाता	श्री वेदप्रकाश आहलूवालिया	,, ,,
श्री गोविन्दलाल ग. महादेविया	,, ,,	श्री विश्राम जी गोपाल जी सोलंकी	,, ,,
श्री गोविन्दलाल स. मनासावाला	,, ,,	श्री शमशेर बहादुर सक्सेना	,, ,,
श्री चरणदास मेगजी	,, ,,	श्री शान्तिभाई मेहता	,, ,,
श्री जगदीश प्रसाद सक्सेना	,, ,,	श्री सोमदत्त प. मदन	,, ,,
श्री जोगीन्द्र सिंह	,, ,,	श्री हरभगवान आहूजा	,, ,,
श्री दौलतराम सोमानी	,, ,,	श्री हरिकिशनदास अग्रवाल	सभापति
श्री नारायणदास गिदवानी	,, ,,	श्री हरिप्रसाद केडिया	संरक्षक एवं परामर्शदाता
श्री नवीन टी. खांडवाला	,, ,,	श्री हरिलाल बी. ड्रेसवाला	उपाध्क्ष
श्री नित्यानन्द पांडे	,, ,,	श्री हरीश नि. त्रिवेदी	संरक्षक एवं परामदर्शदाता
श्री महावीर कौशिक	संयुक्त मंत्री	श्री त्रिभुवन पाल गोयल	मंत्री

●

गोष्ठी का कार्यक्रम

दिनांक	समय	स्थान	विषय
१६ से १९ अक्टूबर प्रातः	५ से ६	पंचायतवाड़ी (माधवबाग)	ध्यान व प्रार्थना
१६ से १९ ,, ,,	७।। से ९	गीता मंदिर (भारतीय विद्या भवन)	योगीजी व सन्तों के प्रवचन
१६ अक्टूबर रात्रि	८ से ११	पाटकर हाल (प्रवेश कार्ड द्वारा)	नृत्य नाटिका 'संपूर्ण रामायण' श्री गोपीकृष्ण द्वारा
१६ से १९ अक्टूबर अपरान्ह	३ से ४।।	पंचायतवाड़ी	गोष्ठी, प्रश्नोत्तर, शंका समाधान
१७ से १९ ,, रात्रि	८।। से १०	पंचायतवाड़ी	योगीजी व प्रमुख व्यक्तियों के प्रवचन

विषय सूची

विभाग 'क' हिन्दी

विनय का पद—एक व्याख्या	—गोस्वामी तुलसीदास	१
रामचरित मानस के मौलिक सिद्धांत और तदनुकूल		२
साधन प्रणाली	—परमपूज्य योगीजी	४
भक्त की रीति	—डा० बलदेव प्रसाद मिश्र	११
विज्ञान और धर्म	—डा० मुंशीराम शर्मा	१३
एशिया में रामकथा—प्रसार	—श्री उदयनारायण सिंह	१५
रामनाम	—महात्मा गाँधी	१८
गांधी मुस्करा रहा	—रामनाथ द्विवेदी 'स्वजन'	१९
मानस में साधना का स्वरूप	—डा० चंद्र दीप सिंह	२०
मानस साधना मंडल	—	२४
आहार	—श्री हरिकिशनदास अग्रवाल	२६
मानस की पंचसूत्री साधना	—श्री कुबेर प्रसाद गुप्त	२८
मूर्ति पूजा	—श्री जी. एस. मनासावाला, एडवोकेट	३३
मुझे नई दृष्टि मिली	—श्री दुर्गाप्रसाद गुप्त, बलिया	३७
शाश्वत आस्था का संदेश	—डा० टी. एन सिंह	४०
कल्याणकारी सत्पथ	—श्री ओमप्रकाश मिश्र	४२
लंदन के एक साधक की डायरी से		४३
रामनाम की महत्ता	—कु० उमेश माथुर	४८
मेरे अनुभव	—श्री वशिष्ट नारायण	५०
रामनाम और सर्पदंश	—श्री सोमेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव	५३
मैं अब सब प्रकार सुखी हूँ	—बाबा सियाराम	५५
गोस्वामी तुलसीदास (कविताएँ)	—	५७
अद्‌भुत प्रकाश	—श्री धनीराम शास्त्री	५८
रामचरित मानस में रामभक्ति	—श्रीमती शाँति सहाय	६०
अहंकार का शीर्षासन	—श्री हरिकिशनदास अग्रवाल	६३
आकांक्षा का आकाश; प्रयास की परिधि	—श्री चतुर्भुज शर्मा	६५
मानस का लोकोपयोगी पक्ष	—श्री त्रिभुवन पाल गोयल	७१
प्रार्थना	—साधुवेश में एक पथिक	७४
हर पंक्ति एक मंत्र	—श्री शिव शंकर मिश्र	७५

विभाग 'ख' अंग्रेजी

ए क्लेरियन काल	—श्री टी. पी. गोयल	१
योगीजी ऐण्ड आई	—श्री एम. एम. सहाय	३
दि एसोटेरिक मीनिंग आफ् दी टेन अवताराज़	—स्वामी चिदानन्द	५
वे टु गाड	—श्री शिवानंद शास्त्री	८
हिन्दुइज्म, इट्स फंडामेंटल केरेक्टर ऐण्ड गोल	—श्री सी. परमेश्वरन	९

हाऊ ओल्ड आर यू ?	—श्री थोमस ए. डेविस	११
प्रेअर ऐण्ड डिवोशन	—परमहंस रामकृष्ण	१२
दी बेसिक कंसेप्शन आफ् हेल्थ ऐण्ड वाइटेलिटी	—डा० सी. डी. सिंह	१३
हाऊ एबाउट टी ?	—श्री रोनाल्द डब्ल. स्पॉल्डिग	१७
राम दहिनसिंह विद्यालय		२०
लाइट्स आफ् योग	—श्री अरविंद	२२
साइकोलौजिकल ऐस्पेक्ट आफ् योग	—श्री जी. एन. पुरंदरे	२३
हेल्प योरसेल्फ बाइ फौरगेटिंग योरसेल्फ	—श्री कॉस्टेंस कुइनले स्टिल्स	२५
दि राशनल ऐण्ड टेकनीक आफ् फ़ास्टिंग	—डा० सी. डी. सिंह	२६
चिन्मय लहरी	—स्वामी चिन्मयानंद	२७
कीज़ टु ए हैप्पी लाइफ़	—श्री नार्मन नोरिस	२८
दि कंटेजियन आफ् चियरफुलनेस	—श्री विलियम जी. रिथ	३०
लार्ड गणेश ऐण्ड हिज़ वर्शिप	—स्वामी शिवानंद	३१
तुलसीदास	—डा० के. एम. मुंशी	३४

विभाग 'ग' गुजराती

मन शुद्धि	—श्री जी. जी. महादेविया	२
परमपूज्य श्री हृदयनारायण जी (योगीजी) नो टुंक परिचय		३
मानस नुं उद्देश्य तथा रचना शैली	—परमपूज्य श्री हृदयनारायण (योगी जी)	६
रामचरित मानस नो मौलिक सिद्धान्त अने तेने अनुकूल साधन-प्रणाली	—परमपूज्य योगी जी	१२
मानवना सर्वांगीण विकास नी रूपरेखा	—परमपूज्य योगी जी	२०
सात्विक आहार	—श्री बेसराम भाई सोलंकी	२४
मानस मां श्रद्धा अने विश्वास नुं स्वरूप	—परमपूज्य योगी जी	२५
उपवास नुं दर्शन अने तंत्र	—श्री कुबेर प्रसाद गुप्त	३०
चित्त शाँतिना उपायो	—आचार्य भाई शंकर पुरोहित	३६

विभाग 'घ' मराठी

परमपूज्य श्री हृदयनारायण (योगीजी) संक्षिप्त परिचय.		१
मानस या ग्रंथाचे उद्दिष्ट व त्याची रचना-शैली	—परम पूज्य श्री हृदयनारायण (योगी जी)	४
रामचरित मानसमधील मूल सिद्धाँत व तदनुषंगिक साधन-प्रणाली	—परमपूज्य श्री हृदयनारायण (योगी जी)	१०
मनुष्याच्या सर्वांगीण विकासाची रूपरेखा	—परमपूज्य श्री हृदयनारायण (योगी जी)	१८
रामचरित मानस ग्रंथामध्ये श्रद्धा व विश्वास यांचे दर्शाविलेले स्वरूप	—परमपूज्य श्रीहृदयनारायण (योगी जी)	२३
उपवासाची मीमांसा व ते करण्याचे तंत्र	—श्री कुबेरप्रसाद गुप्त	२९

मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत्

साधना-रहस्य

भवानीशङ्करौ वन्दे श्रद्धाविश्वास रूपिणौ ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धा स्वान्तः स्थमीश्वरम् ॥

वर्ष ३] सितम्बर-अक्तूबर, १९६९ [अङ्क ९-१०

विनय का पद

यह बिनती रघुबीर गुसाईं ।
और आस-बिस्वास-भरोसो, हरो जीव जड़ताई ॥ १ ॥

चहौं न सुगति, सुमति, संपति कछु, रिधि-सिधि, बिपुल बड़ाई ।
हेतु-रहित अनुराग राम-पद बढ़ै अनुदिन अधिकाई ॥ २ ॥

कुटिल करम लै जाहिं मोहि जहं जहं अपनी बरिआई ।
तहं तहं जनि छिन छोह छांड़ियो, कमठ अंडकी नाई ॥ ३ ॥

या जगमें जहं लगि या तनुकी प्रीति-प्रतीति सगाई ।
ते सब तुलसिदास प्रभु ही सों होंहि सिमिटि इक ठाईं ॥ ४ ॥

—गोस्वामी तुलसीदास

विनय का पद --

एक व्याख्या

यह पद शरणागति-योग की सम्यक् व्याख्या करता है इसके अतिरिक्त कर्म-योग, ज्ञान-योग और भक्ति-योग भी हैं, जिन्हें मानव साधना-सोपान मानकर उनपर अग्रसर होता है।

इन चारों योगों को एक उदाहरण से समझा जा जा सकता है। पर्वत की तलहटीमें साधक एकत्र हैं। उनका लक्ष्य पर्वतकी ऊंची चोटी पर चढ़ना है। एक साधक अपने साथ पूर्व अर्जित साधन लेकर प्रस्तुत है। उसमें कुछ अनुकूल और कुछ प्रतिकूल योग देने वाले अस्त्र-शस्त्र हैं। वह आगे बढ़ता है और कर्म एवं कर्म-फल के जंगलमें जाकर खो जाता है। पर उसे यह ज्ञात नहीं है कि वह जिस साधन-संबल को लेकर आगे बढ़ रहा है, वह तो पर्वतकी चोटी पर पहुंचने (भगवत्-प्राप्ति) को लक्ष्य भी नहीं बना पाया है। किसी भी कर्मका फल अवश्य मेव भोगना पड़ता है और वह भोग-योगियों तक सीमित रहता है। ८४ लाख योनियाँ एवं स्वर्ग तथा नरक, ये सब भोग के क्षेत्रमें ही आते हैं इसलिए कर्म-योग का साधक पिछले जन्मोंके अच्छे-बुरे कर्मोंके भोग से तथा उनके अनुरूप निर्मित एवं प्रदत्त परिस्थितियों के प्रभावसे, अपनेको नहीं बचा पाता। कर्म क्षेत्रके झंझावातसे बचकर विरले ही पथपर आगे अग्रसर हो पाते हैं।

दूसरा साधक ज्ञान-मार्गी है। वह कुछ हथियार लेकर अपना पथ स्वयं बनाता हुआ ऊपर पहुंचनेका साहस रखता है। पहाड़ काटकर रास्ता बनाना, जंगलके हिंस्र पशुओंसे बचना, चढ़ाई की फिसलनसे बचना काफी कठिन एवं कष्ट-साध्य है। गोस्वामीजी ने 'ज्ञान-पंथ कृपान कै धारा' कहकर इसके लिए जिन साधनोंका उत्तर कांडमें वर्णन किया है, वे बड़े-बड़े साहसियों का भी दिल दहला देने वाले हैं।जिस कार्य में देवता, ऋद्धि-सिद्धि आदि भी बाधक हों, उसमें सफलता मिलना कितना दुस्तर है, समझा जा सकता है। ज्ञान-मार्ग में सफलता मिलने की कितनी कम संभावना है, इसे स्पष्ट करने के लिए कहा गया है –'होइ घुनाच्छर न्याय ज्यों'

तीसरा साधक भक्ति-मार्ग का है। उसने अपने को सब बिधि-दीन-हीन मानकर भगवान से मार्ग-दर्शन की प्रार्थना की है और भगवान स्वयं गुरु-रूपमें उसके सामने उपस्थित होते हैं। गुरु को तो चोटीपर चढ़नेका जो मार्ग है, वह मालूम है। इसलिए वह शिष्य (भक्त) का हाथ पकड़कर उस मार्गसे ले चलता है और भक्त मार्ग की बाधाओंको बिना प्रयास, मुदित मन पार करता चला जाता है। उसके लिए यह पर्वतीय यात्रा भय और कष्ट-प्रद न होकर आनंदमय और सुखकर हो जाती है ––

'सेवक सुमिरत नाम सप्रीती। बिनु श्रम प्रबल मोह दल जीती।।
'फिरत सनेह मगन सुख अपने। नाम प्रसाद सोच नहिं सपने।।'

और क्योंकि वह 'कहहु भगति पथ कवन प्रयासा" है।

चौथा साधक शरणागति के मार्ग को अपनाता है। वह अपना सब कुछ भगवान के सुपुर्द कर देता है। उसके पास अपना मान-अपमान भी नहीं है। वह संसार में केवल भगवानका ही सहारा करता है। उसका केवल भगवानके ही प्रति अनुराग है। भगवानके एकान्त सहारा का उदाहरण मानसमें नारद-मोहके प्रकरण में प्रस्तुत है, जिसमें राजा सीलनिधि की कन्याके प्रति आसक्ति होते हुए भी नारदको केवल भगवानका ही सहारा था –' मोरे हित हरि सम नहिं

कोऊ।' तथा धनुष-यज्ञके प्रकरण में माता जानकी का सहारा राजाजनक, दरबारियों, नगरवासियों, देवी-देवताओं यहाँ तक कि जड़ धनुष का भी था पर भगवान के प्रति उनका अनुराग अनन्य था। निष्कर्ष यह निकला कि भगवत् प्राप्ति के लिए भगवानके प्रति अटूट आश्रय अथवा अनन्य आसक्ति में से किसी एकका होना अनिवार्य है। ऐसा होने पर ही भगवान आश्रय वालेमें आसक्ति तथा आसक्ति वाले में आश्रय का भाव पैदा कर देता है।

शरणागति योगका साधक उस अबोध बच्चेके समान है जो आवश्यक होने पर केवल रोकर माँ को पुकार भर देता है और माँ, चाहे जिस या जितने महत्वपूर्ण कार्य में भी क्यों न लगी हो, उसे छोड़कर दौड़ पड़ती है और बालक चाहे जिस –स्वच्छ या अस्वच्छ अवस्था में होता है, उसे उठाकर गोदमें ले लेती है।

प्रस्तुत पदमें गोस्वामीजी शरणागति–योग के ही बारे में बतला रहे हैं। वे भगवानसे ही यह प्रार्थना करते हैं कि हे भगवान! मेरी यही विनती है कि हमारी बुद्धि की जड़ता (मूर्खता) दूर करो और दूसरों का सहारा भी समाप्त कर दो। मैं स्वर्ग, अच्छी बुद्धि, संपत्ति, रिद्धि-सिद्धि, मान-मर्यादा कुछ भी नहीं चाहता; क्योंकि शरणागत होने में ये बाधक हैं। मुझे तो तुम्हारे चरणों में स्वाभाविक प्रेम चाहिए। पिछले कर्म-भोगके फलस्वरूप मैं जिन-जिन परिस्थितियों में पड़ूँ, वहाँ तुम्हारा प्रेम हमारे ऊपर छाया रहे, हमारी रक्षा करता रहे। संसार में जितने भी नाते-रिश्ते हैं वे सब तुमसे ही हों —

'त्वमेव माता च पिता त्वमेव
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणम्, त्वमेव,
त्वमेव सर्वं ममदेव देव॥"

इसका अर्थ यह भी नहीं है कि हम सांसारिक नातोंके प्रति उदासीन हो जांय। नहीं। उनके प्रति अपना कर्त्तव्य पूर्ण रूपसे निभाना है। केवल उनके प्रति ममता (अपनत्व की भावना) नहीं रखनी है –

जननी जनक बंधु सुत दारा।
तनु, धनु, भवन, सुहृद् परिवारा॥
सब कर ममता ताग बटोरी।
मम पद मनहि बांधि बरडोरी॥

की भाँति मनमें उनपर ममता नहीं रखनी है उनमें अपनत्वकी भावना नहीं करनी है; बल्कि ऊपरसे कर्त्तव्य ठीक ठीक निभाना है।

इस प्रकार के शरणागति-योग के साधक के लिए चोटी पर पहुँचने हेतु जिस साधन की व्यवस्था की गयी है, उसकी तुलना आज कलके प्रचलित 'लिफ्ट' से की जा सकती है, जिसमें साधक को केवल चढ़ जाना मात्र है। उसके बाद वह कब कैसे चोटी पर पहुच गया यह उसे पता ही नहीं चलेगा।

गोस्वामीजी प्रस्तुत पद में इसी शरणागति योग का कुछ विवेचन प्रस्तुत करते हैं।

—oo—

बालकों के चरित्र-निर्माण तथा सर्वांगीण विकास के लिए
रंगीन, आकर्षक एवं प्रेरणाप्रद हिन्दी मासिक

बाल-जगत

वार्षिक मूल्य: सात रुपये। आजीवन १०१ रुपये।

डी-१२ / ४, राजेन्द्रनगर, लखनऊ-४

रामचरित मानस के मौलिक सिद्धान्त और तदनुकूल साधन-प्रणाली

— मानस किंकर श्री हृदयनारायण 'योगीजी'

श्री राम चरित मानस मानव की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्त समस्याओं पर जो प्रकाश प्रस्तुत करता है वह युग-युगान्तर तक पथ-भ्रष्ट मानव का पथ-प्रदर्शन करने में पूर्ण रूप से समर्थ है, ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है। भगवान् शिव और माता पार्वती को साक्षी बनाकर मानसकार रामायण की फलश्रुति इन शब्दों में व्यक्त करते हैं :—

'सपनेहुं साचेहुँ मोहि पर जौ हर गौरि पसाउ ।
तौ फुर होउ जो कहेऊँ सब, भाषा भनिति प्रभाउ ।।'

अर्थात् जो व्यक्ति इस ग्रन्थ को मन लगा कर सुनेगा, बुद्धि लगा कर समझेगा और चित्त लगाकर उसके अनुसार आचरण करेगा, उसके जीवन में आमूल क्रान्तिकारी परिवर्तन होगा, उसके बाह्य-जीवन में सब प्रकार मङ्गल होगा—अभाव मिटेंगे, सुख मिलेगा। उसका आन्तरिक जीवन कलि-मल रहित होगा— दोषों की निवृत्ति होगी, शान्ति मिलेगी, और उसे राम के चरणों में अनुराग—प्रेम प्राप्त होगा, जो सुख और शान्ति, स्वर्ग और मोक्ष से परे की वस्तु है।

दूसरे स्थान पर गोस्वामी जी ने इस प्रकार लिखा है—

' सुनु खगपति यह कथा पावनी ।
त्रिविध ताप भव दोष-दावनी ।।'

अर्थात् भगवान् की यह पवित्र कथा तीनों तापों को दूर करने वाली है। शरीर से रोग, मन से चिन्ता और बुद्धि से भय को मिटाकर मनुष्य के जीवन में शक्ति, आनन्द और ज्ञान का संचार करने वाली है।

अब समझना यह है कि रामायण के इन दावों का आधार है क्या ? यद्यपि यह पवित्र ग्रन्थ, जिस में प्रभु की लीला का वर्णन है, उस प्रभु के समान ही अनन्त है और इसके रहस्य को प्रभु ही जानते हैं या जिसे वे जना दें वह भी किसी अंश में जान सकता है, फिर भी अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार जैसा कुछ गुरु-कृपा से और सन्तों के आशीर्वाद से मैं समझ सका हूँ उसे उन मित्रों के लिए व्यक्त करता हूँ जो रामचरित मानस में प्रतिपादित सिद्धान्तों के आधार पर कुछ साधना करके अपने जीवन में परिवर्तन लाना चाहते हैं।

मानस का सिद्धान्त यह है कि हम किसी भी दुःख के निवारण करने की चेष्टा करने के पहले उसके मूल कारण को जानने का प्रयास करें। जैसे जुकाम होने पर हम क्या औषधि सेवन करें यह न सोच कर हमें पहले सोचना यह चाहिए कि हमें जुकाम हुआ ही क्यों है। इस संबन्ध में मानस के उस प्रकरण में स्पष्ट संकेत मिलता है जिसमें श्री लखनलाल जी ने भगवान् राम से प्रश्न किया था और दुःख की निवृत्ति का साधन ज्ञान और वैराग्य समझकर उसके सम्बन्ध में ही पहले जानना चाहा था — (**'कहहु ग्यान विराग अरु माया। कहहु सो भगति करहु जेहि दाया ।।'**)

'ईश्वर जीवहि भेद प्रभु सकल कहहु समुझाइ ।
जाते होइ चरन रति, सोक मोह भ्रम जाइ ।।'

इस प्रश्न के उत्तर में भगवान् राम ने दुःख का मूल कारण माया बतलाकर उसके ही सम्बन्ध में सबसे पहले प्रकाश डाला उसके बाद उसकी निवृत्ति के साधन ज्ञान, वैराग्य को समझाने का प्रयत्न किया। उनके वचन हैं :—

'थोरेहि महँ सब कहउँ बुझाई। सुनहु तात मन मति चितलाई।।
मैं अरु मोर तोर तैं माया। जेहि बस कीन्हें जीव निकाया ।।
गो गोचर जँह लगि मन जाई। सो सब माया जानहु भाई ।।'

यहां भगवान् ने माया के दो रूप बताए हैं। एक "मैं-मेरा" जिसके कारण प्राणी संसार में दुःख भोग रहा है और दूसरा "प्रपंच"। जहाँ तक इन्द्रियाँ और मन का व्यापार है यह सब माया है।

माया का शाब्दिक अर्थ है (मा=नहीं, या=जो) जो नहीं है फिर भी प्रतीत होता है। अँधेरे में पड़ी हुई रस्सी

में सर्प की प्रतीति होती है, यद्यपि कहीं सर्प है नहीं। इसमें दो पक्ष हैं—(१) जो है सो मालूम नहीं हो रहा है, (२) जो नहीं है सो मालूम हो रहा है, अर्थात् रस्सी है पर मालूम नहीं होती और सर्प नहीं है जो मालूम होता है। यही श्रुति-प्रतिपादित सिद्धांत है—

'ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या'

अर्थात् ब्रह्म यथार्थ सत्य है यद्यपि (मोह के कारण) उसकी प्रतीति नहीं हो रही है और प्रपंच (जगत्) प्रातीतिक सत्य मात्र है, यथार्थ नहीं—जैसा दिखाई देता है वैसा नहीं है।

यही मानस का दर्शन है जिसे मैं प्रकाशवाद और विकारवाद कहता हूँ और इसी दर्शन को जीवन में उपलब्ध करने की प्रणाली की मानस में विशद विवेचना है जिसे 'विश्वास' और 'श्रद्धा' का मार्ग कहा गया है।

मेरा विश्वास है कि यदि मानस के इस जीवन-दर्शन प्रकाशवाद और विकारवाद को मानव समझ सका तो उसके जीवनमें दुःख का आत्यन्तिक विनाश हो सकता है। प्रकाशवाद, भावना-प्रधान साधकों के लिये भक्ति या शरणागति का मार्ग है और विकारवाद विश्लेषण का मार्ग है जो विचार-प्रधान साधकों के लिये है। एक में सरल अन्तःकरण वाले साधक सत्संग द्वारा अदृश्य प्रभु में अटूट विश्वास करके भगवद्दर्शन करते हैं और उनका प्रेम प्राप्त करके, समस्त दुःखों से मुक्त हो जाते हैं। दूसरे में बुद्धि-प्रधान साधक दृश्य जगत् का अबाधित ज्ञान प्राप्त करके तप का मार्ग अपनाते हैं और आत्म-दर्शन करके समस्त दुःखों से मुक्त हो जाते हैं। दोनों मार्गों से दुःखों का विनाश होता है।*

'उभय हरहिं भव सम्भव खेदा'

प्रकाशवाद का सिद्धान्त निम्नलिखित पंक्तियों में प्रतिपादित है—

"यहि मंह आदि मध्य अवसाना। प्रभु प्रतिपाद्य राम भगवाना"

इससे स्पष्ट है कि मानस के प्रारंभ में, बीच में और अन्त में अर्थात् आदि से अन्त तक भगवान् राम ही प्रतिपादित हैं जिनके विषय में कहा गया है—

'सहज प्रकाश रूप भगवाना।'

अर्थात् भगवान् सहज प्रकाशरूप है। मानस में दो प्रकार के प्रकाशकों का वर्णन है, एक पराश्रित प्रकाशक जैसे चिराग, जो दिया, घी और बत्ती के सहारे ही प्रकाश देता है और बत्ती के जल जाने, घी के समाप्त हो जाने या दिया के टूट जाने पर बुझ जाता है और दूसरा है सहज प्रकाशक, जिसे किसी वाह्य सहारे की अपेक्षा नहीं रहती, जो स्वतः ही प्रकाशरूप हैं। इस प्रकाशक की उपमा मणि से दी गई है जो दिन और रात बिना किसी बाह्य उपकरण के प्रकाशित रहता है। मानस में प्रतिपादित भगवान् मणि के समान ही प्रकाशक है जो सहज प्रकाश रूप है, दिन-रात प्रकाश देता है तथा भीतर और बाहर प्रकाश करता है। "सहज प्रकाश रूप दिन राती। नहि तँह चहिय दिया घृत बाती।"

रामायण में इस सहज प्रकाशरूप भगवान् के एक रूप और एक स्वरूप का वर्णन पाया जाता है। स्वरूप प्रकृति से परे है जहां मन वाणी नहीं पहुंच सकती—

"राम सरूप तुम्हार, वचन अगोचर बुद्धि पर।
अविगत अकथ अपार, नेति नेति नित निगम कह॥"

एवम्

"मन समेत जेहि जान न बानी।
तरकि न सकहिं सकल अनुमानी॥
महिमा निगम नेति करि कहई।
जो तिहुँ काल एक रस अहई॥"

यही वेदों में आत्म-तत्व के संबंध में कहा गया है—
'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह।'

(तैत्तिरीय उपनिषद् २।४)

इसी प्रकार रामायण में भगवान् का एक रूप भी बताया गया है। वह घट-घट बासी है—

"सीय राम मय सब जग जानी
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥"

"जड़ चेतन जग जीव जत, सकल राममय जानि।
बँदउँ सबके पद कमल, सदा जोरि जुग पानि॥"

***भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।**
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरम्॥

इसी को वेदों में इन शब्दों में कहा गया है—

'ईशावास्यमिदं सर्वं यत् किंचिज्जगत्यां जगत् ।'

(ईशावास्य उपनिषद्-१) अर्थात् प्रभु जड़ और चेतन सब में व्याप्त है

मानस ऐसा मानता है कि जो व्यक्ति भगवान् के स्वरूप का चिन्तन करेगा उसके सारे दुःख मिट जायेंगे। मानस में चिन्तन के लिये सुमिरन और सेवा के लिये भजन शब्द का प्रयोग किया गया है। साधक को सदा ही भगवान् का सुमिरन और भजन करना चाहिए। क्योंकि मानस के शब्दों में विपत्ति तभी तक है जब तक मनुष्य सुमिरन और भजन नहीं करता। इस तथ्य को निम्नलिखित पंक्तियां सिद्ध करती हैं—

"कह हनुमन्त बिपति प्रभु सोई ।
जब तव सुमिरन भजन न होई ।।"

सुमिरन की प्रणाली नारद जी एवं मनु-शतरूपा के प्रकरण में पायी जाती है। सुमिरन में मन को भगवान् के किसी भी नाम-रूप के सहारे एक बिन्दु पर केंद्रित किया जाता है —

"निरखि सैल सर बिपिन बिभागा ।
भयेउ रमापति पद अनुरागा ।।
सुमिरत हरिहि श्राप गति बाधी ।
सहज बिमल मन लागि समाधी ।।"

अथवा

" द्वादश अक्षर मन्त्रवर, जपहिं सहित अनुराग ।
वासुदेव पद पंकरुह, दंपति मन अति लाग ।।"

"करहिं अहार साक फल कन्दा ।
सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदानन्दा ।।"

सुमिरन की इस प्रक्रिया में मन को सब ओर से हटाकर एक बिन्दु पर केंद्रित किया जाता है जिसे एकाग्रता कहते हैं और इसके बाद एकाग्रता की एक ऐसी सघन अवस्था आती है जिसमें यदि मन में लय और विक्षेप की अवस्थायें बाधक न हों, तो वह बिन्दु भी हट जाता है और मन निर्विषय हो जाता है। यही सुमिरन की अवस्था है जिसे चिन्तन या ध्यान भी कहते हैं और जिसकी परिभाषा इस प्रकार है—

'ध्यानं निर्विषयम् मनः" (सांख्य-सूत्र ६।२५)

सुमिरन की साधना में मन कभी बिन्दु से हटकर इधर-उधर भागता है जिसे विक्षेप कहते हैं और कभी नींद आ जाती है जिसे लय की संज्ञा दी गयी है। मन के यही दो मल हैं और यदि मन इन दो मलों से रहित हो जाय तो—

"सहज विमल मन लागि समाधी"

की अवस्था प्राप्त होगी अर्थात् अहंकार का विलय हो जायगा और ऐसी स्थिति में मन, बुद्धि, चित्त और अहं सबके सब विलीन हो जायेंगे। यह अवस्था साधना से प्राप्त की जाती है जैसा नारद, मनु महाराज अथवा शिवजी के प्रकरण में पाया जाता है।

"शंकर सहज सरूप सम्हारा ।
लागि समाधि अखंड अपारा ।।"

प्रेम के अतिरेक में भी समाधि की यही अवस्था बिना प्रयास के ही प्राप्त हो जाती है। जैसे—

'परम प्रेम पूरन दोउ भाई। मन बुद्धि चितअहमिति बिसराई।।'

माता शबरी ने इस अवस्था को सहज ही प्राप्त कर लिया था—

'स्याम गौर सुन्दर दोउ भाई। सबरी परी चरन लपटाई।।
पुनि पुनि पद-सरोज सिर नावा ।
प्रेम मगन मुख बचन न आवा ।।'

यही दशा सुतीक्षण जी की भी स्वतः ही हो जाती है—

'दिसि अरु विदिसि पंथ नहिं सूझा ।
को में चलेउँ कहां नहिं बूझा ।।

कोल-भीलों के संबंध में भी कुछ ऐसी ही बात है—

"करहिं जुहार भेंट धरि आगे ।
प्रभुहि विलोकहि अति अनुरागे ।।
चित्र लिखे जनु जँह तँह ठाढ़े ।
पुलक शरीर नयन जल बाढ़े ।।
राम सनेह मगन सब जाने ।
कहि प्रिय वचन सकल मनमाने ।।"

इस अवस्था के प्राप्त होते ही भक्त अपनी बुद्धि में एक अपूर्व प्रकाश का अनुभव करता है। जिससे द्वैत-

भावना मिट जाती है और सर्वत्र एक ही सत्ता विद्यमान दीखती है और तब भय नाम की वस्तु रह ही नहीं जाती। साथ ही कर्तृत्व भी मिट जाता है, और इसीलिये बन्धन अर्थात् आवागमन भी मिट जाता है क्योंकि बन्धन का कारण कर्म नहीं कर्तृत्व है —

'तत्र को मोहः कश्शोकः एकत्वमनुपश्यतः।' (ईशावास्य उ०)

मन में एक अद्भुत आनन्द समा जाता है जिससे भारी से भारी दुःख में भी भक्त विचिलित नहीं होता— **'यस्मिन् स्थितौ न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते।'** (भगवद्गीता)

और ऐसा प्रत्यक्ष अनुभव होने लगता है कि दुःख का कारण परिस्थिति नहीं बल्कि आसक्ति है, जो उस आनंद में स्वतः ही मिट जाती है। शरीर में भी अथक शक्ति का संचार होता है और साधक ऐसा अनुभव करता है कि शक्ति का केंद्र भगवान् है न कि भोजन। आंतरिक शक्ति के जागरण से ही उसके सारे रोग मिट जाते हैं। इसीलिये तीनों ताप मिटने की बात मानस में भगवान् के अनुराग से संबंधित की गयी है और भगवान् के चरणों के निरादर से (उनके चरणों में प्रेम न होने के कारण) रोग, वियोग, दीनता, मलिनता और आवागमन होता है, यह बात शिव जी ने भगवान् राम की स्तुति करते समय स्पष्ट कर दी है —

'बहु रोग बियोगन्हि लोग हए। भवदंघ्रि निरादर के फल ये।।
अति दीन मलीन दुखी नित ही। जिनके पद-पंकज प्रेम नहीं।।
भव-सिन्धु अगाध परे नर ते। पद-पंकज प्रेम न जे करते।।'

अहंकार के विलय की इस अवस्था को सूफ़ी संतों और कवियों ने भी बड़े सुन्दर शब्दों में चित्रित किया है :—

'वह सिज्दा क्या रहे एहसास जिसमें सर उठाने का।
इबादत और बक़ैदे होश तौहीने इबाबत है।।'

अथवा

'बेखुदी छा जाये ऐसी दिल से मिट जाये खुदी।
उसके मिलने का तरीका अपने खो जाने है।।'

एक दूसरे कवि ने इसी भाव को इस प्रकार व्यक्त किया है —

'झलक होश की है अभी बेखुदी में,
बड़ी खामियां हैं मेरी बन्दगी में।
कैसे कहूं कि खत्म हुई मंजिले फना,
इतनी तो खबर है कि मुझे कुछ खबर नहीं।।'

सच है अहंकार का बना रहना उपासना के मार्ग में प्रथम और अंतिम रुकावट है।

'चश्म बन्दो गोश बन्दो लब बे बन्द।
गर नबीनी रुये हक बर मा बेखंद।।'

भजन के संबंध में भी मानस की यही विचार धारा है कि भगवान सब में व्याप्त है ऐसा जानकर जो सबकी सेवा और सब से प्रेम किया जाता है वही भजन है। भगवान श्री राम ने अपने श्रीमुख से अपने मित्रोंको बिदा करते समय स्पष्ट कहा :—

'अब गृह जाहु सखा सब, भजेहु मोहि दृढ़ नेम।
सदा सर्वगत सर्वहित जानि, करेहु अति प्रेम।।'

अर्थात् प्रभु की व्यापकता को ध्यान में रखते हुए स्वार्थपरता को छोड़कर प्रभु के नाते सबकी सेवा की जाय।

सेवा भगवान के व्यापकत्व का क्रियात्मक आदर और साधना की आधारशिला है। पर हमें एक बात से सावधान रहना है। हम जो सेवा कर रहे हैं उससे उल्टे हमारे अहंकार की पुष्टि तो नहीं हो रही है। क्या हम भूखों को इसलिए तो नहीं खिला रहे हैं कि हम समाज में बड़े दानी समझे जांय? लोगों द्वारा दानी कहलाकर हम प्रसन्नता से फूल तो नहीं जाते? यहां जिस सेवा की चर्चा है उसका रूप ऊपर से भले ही दरिद्र को भोजन देना है पर भीतर की भावना कुछ और होती है।

इस भावना को बाइबिल में ईसा मसीह और उनके शिष्यों के बीच एक वार्तालाप में बड़े स्पष्ट शब्दों में दिखाया गया है। ईसा अपने शिष्यों पर अति प्रसन्न होकर कहते हैं कि जब मैं भूखा था तुमने मुझे भोजन दिया, जब मुझे प्यास लगी तुमने मुझे पानी पिलाया, जब मैं नंगा था तुमने मुझे वस्त्र दिये। शिष्यों को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने ईसा को भोजन वस्त्र आदि तो दिये न थे। जब उन्होंने पूछा कि कब उन्हें (ईसाको) उनसे

भोजन वस्त्र आदि मिले तो ईसा ने उत्तर दिया– यदि तुमने मेरे किसी भी छोटे से छोटे भाई के लिए ऐसा किया तो वह मेरे लिए ही किया । सेवा का यह रूप वह नहीं है जो संसार में समझा जाता है। साधक को दूसरे की सहायता यह समझ कर नहीं करनी है कि वह दरिद्र, भूखा अथवा नंगा है। उसे तो अपने में वह भावना लानी है जो भरतजी के वन में पधारने पर कोल-भीलों की अयोध्यावासियों के प्रति थी –

'तुम प्रिय पाहुन वन पगु धारे । सेवा जोग न भाग हमारे ।।'

ऐसे सेवा के अवसर के लिए साधक भगवान को धन्यवाद देता है। साधक रोगी, गन्दे, दरिद्र को चिथड़ों में देखकर पीछे को नहीं हटता क्योंकि

'जबसे सुना है यार लिबासे बशर में है ।
अब आदमी कुछ और हमारी नजर में है ।।'

ऐसी ही नजर बन जाने से गांधीजी ने अपने हाथों से प्रेम से एक कुष्ट रोगी की सेवा की थी। कुष्ट रोगी के रूप में प्रभु को हमारी सेवा की जरूरत नहीं है । उल्टे हमें जरूरत है उसकी सेवा करने का अवसर अथवा सौभाग्य प्राप्त करने का ।

इस प्रकार की सेवा "भजन"– के फलस्वरूप मनुष्य के जीवन में किसी प्रकार का अभाव नहीं रहता क्योंकि सेवक ही सेव्य बन जाता है । अतः सुमिरन और भजन से मनुष्य की अशांति और अभाव मिट सकते हैं । इस सिद्धान्त का जो साधक अपने जीवन में प्रत्यक्ष अनुभव करना चाहे उसे चाहिए कि प्रतिदिन २४ घंटे में आधा घंटा किसी एकान्त स्थान में सूर्योदय से पहले पूर्वाभिमुख या भगवान की कोई मूर्ति हो तो उस तरफ मुख करके बैठे और भगवान् के किसी भी नाम या रूप का सहारा लेकर अपने मन को एकाग्र करने की चेष्टा करे । बहुत दिनों के निरंतर अभ्यास के बाद मन के दोनों दोष लय और विक्षेप मिट जाते हैं और अहंकार के विलय की अवस्था आने लगती है । इस साधन के दो अंग हैं । सेवा और तप । सेवा का अर्थ है अपने धन का कम से कम दसांश और समय, शक्ति को यथासंभव जनता-जनार्दन की सेवा में निस्वार्थ भाव से लगाना। दस इंद्रियों से मनुष्य सुख चाहता है इसीलिए दसांश का नियम है । तप में भोजन को और विशेषकर अन्न को कम करने की आवश्यकता है । अपने भोजन में कुछ शाक, फल, कन्द का समावेश करना इस साधन में विशेष सहायक सिद्ध होता है ।

इस संबंध में उल्लेखनीय है कि मेरे बहुत से मित्रों ने अपनी योग्यता और सामर्थ्य के अनुसार साधनत्रिक्–चिन्तन सेवा और तप का अभ्यास किया है । इन्हीं को बाइबिल में Prayer, Charity and Fasting तथा कुरान शरीफ में नमाज, जकात और रोजा एवं गीता में यज्ञ, दान और तप तथा मानस में सुमिरन, अभोग और उपवास कहा गया है। तथा मित्रों की प्रत्यक्ष अनुभूति है कि उनके जीवन से रोग, दुःख और भय बिना औषधि सेवन, परिस्थिति–परिवर्तन आदि के मिट गये हैं और उनके मन परिस्थिति से अतीत होते जा रहे हैं । साधना के पहले जो घटनाएँ उनके मन को विचलित कर देती थीं, अब उन पर कोई प्रभाव नहीं डालतीं और जिन बातों का उन्हें भय बना रहा करता था अब उन्हें उनका भय नहीं सताता । इस संबंध में यह निवेदन कर देना अत्यावश्यक है कि हम लोग रामचरित मानस में प्रतिपादित केवल भगवान् के सुमिरन और भजन की ही बात करते हैं। और किसी प्रकार की गुप्त साधना अथवा सांप्रदायिकता आदि से संबंध नहीं रखते और न ऐसी साधना ही करते या कराते हैं जो सर्व साधारण न कर सके । मेरे मित्रों का प्रत्यक्ष अनुभव है कि उनके शरीर में शक्ति, मन में आनंद और बुद्धि में ज्ञान का संचार हो रहा है ।

इंद्रियों में कमजोरी, मन में दुःख और बुद्धि में भय काम के ही कारण होता है यानी त्रिताप का कारण काम है । काम नाश के फलस्वरूप मनुष्य त्रिताप से मुक्त हो जाता है । उसके सब रोग, दुःख और भय मिट जाते हैं । मानस में सब दुःखों का मूल कारण मोह बताया जाता है ––

"मोह सकल व्याधिन्ह कर मूला ।"

मोह का अर्थ अंधकार है । जिस प्रकार अँधेरे में पड़ी हुई रस्सी साँप मालूम होती है और इस गलत धारणा के कारण कि वह साँप है यह गलत मान्यता हो जाती है कि वह काट खायेगा और इसके फलस्वरूप यह गलत क्रिया होती है कि वह मनुष्य डर कर भागता है जिससे उसके दिल की धड़कन बढ़ जाती है और वह लड़खड़ा कर गिर जाता है । इस प्रकार मोह रूपी अंधकार के कारण गलत जानने, गलत मानने और गलत क्रिया के क्रम से उसे दुख की प्राप्ति होती है । इन सबका मूल कारण मोह अर्थात् अंधकार ही

है। इसी मोह के कारण मनुष्य की धारणा में शक्ति का संबंध भोजन से है और भोजन जितना ही पौष्टिक होगा उतनी ही शक्ति बढ़ेगी ऐसी मान्यता होती है जिससे स्वभावत: अधिक भोजन की क्रिया होती है और परिणाम स्वरूप शरीर में मल का संचय होता रहता है जो कालान्तर में रोग के रूप में प्रकट होता है। इसी तरह मोह के कारण ही धन एवं धन द्वारा संग्रहीत वस्तुओं में सुख है ऐसी धारणा होती है और धन बटोरने से सुख मिलेगा ऐसी मान्यता होती है और धन-संग्रह करने की क्रिया होती है जिसके फलस्वरूप मन में विक्षेप आ जाता है जो चिन्ता के रूप में प्रकट होता है। ऐसे ही पढ़ने-सुनने से ज्ञान होता है इस धारणा के आधार पर जितना पढ़ेंगे-सुनेंगे उतना ही ज्ञान होगा ऐसी मान्यता के कारण अधिक अध्ययन किया जाता है जिसके कारण बुद्धि में ज्ञान के स्थान पर अहंकार संचित होता है जो आवागमन का मूल कारण है। इसी को शरीर में मल, मन में विक्षेप और बुद्धि में आवरण कहा गया है जिसके फलस्वरूप रोग, दु:ख और भय नामक त्रिताप होते हैं। अत: त्रिताप से मुक्त होने का साधन यह है कि हम भोजन, धन और अध्ययन के संबंध में गहराई से विचार करें। खोज करने से हमें संसार में ऐसे व्यक्ति मिलेंगे जो अधिक भोजन के द्वारा अपने शरीर में किसी अंश में पशुबल का समावेश तो कर पाते हैं परंतु भयानक रोगों से ग्रस्त रहते हैं और बिना पूरी आयु भोगे ही स्वर्ग सिधार जाते हैं। इसके विपरीत कुछ लोग ऐसे भी मिलेंगे, चाहे वे गिनती में बहुत थोड़े ही क्यों न हों, जो शक्ति का संबंध भोजन से न मानकर भोजन संयम की ओर अग्रसर होते हैं और उसके द्वारा शरीर में एक आंतरिक शक्ति के जागरण का अनुभव करते हैं–जिसके परिणाम स्वरूप वे वेद के इस वाक्य –– 'अदीनास्यां शरद:शतम्' के अनुसार नीरोग रहकर सौ वर्ष की पूरी आयु भोगते हैं। हम लोगों के बीच इसी संसार में डाक्टर बारबरा मूर, एम० डी०, एक रूसी महिला हैं जो आज से (१९६२ से) लग-२८ वर्ष पहिले भारतवर्ष आयी थीं और हिमालय पर्वत में कुछ महात्माओं से मिलकर उनकी बताई हुई बातों को, जिनका एक अंश भोजन का क्रमिक परित्याग भी है, अपने जीवन में प्रयोग किया है। उन्होंने लिखा है कि वे पहले तीन बार खाती थीं, जिसको उन्होंने क्रमश: ३ से २ और २ से १ किया और उसके बाद अन्न छोड़ तरकारियाँ तथा फल एवं कुछ पत्तियों का सेवन किया। अन्त में केवल रस या कुछ शहद का थोड़ी मात्रा में सेवन करना प्रारंभ किया और २६ वर्षों के इस प्रकार के प्रयोग के बाद उनका कहना है कि अब वे केवल जल पर ही महीनों रह लेती हैं और स्वीटजरलैंड तथा इटली में वर्फ तथा वर्फ के पानी पर रहकर नित्य ४०–५० मील चलती हैं, ८००० फीट ऊँचे पहाड़ पर चढ़ती और उतरती हैं फिर भी उन्हें कभी थकावट नहीं महसूस होती। उनका यह भी कहना है कि उन्होंने अपने ऊपर प्रयोग करके यह भलीभाँति अनुभव कर लिया है कि शक्ति या शरीर की गर्मी का संबंध भोजन से नहीं है। उन्होंने इस तथ्य का वैज्ञानिक निरूपण करते हुए बतलाया है कि हवा तथा सूर्य की रश्मियों में कुछ ऐसे तत्व हैं जो वैज्ञानिक यंत्रों द्वारा नहीं जाने जा सकते परंतु मानव-शरीर उन्हें ग्रहण करके शक्तिशाली और परिश्रमी बन सकता है और वृद्धावस्था में भी युवा रह सकता है। डाक्टर बारबरा मूर इस समय स्वयं ६० वर्ष की हैं फिर भी उनकी आयु ३० से अधिक नहीं मालूम पड़ती और इस उम्र में भी नित्य ४०–५० मील चलती हैं। अभी कुछ ही दिन हुये उन्होंने अमेरिका में सैनफ्रेंसिसको से न्यूयार्क की ३३५७ मील की यात्रा पैदल की है।

मैंने भी इस संबंध में जो प्रयोग किये हैं उनसे मालूम होता है कि कुछ दिनों के लिए हवा पर, कुछ हफ्तों के लिए पानी पर और वर्षों फल तथा सब्जियों पर आसानी से रहा जा सकता है। इससे शरीर में आरोग्य, अथवा परिश्रम करने की सामर्थ्य और वृद्धावथा में भी युवापन का अनुभव किया जा सकता है। मेरे कुछ मित्र तो कुछ न खाकर भी ९ दिनों तक लगातार अपने सारे काम करते रहते हैं और कभी भी किसी प्रकार की शक्तिहीनता (कमजोरी) नहीं महसूस करते। मानस के सिद्धांतों को यदि जनता ठीक से समझकर इस प्रकार प्रयोग कर सके तो व्यक्ति, कुटुम्ब, समाज, देश, तथा विश्व का भी कल्याण हो सकता है।

खोज करने वालों को ऐसे भी व्यक्ति आसानी से मिल जायेंगे जो बहुत धनी होने पर भी मन से अशांत और चिन्ताग्रस्त हैं और इसके विपरीत ऐसे भी लोग हैं, चाहे उनकी संख्या कम ही हो, जो निर्धन होने पर भी सर्वथा चिन्तामुक्त हैं और एक आंतरिक आनंद का सतत अनुभव करते रहते हैं और उनके संपर्क में आने

वाल लोग कम से कम थोड़ी देर के लिए शांति का अनुभव करते हैं।

इस संबंध में भी हम लोगों ने जो प्रयोग किए हैं उनका परिणाम यह हुआ कि अपने समय, शक्ति और धन का आंशिक रूप (दसांश) भी निस्वार्थ भाव से प्रभु के नाते जनता-जनार्दन की, विशेष रूप से बालक, दीन और साधुजनों की, सेवा में अर्पित करने से मन परिस्थिति से अतीत होने लगता है और विषम परिस्थितियों के उपस्थित होने पर भी मन में शांति बनी रहती है साथ ही जीवन से अभाव भी मिटता है और किसी न किसी प्रकार प्रभु आवश्यकताओं की पूर्ति भी करते हैं। यह अनुभव उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है।

इसी प्रकार खोज करने वालों को ऐसे व्यक्तियों की कमी नहीं होगी जो शास्त्रीय शिक्षा (Academic Education) किताबी ज्ञान से वंचित होने पर भी प्रकाश अथवा ज्ञान के केंद्र हैं। बहुत से साधु-महात्मा जिनकी गणना ज्ञानियों में है अधिकतर अशिक्षित ही थे। स्वामी शरणानन्द जी महाराज ऐसे ही ज्ञानी और उच्चकोटि के व्यक्तियोंमें से एक है। उनकी स्कूली शिक्षा कुल दर्जा ४ तक ही हुई है परंतु उनकी बुद्धि में एक अपूर्व प्रकाश है। महर्षि रमण, जिनका शरीर कुछ ही वर्षों पूर्व पूरा हो चुका है, इस युग के महान् ज्ञानियों में थे परंतु उनकी स्कूली शिक्षा प्रायः नहीं के बराबर थी। परमहंस रामकृष्ण, जो जगत प्रसिद्ध स्वामी विवेकानन्द जी के गुरुदेव थे, इसी कोटि में आते हैं। इनसे यह निष्कर्ष निकलता है कि शक्ति, ज्ञान और आनंद का संबंध भोजन, अध्ययन और धन से वैसा नहीं हैं जैसा कि आज का मनुष्य समझ रहा है और इस अज्ञान के कारण ही वह रोग, दुःख और भय से ग्रस्त है। इनका संबंध किसी ऐसी सत्ता से है जो प्रत्येक मानव के अन्तर में विद्यमान है। हम अपने दैनिक जीवन में प्रायः देखते हैं कि जब रात्रि में हम चारपाई पर शिथिल होकर लेट जाते हैं (पैर से चलना, हाथ से पकड़ना बन्द कर देते हैं तथा निद्रा में प्रवेश करते हैं वाह्य नेत्र, श्रवण आदि इन्द्रियों का कार्य बन्द कर देते हैं) और स्वप्नावस्था में बुद्धि से कार्य लेने के बाद गहरी नींद में सो जाते हैं तब अपने शरीर की थकावट खोकर हम नई शक्ति और ताजगी का अनुभव करते हैं तथा मन की चिन्ता खोकर 'हम खूब आनंद से सोये', ऐसा कहते हैं। ऐसी अवस्था में उसी केंद्र से स्पर्श होने के कारण ही हमारे शरीर और मन में शक्ति और आनंद आ जाते हैं। जिस प्रकार गहरी निद्रा में प्रवेश होने पर शरीर, मन और बुद्धि की गति रुक जाती है उसी प्रकार ऐसी निष्क्रियता की स्थिति जाग्रत अवस्था में भी अभ्यास के द्वारा लायी जा सकती है और जो व्यक्ति इस साधना का अभ्यास करेगा उसका भीतर के केन्द्र से संस्पर्श स्थापित हो सकेगा जिसके फलस्वरून उसे शक्ति, ज्ञान और आनंद मिलने लगेगा। मानस में ऐसे तप को साधना कहा गया है—

"उर धरि उमा प्रानपति चरना।
जाइ बिपिन लागीं तप करना।।
अति सुकुमार न तनु तप जोगू।
पति पद सुमिरि तजेउ सब भोगू।।
नित नव चरन उपज अनुरागा।
बिसरी देह तपहिं मनु लागा।।
सम्वत् सहस मूल फल खाये।
सागु खाइ सत बरष गँवाये।।
कछु दिन भोजन बारि बतासा।
किए कठिन कछु दिन उपवासा।।"

इस तप के तीन निम्नलिखित अङ्ग हैं—

१. चित्तवृत्ति का निरोध (सुमिरन), २. इंद्रियों का संयम (अभोग). ३. भोजन का क्रमिक परित्याग (उपवास)।

इस साधना के परिणाम स्वरूप मानव के सब मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं—"भए मनोरथ सुफल तव सुनु गिरिराज कुमारि।" और उसके शरीर में अखंड शक्ति, मन में अखंड आनंद और बुद्धि में अखंड ज्ञान का संचार होने लगता है, और जीवन-काल में सब प्रकार से शांति लाभ तथा शरीर छोड़ने पर उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

संक्षेप में मानस प्रतिपादित ऊपर बताये हुए दोनों मार्गों द्वारा (१) सुमिरन और भजन तथा (२) तप से मनुष्य के दुःख की आत्यंतिक निवृत्ति और सुख की उपलब्धि होती है और उसका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। तप के द्वारा मानव की व्यक्तिगत समस्यायें और सेवा से अभाव निवृत्ति के कारण सामूहिक समस्यायें हल हो जाती हैं और उसके जीवन में किसी तरह का कोई दुःख नहीं रह जाता। ★

भक्त की रीति

—डा. बलदेव प्रसाद मिश्र

प्रातः स्मरणीय गोस्वामी तुलसी दासजी ने एक दोहा लिखा है :—

"प्रीति राम सों, नीति पथ चलिय, राग रिस जीति।
तुलसी संतन के मतें इहै भगत की रीति ।"

इस दोहे के अनुसार भक्त की रीति अथवा भक्ति के पन्थ में तीन तत्वों पर जोर दिया गया है। पहिला तत्व है राम से प्रीति, दूसरा तत्व है नीतियुक्त व्यवहार और तीसरा तत्व है राग और रिस अर्थात् रागद्वेष या काम-क्रोध पर विजय। भक्ति की रीति में राम से प्रीति तो सब से अधिक आवश्यक तत्व होगा ही। अतएव उसका दर्जा पहिला है। परंतु गोस्वामी जी के राम न केवल अखण्ड अनन्त सच्चिदानंद हैं न केवल अगजगमय सब रहित विरागी हैं, किन्तु अखिल कल्याण गुण गणाकर और मर्यादा पुरुषोत्तम भी हैं। संपूर्ण सौंदर्य, चाहे वह बाहर का हो अर्थात् रूप संबंधी हो चाहे भीतर का हो अर्थात् गुण संबंधी हो या क्रिया संबंधी हो, उनमें पूर्णरूप से समाहित हैं। उनके रूप का इतना आकर्षण है कि " जिनहिं निरखि मग सांपिनि बीछी। तजहिं विसम विष तामस तीछी।।" प्रीति के लिये इससे बढ़कर और कौन सौंदर्य चाहिये। उनके गुण का इतना आकर्षण है कि 'बैरिहु राम बड़ाई करहीं।" संसार में जो भी कोई प्रिय या पूजनीय होता है वह जगदात्मा राम के नाते ही तो प्रिय या पूजनीय होता है, "पूजनीय प्रिय परम जहां ते। सब मानियहि राम के नाते।।" और यह निश्चय है कि संसार की जितनी उपादेय वस्तुएं हैं वे या तो प्रिय होंगी या पूज्य (श्रद्धास्पद) होंगी। उनकी यह उपादेयता उनमें विद्यमान जगदात्मतत्व के कारण ही है। वही तत्व तो गोस्वामी जी का राम है जिसकी बन्दना वेद " जय सगुण निर्गुण रूप रूप अनूप भूप शिरोमने" कहकर करते हैं। उन राम की प्रीति पर गोस्वामी जी का पहिला जोर है।

यों तो संसार के पदार्थों पर जो प्रीति रहती है वह भी प्रकारान्तर से राम ही की प्रीति है क्योंकि समग्र संसार ही राममय है परंतु हम संसार के पदार्थ का ध्यान करके उस प्रीति को उसी पदार्थ की सीमा में बांधकर उसकी व्यापकता भुला बैठते हैं इसी लिये कष्ट उठाते हैं। वह पदार्थ अनर्थकारी हो तब तो और भी बुरा है। नश्वर तो वह रहेगा ही क्योंकि संसार स्वतः नश्वर है। अतएव यदि किसी साकार को प्रीतिपात्र बनाना है तो वह ऐसा साकार तो हो जो अनश्वर हो, कल्याणकारी हो, जिसकी सीमाएं असीमता की ओर ले जाने वाली हों। गोस्वामी जी का दोहा " कामिहिं नारि पियारि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम। तिमि रघुनाथ निरन्तर प्रिय लागहु मोहि राम।।" इस दृष्टि से बड़ा महत्वपूर्ण है।

"राम से प्रीति" और "जगत् से प्रीति" को परस्पर विरोधी मानकर चलने में ही दुःख है। 'सियाराम मय सब जग जानी। करउं प्रनाम जोरि जुग पानी।।' की भावना में ही सुख है, सन्तोष है, आनंद है। पहिली बात तो यह है कि प्रीतिपात्र राम को जगत्-पदार्थ के रूप में नहीं किन्तु रामरूप में देखिये। दूसरी बात यह है कि उसकी इस या उस पदार्थ के रूपमें अर्थात् खंड खंड रूपमें नहीं किन्तु अखंड रूपमें देखिये। तभी आपको प्रियता अथवा भक्ति की परिपूर्णता का रस मिलेगा।

अब भक्त की रीति का दूसरा तत्व देखिये। नीतिपथ चलिय। आदेश है कि नीति के पथ पर ही चला जाय। नीति शब्द नय् धातु से संबंधित है। नीति वह प्रक्रिया हुई जो जीवन को विषमताओं की चट्टानों से बचाती हुई आगे बढ़ा ले चलती है। नीति का पथ है कल्याण का पथ, संरक्षण का पथ वास्तविक जीवनधारण का पथ। व्यापक अर्थ में वही है धर्म का पथ। और धर्म के संबंध में गोस्वामी जीने कहा है —" परहित सरिस धरमु नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।" अधमता और अधर्मता एक ही बात है। इसी प्रकार परसेवा और प्रभुसेवा को एक ही बात समझिये क्योंकि न तो पर कुछ प्रभु से बाहर की वस्तु है न सेवा कुछ हित से बाहर की वस्तु। वस्तुतः नीति के पथ में स्व और पर का भेद भी क्यों हो। परंतु जब तक यह भेद हमारे

विचारों में बना हुआ है हमें स्व में स्वार्थ की गंध और पर में परमार्थ की सुगन्ध का आभास देखते हुए परहितव्रत ही को नीतिपथ का सार समझना चाहिये।

नीति कोरमकोर वैदिक विषय नहीं है। उसका संबंध हमारे हृदय की उदात्त भावनाओं से है। सहृदयता, सहानुभूति, कारुण्य, परदुःख कातरता, सत्यप्रियता, अहिंसा, महत्पूजा, सुरुचिसंपन्नता, इत्यादि इत्यादि मनुष्य के ऐसे गुण हैं जो प्रायः जन्मजात होते और उसकी दैवी संपत्ति कहाते हैं। उनसे युक्त मनुष्य को नीति पथ पर चलने के लिये सोचना नहीं पड़ता। वह तो नीति पथ पर चलेगा ही। संसार की व्यवस्था नीतिपथ पर चलनेवालों के बल पर ही टिकी हुई है। सन्तों के लिये जिस प्रकार अध्यात्म प्रेम (प्रीति राम सों) स्वाभाविक है उसी प्रकार धर्माचरण (नीति पथ चलिय) स्वाभाविक है। परंतु प्रीति तो अन्तःकरण की भावना है जिसका नैरन्तर्य कांक्ष्य माना गया है, और नीति बाह्य आचरण से विशेष संबंधित है अतएव उसके आचरण की बात कही गई है। नीतिपथ चलिये कहा गया है। नीति पथ पर चलने का आदेश सा दिया गया है।

भक्त की रीति का तीसरा तत्व है रागरिस की जीत का। प्रत्येक जीव के साथ आकर्षण और विकर्षण अथवा राग और द्वेष जन्मजात है। गाय का बच्चा पैदा होते ही, बिना किसी के सिखाये हुए, थन की ओर आकृष्ट होगा और खाईं खन्दकों से अपने को हटाकर रखेगा। जबतक संसार है तब तक राग-द्वेष या राग-रिस न तो समूल नष्ट हो सकते हैं न इन्हें समूल नष्ट करने की आवश्यकता ही है। आवश्यकता इतनी ही है कि इनकी प्रवृत्तियों को पहिचान कर इनका उपयोग विवेक के साथ किया जाय। राग किन वस्तुओं पर किस दृष्टि से किस हद तक रहे और रिस किन वस्तुओं अथवा विचारों अथवा भावों पर किस दृष्टिसे किस हद तक रहे यह बताना विवेक का काम है। पाप से द्वेष हो किन्तु, पापी की अन्तरात्मा से राग हो, कामिनी और कांचन सरीखी वस्तुओं की आसक्ति से विरक्ति हो किन्तु उस आसक्ति के भीतर जो अनुरागतत्व है उसकी विशुद्धता और प्रभविष्णुता पर राग हो, यही राग-रिस का सम्यक् उपयोग समझिये। राग और द्वेष एक दूसरे के विरोधी भाव हैं। आप रागका विस्तार करते जाइये तो द्वेष की सीमाएं आपही आप दबती जायंगी। विश्व प्रेमी के लिये द्वेष का ठौर ही कहां रहता है। और, आप राग को केवल एक व्यक्ति पर इस प्रकार केंद्रित कर दीजिये कि वह विश्व प्रेम का अपवाद दिखाई पड़ने लगे तो आपके विपरीत द्वेष की सीमाएं बढ़ती ही चली जायंगी। आप संसार के वैरी हो जायंगे और संसार आपका वैरी हो जायगा। राम का राग यदि सीतापर केंद्रित हुआ, तो विश्वप्रेम का ही एक विशिष्ट अंग मानकर। रावण का राग यदि सीता पर केन्द्रित हुआ तो विश्वप्रेम की भावना को ताक पर रखकर अधर्म को प्रश्रय देकर, लोकमर्यादा को कुचल कर। इसी लिये राम के राग का विस्तार देखिये और रावण की रिस का विस्तार देखिये, राम की वन्दनीयता का विस्तार देखिये और रावण की निन्दनीयता का विस्तार देखिये। उपादेयता की ओर राग रहे और हेयताकी ओर रिस रहे तभी नीतिपथ पर चलना ठीक ढंग से हो सकता है। इसीलिये गोस्वामी जीने राग और रिस को नष्ट करने की बात न कहकर केवल इन्हें जीतने की बात कही है, इन्हें अपना वशवर्ती बना रखने की बात कही है और इन्हें वशवर्ती बनाकर नीतिपथ पर चलने की सलाह देने के उद्देश्य से ही "जीति" (अर्थात् जीतकर) क्रिया के इस रूप का प्रयोग किया है। रागरिस जीतकर नीति पथ पर चला जाय, यह गोस्वामी जी का अभिप्राय है।

राग रिस जीतना क्रियासाध्य भी है और कृपासाध्य भी। मनुष्य क्रियाशील प्राणी है। क्रिया ही के लिये वह इस संसार में जीवित है। क्रिया न करने का अर्थ है ईश्वरदत्त क्रिया-शक्तियों का निरादर। यह अपनी कृतघ्नता होगी। परंतु क्रिया में सिद्धि देना उस परमात्मा-उस राम के हाथ है जो संपूर्ण क्रियाओं का प्रेरणा-स्रोत है। यदि उस राम में प्रीति हुई तो रागरिस जीत लेना सहजसाध्य समझिये क्योंकि विश्वभर का राग उसकी प्रीति के अन्तर्भूत है ही और जहाँ राग का यह विस्तार है वहाँ द्वेष के लिये – रिस के लिये – स्थान ही कहां। राम प्रेमी के राग-रिस आप ही आप निखर उठेंगे इसमें कोई संदेह ही नहीं है।

अतएव भक्ति की रीति में सर्वप्रथम और सर्वश्रेष्ठ तत्व हुआ राम-प्रीति। इसका परिणाम होगा चित्त शुद्धि अर्थात् रागद्वेष विजय। इसका परिणाम होगा जगन्मङ्गल अर्थात् नीतिमय आचार। प्रीतिराम सों (करि), रागरस जीति, नीति पथ चलिय। संतों के मत से यहीं भक्त की रीति है।

विज्ञान और धर्म

–डॉ० मुंशीराम शर्मा

जब से मानव ने चन्द्र के धरातल पर पैर रक्खे हैं, तबसे कतिपय धार्मिक मान्यताओं को ठेस पहुँची है। वैज्ञानिक और उनके पक्षधर, जिन्हें धर्म में अभिरुचि नहीं है तथा जो धार्मिक विश्वासों को मिथ्या, रूढ़िग्रस्त और अनावश्यक समझते हैं, ऐसा कहने लगे हैं कि हिन्दू और मुसलमान चन्द्र को जो महत्व देते थे, वह निरर्थक सिद्ध हो गया। पौराणिकता चाहे ग्रीस की हो या अरब की, मिश्र की या रोमकी आज के वैज्ञानिक युग में मान्यता प्राप्त नहीं कर सकती। जिस मत का आधार वैज्ञानिक सिद्धियों के प्रतिकूल है, वह अमान्य है। मुसलमान जिस ईदके चाँद को देखकर त्यौहार मनाते हैं और हिन्दू स्त्रियाँ करवा चौथके दिन दिन भर व्रत रखकर रात्रिके लगभग ९ बजे उदय होते हुये चन्द्र को अर्घ्य देकर अपना व्रत समापन करती हैं, उसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। वह ढकोसला मात्र है। बुद्धि ऐसे ढकोसलों को स्वीकार नहीं कर सकती। आइये वैज्ञानिकों की इस तथ्यपरक नीतिपर विचार करें।

वैज्ञानिकों ने जो परीक्षण किये हैं, वे वस्तुगत हैं। उनकी परिधि शरीर या आकृति मात्र तक सीमित है। शरीर के भीतर जो मानसिकता का सूक्ष्म रूप है, उसकी ओर इन वैज्ञानिकों का ध्यान नहीं जाता है। मनोविज्ञान अपने को दार्शनिक क्षेत्र से निकालकर वैज्ञानिक क्षेत्र में रखने लगा है, मनकी गतिविधियों पर विचार करता है, परंतु भावना का जगत् उसकी भी पहुँच से परे है। वह उद्वेगों का निरूपण कर सकता है, सुख और दुख के कारणोंकी मीमांसा कर सकता है, जागरण और स्वप्न की दशाओं का विश्लेषण कर सकता है, परंतु भावभूमि उसके लिये अग्राह्य रहती है। विज्ञान की कई शाखायें हैं–यथा भौतिकी रसायन, जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भूविज्ञान, नक्षत्र विज्ञान आदि। अब राजनीति भी अपने को पोलिटिकल साइंस कहने लगी है। समाज शास्त्र के रूप में कतिपय सामाजिक विज्ञान (शोशल साइन्सेज) पनपने लगे हैं। इनका भी संबंध भावना जगत् से नहीं है। तो क्या भावना अपना अस्तित्व नहीं रखती? क्या उसका मानव विकास में कोई स्थान नहीं है? जिसे हम तत्त्व–दर्शन या मेटाफिजिक्स कहते हैं, विज्ञान का उससे कोई संबंध नहीं है? यद्यपि फिजिक्स या भौतिकी शब्द ही ऐसी स्थिति की ओर संकेत कर सकती है, जो भौतिकता से परे हो। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्सटाइन ने जिस विश्वास को वैज्ञानिक के लिये अपरिहार्य माना है, वह भौतिकता की सीमा से परे भी कुछ है, ऐसा संकेत देता रहा है। कैनेथवाकर जैसे कतिपय विद्वान कल्पना को भी वैज्ञानिक अन्वेषण में स्थान देने लगे हैं। विश्वास भावना पर अवलंबित है। कल्पना भी भावना की पोषक है। अतः भावना और कल्पना का जगत् वैज्ञानिकों को भले ही ढकोसला मात्र प्रतीत हो, उसका अस्तित्व अवश्य है और इस अस्तित्व ने मानवता को आगे बढ़ाया है, इसमें भी संदेह नहीं है। विज्ञान शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, तो भावना सूक्ष्म जगत् का आहार है और उसका परिष्कार-कर्ता भी।

लोकोक्ति है–"जैसा खाये अन्न वसा बने मन!" इसी के साथ में यह लोकोक्ति भी चलती है –"As a man thinketh so is he" अथवा "यो यच्छ्द्धः स एव सः" मनुष्य जैसा विचार करता है अथवा जैसी उसकी श्रद्धा होती है, वैसा ही वह बन जाता है। इतिहास इस मान्यता के उदाहरणों से भरा पड़ा है। इस्लाम मजहब विश्वास को ही महत्व देता है। ईसाई मतवाले तथा अन्य धार्मिक संप्रदाय भी विश्वास को जीवन-विकास के लिए आवश्यक मानते हैं। वैज्ञानिक इन्हें अंधविश्वास कह सकता है, लेकिन यह Blind believe (अंधविश्वास) भी किस प्रकार मानव तथा जातियों को उन्नत करता है, उन्हें समृद्धिशाली बनाता है, तेज और यश देता है, इसे इतिहास के तथ्यवादी स्वर्ण अक्षरों में आज भी पढ़ा जा सकता है।

सूर्य को लें। उसका वैज्ञानिक रूप भी है और दार्शनिक रूप भी है। अपने वैज्ञानिक रूप में वह अग्नि का दहकता हुआ गोला है जिसकी किरणें करोड़ों मील चल कर नाना लोक-लोकान्तरों को प्रकाश एवं ऊष्मा पहुँचाती हैं और जीवनी शक्ति की उत्पादिका एवं संव-

धिका बनती हैं। अपने दार्शनिक रूपमें वह किसी अन्य शक्ति के द्वारा प्रकाश ग्रहण करता है। जैसे सूर्य का प्रकाश चंद्र के माध्यम से हम सब पर प्रतिच्छायित होकर अपनी ऊष्मा का परित्याग कर देता है और हमारे मन के लिए आह्लादकारी सिद्ध होता है, वैसे ही कोई अनन्त जीवन-स्रोत है, प्रकाश का कोष है अथवा साक्षात प्रकाश स्वरूप है, जिसके प्रकाश से यह सूर्य प्रकाशित होता है और उस प्रकाश को हम तक पहुँचाता है। जो वीर चंद्रयान से चन्द्रमा में उतरे, उन्हें वहाँ से पृथ्वी भी वैसी ही चमकती दिखाई दी, जैसा हम सब चंद्रको यहाँ से देखते हैं। चंद्र स्वतः प्रकाश-रहित है। पृथ्वी भी प्रकाश-रहित है। संभव है कि सूर्य भी स्वतः प्रकाश-रहित हो। पर जैसे उस प्रकाश से अन्य ग्रह और उपग्रह प्रकाशित होते हैं, वैसे ही वह स्वयं भी दूसरे के प्रकाश से प्रकाशित हो सकता है। धार्मिक विश्वास ऐसा ही कहता है —

"तमेव भान्तमनुभाति सर्वां तस्य भासा सर्बमिदम् विभाति"

विज्ञान ने चंद्रलोक तक पहुँचा दिया, परंतु सूर्य अभी पहुँच से बहुत दूर है। संभव है, वहाँ पहुँच न भी हो सके। तब वैज्ञानिक को कौन बता सकेगा कि सूर्य अपना प्रकाश कहाँ से ग्रहण कर रहा है? दर्शन और विज्ञान की बात जाने दीजिए, मानवता के स्वरूप का आकलन कीजिए, तो आप देखेंगे कि सूर्य जैसे शरीर में प्राणों का संचार करता है, चंद्रमा वैसे ही मन को आह्लादित करता है। वैज्ञानिकों का चंद्र उन्हें गीली मिट्टी दे देगा जिसके कण हमारे वातावरण में आते ही बाष्प का रूप धारण करके उड़ जायंगे। वह अपनी चट्टानों से संभव है कुछ मोती भी दे सके; पर अनन्त काल से चन्द्र अपनी ज्योत्स्ना द्वारा मानव मनको जो आल्हाद देता आया है उसे कोई कैसे झुठला सकता है? अष्टमी और पूर्णिमा के चंद्र को देखते ही जड़ सागर के अन्दर लहरों का ज्वार उठ सकता है। यदि चेतन मानव के मन में भी उसे देखकर भावनाओं का सागर उमड़े तो वैज्ञानिक को उसपर क्यों आपत्ति करनी चाहिये?

यजुर्वेद का पुरुष सूक्त चंद्रमा को यज्ञ पुरुषके मनसे उत्पन्न कहता है। सूर्य की उत्पत्ति उसके अनुसार यज्ञ-पुरुष के चक्षु से है। चक्षु और सूर्य का सम्बन्ध वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं। मनका और चन्द्र का भी संबंध है इसे साहित्यिक अथवा कवि तो स्वीकार करते ही हैं, मनोविज्ञानी भी स्वीकार करेंगे। चन्द्र के धरातल की वैज्ञानिक प्रक्रिया चाहे जो भी हो, परंतु उसकी कौमुदी विश्व भर के लिये मोहनी बनी हुई है। औषधियों में वही रस का संचार करती है, प्रेम पुलकावली उसी के द्वारा उठकर न जाने कितने प्राणियों को तृप्ति प्रदान करती है। शुक्ल पक्ष में क्रमशः बढ़ती हुई वह कतिपय लताओं को पर्णदान देती है, तो कृष्णपक्ष में वह क्रमशः उन्हें पर्णविहीन भी करती जाती है। सूर्य दिन के समय पुष्पों में रंग भरता है, जो मानव मन पर अपने आकर्षणक का जादू डालता रहता है, तो संध्या के समय उन्हें फीका भी कर देता है। चन्द्र रात्रि के समय चकोर को जहां आप्यायित करता है, वहां चकवा-चकवी को वियुक्त भी करता है। सुख-दुख की मीमांसा मनोवैज्ञानिक क्षेत्र के अन्तर्गत है, पर मन किसी वस्तु की अनुकूलता और प्रतिकूलता का वरण क्यों करता है इसे वैज्ञानिक नहीं बता सकेगा। समस्त वैज्ञानिक विश्लेषण के उपरान्त भी यदि भावना का जगत अविख्यात रहता है, तो इसमें किसका दोष है? चन्द्र मन को अथवा सूक्ष्म जगत् को अपनी चाँदनी द्वारा प्रभावित करता है और प्रभावित करता रहेगा, इसका प्रत्याख्यान कोई भी वैज्ञानिक नहीं कर सकता।

विज्ञान का क्षेत्र धर्म क्षेत्र से भिन्न है। एकका आधार बुद्धि है तो दूसरे का आधार विश्वास है। एक वस्तु-परीक्षण करेगा तो दूसरा भाव-परक विधाओं का विन्यास। मानव को दोनों की आवश्यकता है। उसे बुद्धि द्वारा भौतिक जगत् में प्रगति करनी है, तो धर्म द्वारा आत्मोत्थान भी करना है। एक अभ्युदय का संपादन करता है तो दूसरा निःश्रेयस की सिद्धि। वैसे धर्म व्यापक है; वह विज्ञान को भी अपने गर्भ में धारण किये हुये है। यदि विज्ञान भी धर्म को साथ लेकर चले, तो सोने में सुहागे की कहावत चरितार्थ होने लगेगी।

एशिया में राम कथा-प्रसार

—श्री उदयनारायण सिंह

मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चरित प्राचीनकाल से भारतीय जन-मानस में रमा हुआ है। शताब्दियों से वह जनता के लिए सतपथ तथा सदाचार पर दृढ़ रहने की प्रेरणा प्रदान करता रहा है। सती साध्वी सीता भी नारी समाज के लिए आदर्श महिला के रूप में पूज्य हैं। भारत के विभिन्न भागों में राम और सीता के जीवन से सम्बन्धित घटनाएँ चिरकाल से ही जनमन-रंजन के साथ आदर्श जीवन व्यतीत करने का एक महान एवं पुनीत संदेश देती आ रही हैं। संस्कृत से लेकर हिन्दी तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं के कवियों एवं लेखकों ने अपनी रचनाओं में राम और सीता का यशोगान किया है। राम तथा सीता जैसे लोकप्रिय आदर्श व्यक्तियों के बारे में अपनी रचना करके न केवल उन्होंने अमर साहित्य की ही सृष्टि की है वरन् वे स्वतः अमर हो गये। वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास, केशवदास तथा अन्य कवि आज इसलिए जनता में श्रेय एवं प्रेय हैं कि उन्होंने अपनी रचना का आधार एक ऐसे महापुरुष की जीवन-गाथा को बनाया जो स्वतः काफी लोकप्रिय है। ऐसे सुप्रसिद्ध तथा लोकप्रिय महामानव राम की जीवन-गाथा को अपने देश की सीमाओं तक बाँध सकना असम्भव था। इन का आदर्श चरित श्रीलंका, वर्मा, इंदोनेशिया, चीन नेपाल जैसे एशियाई देशों में भी फैल गया। राम और सीता के जीवन तथा उनके आदर्शों को भगवान बुद्ध के सिद्धातों की तरह प्रसारित अथवा प्रचलित करने के लिए भिक्षु-भिक्षुणियों की आवश्यकता नहीं पड़ी। उनकी कीर्ति ही ऐसी थी जो श्रवणमात्र से सर्वदा के लिए जनता के मन-पटल पर अंकित हो जाती थी। एशियाई देशों की जनता आज भी न केवल उनकी गाथा के श्रवण मात्र से संतोष करती है वरन उनकी लीलाओं को नाटक के रूप में अभिनीत कर उससे प्रेरणा भी प्राप्त करती है।

नेपाल तथा तिब्बत

तिब्बत तथा नेपाल भारत के निकटतम पड़ोसी देश हैं। इनकी सीमाएँ भारत से मिली हुई हैं। अतः यह स्वाभाविक है कि भारत में घटित घटनाओं का प्रभाव इन देशों पर पड़े। तिब्बत में रामकथा का प्रचलन आठवीं तथा नवीं शताब्दी से अवश्य हो गया था क्योंकि इस काल की तिब्बती रामायण की हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध होती हैं। नेपाल में तो संभवतः इससे भी पूर्व रामकथा जनता में लोकप्रिय हो गयी होगी। नेपाल में विजयादशमी का विशेष महत्व है। यह पर्व वहाँ राष्ट्रीय समारोह के रूप में मनाया जाता है। रामकथा वहाँ यथेष्ट लोकप्रिय है। तिब्बती रामायण के अनुसार राजा दशरथ की दो पत्नियाँ थीं, जिनमें ज्येष्ठ से लक्ष्मण पैदा हुए थे। राजा दशरथ ने इन्हीं को राजा बनाकर संन्यास ले लिया। इसमें सीता हरण भी होता है लेकिन रावण सीता का अंग तक स्पर्श नहीं करता। लव-कुश का जन्म भी सीता को राम द्वारा त्याग देने से पूर्व होता है।

श्री लंका

रामकथा से श्रीलंका का प्रत्यक्ष सम्बन्ध रहा है। अतः यह स्वाभाबिक है कि यहाँ भी वह किसी न किसी रूप में जरूर प्रचलित हो। यहाँ की जनता में प्रचलित कथानक के अनुसार बालि श्रीलंका दहन के पश्चात सीता को राम के पास पहुँचा देता है। रावण का चित्र रखने के कारण राम ने सीता का त्याग किया था। यहाँ की रामायण के अनुसार सीता पुत्रों के लव-कुश को बाल्मीकीने कमल तथा कुश रख कर पैदा किया था। सिंहली भाषामें यहाँ "रामायण पद्मचरित" नामक एक पुस्तक है, जिसमें वर्णित रामकथा का आधार जैन रामायण है।

बर्मा

बर्मा की सीमा यद्यपि भारत से मिली हुई है लेकिन यहाँ १८ वीं शताब्दी में रामकथा का विकास हुआ। यहाँ यह 'राममत' के नाम से प्रसिद्ध है और यहाँ की जनता वर्तमान समय में इस कथा को 'यामप्वे' कहकर संबोधित करती हैं। प्रचलित कथा के अनुसार सीता हरण यहाँ के अभिनय का एक प्रिय विषय है। जनता आज भी नाटक के रूप में राम की लीलाओं का स्मरण करती है।

मलय तथा हिन्दचीन

मलय तथा हिन्दचीन के साथ भारत का सम्बन्ध प्रथम शताब्दी के लगभग हो गया था। हिंदचीन स्थित कम्बोडिया (कम्बुज) के अंगकोरवाट नामक मंदिर के एक भाग में रामायण के चित्र अंकित हैं जिससे रामलीला का दिग्दर्शन होता है। इस मंदिर का निर्माण सन १९१३ ईसवी के लगभग राजा जयवर्मा पंचम ने किया था। इसके शिलापदों पर श्री राम-जन्म, सीता-स्वयंवर, वनवास, अपहरण, रावण युद्ध आदि की घटना को बड़ी सुन्दरता के साथ चित्रित किया गया है। यद्यपि यहाँ प्रथम शताब्दी में ही भारतीय बस्ती कायम हो गयी थी, लेकिन रामायण का प्रचार सातवीं शताब्दी में होने का उल्लेख मिलता है। इस काल के मंदिर में वाल्मीकि की एक प्रतिमा मिलती है। कम्बोडिया की भाषा खमेर मेँ लिखित, रे राम केर (राम कीर्ति) रामायण मिलती है। इसके अनुसार सीता जनक की दत्तक पुत्री हैं। कथा मामूली हेर-फेरके साथ यहाँ प्रचलित है। अनाम राज्य में प्राप्त रामायण की कथा वाल्मीकि रामायण पर आधारित है।

मलय की रामायण में भी राम-सीता तथा रावण के चरित्रचित्रण अंकित है। यहाँ सन १९३३ ईसवी की एक हस्तलिखित पुस्तक में राम-सीता तथा रावण का जीवन दिया गया है। इसमें कतिपय मनगढ़ंत बातें भी दी गयी हैं जैसे रावण मंदोदरी के गर्भ से पैदा हुआ था। यहाँ राम से संबंधित 'हिकायतसे री' पुस्तक मिलती है, जिससे पता चलता है कि यहाँ की जनता राम के प्रति कितनी श्रद्धा रखती है।

इन्दोनेशिया

सुमात्रा, जावा, बोर्नियो आदि अनेक द्वीपों को सम्मिलित कर इंदोनेशिया की रचना हुई है। पहले ये द्वीप एक ही केन्द्रीय प्रशासन के अन्तर्गत नहीं थे। इस सम्पूर्ण भाग में हिन्दू संस्कृति का पूरा प्रभाव दिखायी पड़ता है। सन् १९५० में प्राप्त जावा के एक शिलालेख में राम और कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला गया है। जावा में नवीं शताब्दी के हिन्दू शिलालेख मिले हैं। यहाँ के मन्दिरों की दीवालों पर रामायण की कथा अंकित है। यहाँ की राम-कथा वाल्मीकि रामायण पर आधारित है। जावा की रामायण में राम के राज्याभिषेक से लेकर दशरथ की पुत्री शांता तक का जिक्र मिलता है, जो भारत में प्रचलित राम-कथा में नहीं है। मध्य जावा स्थित 'परम वन' नामक स्थान पर एक शिव मंदिर है, उस पर भी राम-कथा अंकित है। यहाँ पर ब्रह्मा और विष्णु के मंदिर हैं। यहाँ की राम सम्बन्धी साहित्यिक रचना बारहवीं शताब्दी की है, जिसके प्रणेता योगीश्वर कवि हैं। इसका नाम "रामायण का काविन" है। इस रामायण में भी कुछ ऐसी बातें मिलती हैं जो भारतीय रामकथा से भिन्न हैं। बताया जाता है कि जावा (यव) द्वीप में रामायण का अनुवाद पाँचवीं शताब्दी में हो गया था।

बाली में भारतीय प्राचीन संस्कृति के वास्तविक रूप में हमें दर्शन होते हैं। यहाँ की रामायण में राम की मृत्यु के पश्चात उनके वंशजों का भी उल्लेख किया गया है। राम ने भी अपनी वृद्धावस्था में वानप्रस्थ आश्रम ग्रहण कर लिया। जावा तथा पीली आदि में हमारे देश के समान रामलीला का आयोजन नहीं किया जाता है। यहाँ का 'रियाय कियारा' नामक एक ग्रंथ है, जिसमें राम की कथाओं का वर्णन है। इस तरह यहाँ रामायण के दो भिन्न रूप मिलते हैं। प्रथम वाल्मीकि पर आधारित तथा द्वितीय उससे कुछ भिन्न।

थाइलैंड

किसी समय स्याम अथवा थाइलैंण्ड में रामायण का काफी प्रचार था। बताया जाता हैकि सन् ११६७ के लगभग बर्मा का कोई राजा थाइलैण्ड पर विजय करके जिन लोगों को दासभाव से बर्मा लाया उन्होंने थाइलन्ड में सीखे राम-चरित का अभिनय किया था। इससे मालूम होता है कि थाइलैंड में भी रामायण का प्रचार पहले से हो चुका था। यहाँ की रामायण को 'रामकियेन' कहते हैं जो अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्धमें दो भिन्न-भिन्न संस्करणों में प्रकाशित हो चुकी है। यहाँ की रामायण के अनुसार राम-कथा में जो परिवर्त्तन हुआ है वह तो हुआ ही है सब से विचित्रता यह है कि इसके हनुमान वीर तथा साहसी न रहकर प्रेम व्यापार में संलग्न रहनेवाले हैं। अन्य स्त्रियों के साथ वे मन्दोदरी का भी आलिंगन करते हैं। इसके अतिरिक्त १६ वीं शताब्दी में लाओ भाषामें 'रामजातक' नामक रामायण की रचना की गयी। इसके अनुसार राम ने सीता की खोज करते समय दो और विवाह कर लिये। इसी तरह की कतिपय अप्रासांगिक बातें कही गयी हैं। थाइलैंडकी प्राचीन राजधानी पुरुलिया का नाम किसी समय अयोध्या भी था, जिससे वहाँ की जनतामें हिंदू संस्कृति के प्रचार होने का पता चलता है।

चीन और मंगोलियां

तिब्बत के निकट होने के कारण प्राचीन समय में मंगोलिया और चीन में भी बौद्धधर्म का प्रचार एवं प्रसार यहीं से हुआ। बताया जाता है कि तीसरी शताब्दी में बौद्धग्रंथ 'अनामक जातकम्' का भी चीनी भाषा में अनुवाद हो गया है। बौद्धोंके दूसरे जातक 'दशरथ जातकम्' का भी चीनी भाषा में अनुवाद हो गया है। इसमें राम और लक्ष्मण का तो उल्लेख है किन्तु राम की पत्नी सीता का बिलकुल उल्लेख नहीं है। बताया जाता है कि चीनी यात्री ह्वेनसांगने भी रामायण की कथा का चीनी भाषा में अनुवाद किया था।

अन्य देशों की भाषाओं के अतिरिक्त रामायण का जापान, ईरान, मालद्वीप तथा अफगानिस्तान की भाषाओं में भी अनुवाद हो चुका है और वहाँ की जनता में रामकथा किसी न किसी रूप में अवश्य प्रचलित है। वर्त्तमान समय में तो विश्व की प्रायः सभी समुन्नत भाषाओं में रामायण के अनुवाद हो चुके हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भारत के अतिरिक्त एशिया के अन्य देशों में रामकथा का वर्णन किसी न किसी रूप में जरूर मिलता है। जिस प्रकार हमारे लोकगीतों में रामकथा को जनता ने अपनी इच्छा के अनुसार परिवर्तित एवं संशोधित कर अपने जीवन के निकट बनाया है उसी प्रकार इन देशोंकी जनता ने भी इसमें परिवर्त्तन किया है। वहाँ की जनता ने इस कथा में कतिपय ऐसी बातों को भी सम्मिलिति कर दिया है जो श्रवण मात्र से ही हास्यास्पद सी प्रतीत होती है। जो भी हो, इतनी बात तो स्पष्ट है कि उन्होंने सहृदयता के साथ रामकथा को देश और सीमाओं से परे समझकर अपनाया है। यह स्वतः राम की अलौकिकता को प्रकट करता है।

रामायण के जीवनोपयोगी सिद्धान्तों को सरल रूप में, कथा कहानियों के रूप में बताने बाली मासिक पत्रिका "**बाल जगत**" अपने बच्चों को अवश्य पढ़ावें। वार्षिक मूल्य—सात रुपये।

प्राप्ति स्थान : – **मानस साधना मण्डल,** डी–१२।४, राजेन्द्रनगर, लखनऊ-४

राम नाम

—महात्मा गांधी

इन्सान को सताने वाली हर तरह की बीमारियों के लिये अकेले राम नाम को ही रामबाण इलाज बनाया जा सकता है। इसकी पहली शर्त तो यह है कि राम-नाम दिल के अन्दरसे निकलना चाहिये। लेकिन इसका मतलब क्या? लोग अपनी जिस्मानी बीमारियोंका इलाज खोजनेके लिए दुनियाके आखिरी छोर तक जानेसे भी नहीं थकते, जबकि मन और आत्माको बीमारियोंके मुकाबले ये जिस्मानी बीमारियां बहुत कम अहमियत रखती हैं। उन्होंने कहा "मनुष्यका भौतिक शरीर तो आखिर एक दिन मिटने वाला ही है। उसका स्वभाव ही है कि वह हमेशाके लिए रह ही नहीं सकता। ऐसा समझकर अपने अन्दर रहनेवाली अमर आत्माको रखने वाला आदमी अपने शरीरको ऐसे झूठे लाड़ नहीं लड़ायेगा, बल्कि उसे ईश्वरकी सेवा करने का एक जरिया भर समझेगा। उसको इस तरह का माकूल जरिया बनाने के लिए रामनामसे बढ़कर दूसरी कोई चीज नहीं। राम नामको हृदयमें अंकित करनेके लिए अनन्त धीरजकी, बे-इन्तिहा सब्रकी जरूरत है। इसमें जुगके जुग लग सकते हैं, लेकिन यह कोशिश करने जैसी हैं। इसमें कामयाबी भी भगवानकी कृपासे ही मिल सकती है।

जब तक आदमी अपने अन्दर और बाहर सच्चाई, ईमानदारी और पाकीजगी या पवित्रताके गुणोंको नहीं बढ़ाता, उसके दिलसे राम नाम नहीं निकल सकता। हम लोग रोज शामकी प्रार्थनामें स्थितप्रज्ञका यानी साबित अक्ल इन्सानका बयान करनेवाले श्लोक पढ़ते हैं। हममें से हर एक आदमी साबित–अक्ल या स्थित-प्रज्ञ बन सकता है, बशर्ते कि वह अपनी इंद्रियोंको अपने काबूमें रखे और जीवनको सेवामय बनाने के लिए ही खाये, पीये और मौज शौक या हंसी-विनोद करे। मस-लन अगर अपने विचारोंपर आपका कोई काबू नहीं है और अगर आप एक तंग अंधेरी कोठरीमें उसकी तमाम खिड़कियां और दरवाजे बन्द करके सोने में कोई हर्ज नहीं महसूस करते और गंदी हवा लेते हैं या गन्दा पानी पीते हैं, तो मैं कहूंगा कि आपका रामनाम लेना बेकार है।

लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि चूंकि आप जितने चाहिये उतने पवित्र नहीं हैं, इसलिये आपको राम नाम लेना छोड़ देना चाहिए। क्योंकि पवित्रता या पाकीजगी हासिल करने के लिए भी रामनाम लेना मुफीद है। जो आदमी दिलसे रामनाम लेता है, वह आसानी से अपने आप पर काबू रख सकता है और 'डिसिप्लिन' या अनुशासनमें रह सकता है। उसके लिए तन्दुरुस्ती और सफाईके कानूनोंका पालन करना सहल हो जायेगा। उसकी जिंदगी सहज भावसे बीत सकेगी, उसमें कोई विषमता न होगी। वह किसीको सताना या दुख पहुं-चाना पसंदनहीं करेगा। दूसरोंके दुखों को मिटाने के लिए, उन्हें राहत पहुंचानेके लिए, खुद तकलीफ उठा लेना उसकी आदतमें आ जायगा और उसको हमेशा के लिए एक अमिट सुखका लाभ मिलेगा, उसका मन एक शाश्वत और अमर सुखसे भर जायगा। इसलिए मैं कहता हूं कि आप लगे रहिये और जब तक काम करते हैं, तब तक सारा समय मन ही में राम नाम लेते रहिए। इस तरह करने से एक दिन ऐसा भी आयेगा कि जब राम-नाम आपका सोते जागते साथी बन जायेगा और उस हालत में आप ईश्वरकी कृपासे तन-मन और आत्मा से पूरे पूरे स्वस्थ और तन्दुरुस्त बन जायेंगे।"

गांधी मुस्करा रहा

कौन मुस्करा रहा ?
मौन मुस्करा रहा, लेखनी चला रहा,
एक नये रंगकी रंगत दिखा रहा ।
शब्द ढंढ़–ढूंढ़ कर भावके भरे हुए
गीतकी लड़ी–लड़ी, कड़ी–कड़ी सजा रहा ।।

प्रेम–वारुणि पिये, ज्ञान का दिया लिये;
इस अंधेरी रातमें रास्ता दिखा रहा ।
साहसी किसान सा, देशके निशान सा;
गगन चूमता हुआ, खूब झूमता हुआ;
हाथ में कपास लिए चरखा चला रहा ।।

दोनों हाथ जोड़कर, भेद–भाव छोड़कर;
नम्रता लिये हुए, पुष्प-सा खिले हुए;
मन्द–मन्द भावमें सुगन्ध बिखरा रहा ।
मिट्टी के मकान में, ज्ञान की दूकान में;
खादी की दूकान पर, गांधी मुस्करा रहा ।।

–रामनाथ द्विवेदी 'स्वजन'

मानस में साधना का स्वरूप

--डॉ. चन्द्रदीप सिंह

मानव जीवन में साधना की आवश्यकता अपने साध्य की उपलब्धि के लिये ही होती है। साध्य मनुष्य की मंज़िल है और साधना उसका मार्ग। अपने साध्य अर्थात् लक्ष्य की प्राप्ति के लिये जो साधना अपनाता है उसे साधक कहते हैं और साध्य की प्राप्ति अर्थात् उसकी सिद्धि हो जाने पर वह व्यक्ति सिद्ध कहलाता है। इस पृष्ठभूमि में श्री राम चरितमानस में प्रतिपादित साधना पर कुछ विचार करने के लिये यह नितान्त आवश्यक है कि हम सबसे पहले मानस के साध्य और साधन से भली भाँति परिचित हों। कारण साध्य और साधन का घनिष्ट संबंध है। साध्य को जाने बिना साधना निर्धारित नहीं की जा सकती और सही साधना को अपनाये बिना मनुष्य को अपने साध्य की प्राप्ति नहीं हो पाती।

इस बात से प्रायः सभी सहमत होंगे कि मानस का साध्य तो उसका प्रतिपाद्य विषय ही हो सकता है और खोज करने पर निम्नलिखित पंक्तियों से यह पता चलता है कि श्रीराम चरित मानस का प्रतिपाद्य विषय भगवान राम ही हैं :–

" येहि महँ आदि मध्य अवसाना।
प्रभु प्रतिपाद्य राम भगवाना ॥ "

यह विदित होने पर भी कि मानस में भगवान राम ही प्रतिपादित हैं हमें यह जानना शेष रह जाता है कि भगवान राम कौन हैं और उनका स्वरूप क्या है? इसका रहस्योद्घाटन तो निम्नलिखित पंक्तियों से ही संभव है :–

"राम सच्चिदानंद दिनेसा। नहिं तहँ मोह निसा लवलेसा॥
सहज प्रकाश रूप भगवाना। नहिं तहँ पुनि विज्ञान विहाना॥"

उपरोक्त पंक्तियों से स्पष्ट होता है कि मानस के भगवान अखंड शक्ति ज्ञान और आनंद के श्रोत हैं। मानस के इस राम के सच्चे स्वरूप की पहिचान तो निम्नलिखित उद्धरणों से की जा सकती है :–

"राम स्वरूप तुम्हार बचन अगोचर बुद्धि पर
राम ब्रह्म चिन्मय अबिनासी। सर्ब रहित सब उर पुर बासी॥
प्रकृति पार प्रभु सब उर बासी "

इस तरह यह तथ्य प्रकट होता है कि जिस राम की चर्चा मानस में की गई है वह सब में रमा रहने के साथ सबसे परे भी है और सच पूछिये तो राम का शाब्दिक अर्थ भी तो यही है – जो सबमें रमा हो वही राम है – इससे यह विदित होता है कि उस प्रेरक तथा व्यापक दैवी सत्ता को ही गोस्वामी तुलसीदास ने अपने इष्ट देव अर्थात् श्री राम के रूप में प्रतिपादित किया है।

इस वैज्ञानिक विवेचन के द्वारा यह निष्कर्ष निकलता है कि मानस के साध्य राम हैं (जो शक्ति, ज्ञान तथा आनन्द के श्रोत हैं) और वे उस सत्ता के प्रतीक हैं जो चराचर में व्याप्त ही नहीं है बल्कि सब की प्रेरक भी है। अतः मानस के अध्ययन का उद्देश्य उसके साध्य (श्री राम) की प्राप्ति अर्थात् अपने जीवन में अखंड शक्ति, अखंड ज्ञान और अखंड आनंद की अनुभूति ही है। परंतु अपना निश्चित लक्ष्य, उद्देश्य अथवा साध्य का पता लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसकी उपलब्धि करना इससे ज्यादा ज़रूरी है और यह तभी संभव हो सकता है जब कि हमें उस मंज़िल का सही मार्ग मालूम हो। इसलिये साध्य और उसकी साधना की सही जानकारी के बिना मनुष्य को सिद्धि नहीं मिल सकती। मानस के साध्य की सिद्धि किस प्रकार संभव है अर्थात् वह कौन सा मार्ग है जिससे मनुष्य उस साध्य को अपने जीवन में प्राप्त कर सकता है यदि इस दृष्टिकोण से आप तुलसीदास के रामायण का अध्ययन करें तो उस पुस्तक की प्रारंभिक पंक्तियों में आप को इन शब्दों द्वारा स्पष्ट संकेत मिल जायेगा :—

"भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तःस्थमश्वीरम्॥

जिसका अर्थ यही है कि साधक को भवानी और शंकर (जो क्रमशः श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक हैं)

का सहारा लिये बिना अपने अन्त:करण में स्थित ईश्वर (अखंड शक्ति, ज्ञान और आनंद के स्वरूप) सत्यं शिवं सुन्दरम् की अनुभूति नहीं हो सकती । इससे यह विदित होता है कि भवानी और शंकर अर्थात् श्रद्धा और विश्वास या विचार और भावना या धारणा और मान्यता पर ही वह साधना आधारित है जिससे मानस के साध्य (श्री राम) जिन्हें शक्ति, ज्ञान और आनंद के रूप में प्रतिपादित किया गया है, की सिद्धि संभव है । इस तथ्य से जहाँ एक ओर मानस की सही साधना का संकेत है वहीं पर दूसरी ओर यह बात भी स्पष्ट हो जाती है कि मानस की साधना कोई क्रिया प्रधान साधना नहीं है उसका तो सीधा संबंध श्रद्धा (विचार) और विश्वास (भावना) अर्थात् मनुष्य की धारणा और मान्यता या दूसरे शब्दों में उसकी बुद्धि और हृदय से ही है। मानस की साधना के द्वारा मनुष्य को अपनी अवांछित अनुभूति में परिवर्तन लाने के लिये केवल अपनी वर्तमान धारणा और मान्यता में ही सत्संग एवं सम्वाद से परिवर्तन लाना होता है क्योंकि धारणा की भ्रान्ति और मान्यता भी अपूर्णता ही उसके दुःख अथवा अवांछित अनुभव के मूल कारण हैं।

किसी भी व्यक्ति की धारणा की भ्रान्ति या उसकी मान्यता की अपूर्णता तभी दूर हो सकती है जब उसकी वर्तमान् धारणा या मान्यता पर आधारित सभी शंकायें दूर हो जायँ और यह तभी संभव है जब वह खुले हृदय और सच्चे जिज्ञासु की भावना से किसी श्रेष्ठ पुरुष के साथ सम्वाद (बातचीत) करके अपनी शंकायें दूर करके अपनी धारणा और मान्यता में परिवर्तन लाये और तदनुकूल साधन-प्रणाली अपनाकर सही अनुभूति प्राप्त करे। कारण धारणा और मान्यता के परिवर्तन द्वारा ही मनुष्य की क्रिया में स्थायी परिवर्तन आ सकता है और इसके फलस्वरूप उसके जीवन में वांछित अनुभूति प्राप्त हो सकती है। इसी तथ्य के आधार पर गोस्वामीजी श्री राचरितमानस को सम्वाद का वह ग्रन्थ मानते हैं जिसमें सब प्रकार के दुःखों को दूर कर मनुष्य के जीवन को सुखमय बनाने की क्षमता है जैसा कि निम्नलिखित पंक्तियों से स्पष्ट है :—

'यह सुभ संभु उमा संबादा । सुख संपादन समन बिषादा ।।'

मनुष्य भावना एवं विचार प्रधान प्राणी है जिसकी क्रियाओं का आधार उसकी भावना और विचार ही हैं और बिना सम्वाद (बातचीत) के मनुष्य की धारणा या मान्यता में परिवर्त्तन संभव नहीं है। शायद यही कारण है कि प्रायः हिन्दुओं के धर्म-ग्रन्थों, विशेषकर गीता और मानस की रचना सम्वाद के रूप में ही की गई है जिनमें श्रोता के जीवन की ज्वलन्त समस्या का समाधान वक्ता से विस्तृत बातचीत (सम्वाद) द्वारा ही किया गया है और यह सम्वाद उस समय तक दोनों में चलता रहता है जब तक श्रोता की सभी शंकायें दूर नहीं हो जातीं और उसकी धारणा और मान्यता में आमूल परिवर्तन नहीं हो जाता । मानस के बालकाण्ड में ही हम देखते हैं कि कुंभज ऋषि के आश्रम में जो सत्संग हुआ उसमें सती को आनंद नहीं आया क्योंकि उनकी यह धारणा थी कि चराचर में व्याप्त सत्ता का मानव के रूप में अवतरण नहीं हो सकता :—

''ब्रह्म जो व्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद ।
सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद ।।''

अपनी वर्त्तमान धारणा और मान्यता में इस प्रकार के संदेह के द्वारा ही सती की साधना का श्रीगणेश हो पाया जिससे उनकी धारणा बदल सकी और अन्ततोगत्वा उनके जीवन की अनुभूति में भी परिवर्तन संभव हो सका । इसी प्रकार हम श्री मद्भागवद्गीता में देखते हैं कि अर्जुन के जीवन की समस्या का भी समुचित समाधान श्रीकृष्ण से विस्तृत बातचीत द्वारा ही संभव हो पाया है। जिस धारणा और मान्यता के आधार पर अर्जुन रण से विमुख होकर निष्क्रिय हो गए थे भगवान् श्रीकृष्ण से प्रश्नोत्तर द्वारा सही बात समझ लेने के पश्चात् उसी अर्जुन की धारणा और मान्यता में आमूल परिवर्तन हो गया और वे पुनः क्रियाशील हो उठे ।

आज का मानव भोजन से जीवनीशक्ति, पुस्तकों से ज्ञान और पैसे से आनन्द की प्राप्ति मानकर ही सुबह से शाम तक भोजन, अध्ययन और धन के संग्रह पर बल देता है जब कि वास्तविकता यह है कि शक्ति, ज्ञान और आनन्द के स्रोत एकमात्र भगवान् ही हैं और वे प्रत्येक प्राणी में विद्यमान हैं :—

''व्यापकु एकु ब्रह्म अबिनासी । सत चेतन घन आनंद रासी ।।''

परन्तु इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि मनुष्य के जीवन में भोजन, अध्ययन और धन की आवश्यकता ही नहीं है। सच तो यह है कि भोजन मनुष्य के शरीर के

पोषण के लिये, धन सांसारिक साधनों को जुटाने के लिये तथा पुस्तकों का अध्ययन हर प्रकार की सूचनायें प्राप्त करने के लिये नितान्त आवश्यक हैं। इस मूल तथ्य को जब तक मनुष्य अपने दिल और दिमाग में भली भाँति नहीं बैठा लेता तब तक कोरी क्रिया में परिवर्तन लाने से उसके जीवन की अनुभूति में वाँछित और स्थायी परिवर्तन लाना संभव नहीं हो सकता। जो मनुष्य इस बात को जानकर अपनी धारणा और मान्यता बदल सकेगा उसकी क्रिया में उसके विचारों के अनुरूप स्वत: परिवर्तन होने लगेगा क्योंकि क्रिया तो मनुष्य के विचारों की चेरी है। वस्तुत: मनुष्य के विचार ही उसको क्रिया करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं और जैसे उसके विचार होंगे वैसी ही क्रिया करने के लिये वह मजबूर हो जायेगा। सच तो यह है कि अपने विचारों के अनुकूल क्रिया किये बिना मनुष्य रह ही नहीं सकता। कारण क्रिया का उसके विचारों से पृथक अस्तित्व ही नहीं होता। चूंकि आज का मनुष्य भोजन, धन और अध्ययन से क्रमश: शक्ति, आनन्द और ज्ञान का संबंध मानता है इसीलिये वह शक्ति के लिये भोजन, आनन्द के लिये धन और ज्ञान के लिये पुस्तकों का सहारा पकड़े हुए है।

जो व्यक्ति भोजन से शक्ति का संबंध मानेगा वह निश्चय ही श्रम के पूर्व ही भोजन की तलाश करेगा क्योंकि श्रम के लिये शक्ति की जरूरत होती है परन्तु जो भोजन को केवल शरीर के पोषण के लिये आवश्यक समझेगा वह श्रम के पहले पौष्टिक भोजन करने भी सोच भी न सकेगा। यही साधक और विषयी के विचारों में बुनियादी अन्तर है जिससे प्रत्यक्षत: समान क्रिया होते हुए भी दोनों के जीवन की अनुभूति में ज़मीन – आसमान का अन्तर हो जाता है। वस्तुत: साधक और विषयी की क्रियाओं में कोई विशेष अन्तर नहीं होता। विषयी भोजन करता है, धन कमाता है, खर्च करता है और पुस्तकें पढ़ता है और साधक भी प्राय: यही करता है परन्तु वास्तविक अन्तर तो दोनों के विचारों में ही होता है। एक ओर जहाँ विषयी शक्ति के लिये भोजन का सहारा लेता है, आनन्द के लिये धन संग्रह करता है और ज्ञान के लिये अध्ययनशील होता है, वहीं पर दूसरी ओर साधक भोजन को अपने शरीर का पोषक तत्व मानकर श्रम के बाद पौष्टिक भोजन करता है, पैसों को वह सांसारिक वस्तुओं को क्रय करने का साधन मानकर धन अर्जित करता है और उसे दिल खोलकर उचित रूप से खर्च भी करता है और पुस्तकों को वह सूचनाओं का साधन मानकर अपने जीवन को सफल बनाने के लिये उन्हें पढ़ कर हर प्रकार की जानकारी प्राप्त करने की चेष्टा करता है। इसके अतिरिक्त साधक यह भी अच्छी तरह समझता है कि उसके भगवान् प्रकृति के पार और सब में व्याप्त हैं इसलिये वह उनसे संस्पर्श प्राप्त करने के लिये कुछ देर तक उनकी याद में अपने को भूलने की कोशिश करता है अर्थात् वह प्रकृति के पार जाने की चेष्टा करता है (इसी क्रिया को मानसमें सुमिरन और गीता में यज्ञ कहा गया है) और अपने व्यापक प्रभु की क्रियात्मक सेवा की भावना से वह अपने प्रत्येक काम में उन्हें शामिल करने के लिये अपने समय, शक्ति, धन और भोजन को उपभोग के पूर्व आंशिक रूप में अर्पित करता है। दूसरे शब्दों में साधक अपने प्रभु को खिलाकर खाता है, पहनाकर पहनता है और प्रत्येक वस्तु को प्रभु समर्पित करके प्रसाद रूप में ग्रहण करता है। इसी को मानस में भजन और गीता में दान की संज्ञा दी गई गई है। यहाँ पर यह स्पष्ट कर देना अनुपयुक्त न होगा कि साधारणतया प्रयुक्त शब्द 'दान' और प्रभु को सेवा की भावना से अर्पित समय, शक्ति, धन और भोजन में एक सूक्ष्म अन्तर है। धनवान् जहाँ यह समझता है कि अपने दान द्वारा वह दूसरों का उपकार या उनकी सहायता करता है वहीं साधक उस दरिद्र को नारायण के रूप में, बाल को गोपाल के रूप में, जनता को जनार्दन के रूप में और संत को भगवंत के रूप में देखता है और यह मानता है कि उसके प्रभु ने ही दरिद्र या अन्य रूप में उसकी सेवायें स्वीकार कर उसे कृतार्थ करने की कृपा की है, क्योंकि प्रभुका कोई निश्चित रूप नहीं है वे तो सभी रूप में इस संसार में विद्यमान हैं और जो उन्हें जिस रूप में देखना चाहता है वे उसे उसी रूप में दिखाई देते हैं। दूसरी बात यह है कि दान या परोपकार करनेवाले के हृदय में यश-प्राप्ति तथा अहम् की भावना (चाहे वह कितनी ही सूक्ष्म या परोक्ष रूप में ही क्यों न हो) बनी रहती है परन्तु साधक की सेवा में सदा अपने प्रभु को समर्पण का ही भाव रहता है। यही दान और सेवा में अन्तर है। यह रही साधारण दान और दानी की बात। लेकिन जिस दान को गीता में सात्विक दान कहा है उसीका रूप मानस में प्रभु सेवा आया है।

वर्तमान युग में मनुष्य भोजन, धन और अध्ययन को ही साधन मान बैठा है और इन्हीं से ही वह अपने साध्य अर्थात्

अखंड शक्ति, अखंड आनन्द और अखंड ज्ञान की उपलब्धि करना चाहता है परन्तु आवश्यकता से अधिक भोजन, धन और अध्ययन के संग्रह के बावजूद भी वह अपने साध्य से दूर है क्योंकि जिस साधन (भोजन, धन और अध्ययन) का वह सहारा लिये हुए है उसका तो उसके साध्य से संबंध ही नहीं है। सच पूछिये तो भोजन, धन और अध्ययन को अपने जीवन में विशेष महत्व देने के कारण ही मनुष्य के शरीर, मन और बुद्धि में विकारों का संचय होता रहता है जो कालान्तर में रोग, दुःख (चिन्ता) और भय के रूप में प्रकट होकर उसे सताता रहता है।

भावना और विचार पर ही मनुष्य की क्रिया आधारित है इसीलिये मानस इनके द्वारा ही अपने इष्ट की सिद्धि संभव मानता है और इनका (श्रद्धा और विश्वास अर्थात् विचार और भावना) ही सहारा पकड़ने पर बल दिया है– किसी क्रिया विशेष पर नहीं। सच तो यह है कि संत प्रवर ने कोरी क्रिया को अपने अभीष्ट की सिद्धि के लिये निरर्थक माना है और कड़े शब्दों में यह साफ लिखा है कि मनुष्य की क्रिया स्वतः चाहे कितनी भी पवित्र क्यों न हो उससे उसके दुःख कदापि दूर नहीं हो सकते :—

"नेम धर्म आचार तप जोग जग्य व्रत दान।
भेषज पुनि कोटिन्ह नहिं रोग जाहिं हरिजान ॥"

उन्होंने दूसरे स्थल पर भी निम्नलिखित शब्दों के माध्यम से इसी बात को स्पष्ट किया है :—

"साधन करिय विचारहीन मन सुद्ध होइ नहि तैसे"

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर इसमें तनिक भी सन्देह नहीं रह जाता कि मानस की साधना कोई क्रिया प्रधान साधना नहीं है। उसकी साधना का संबंध तो मनुष्य की भावना और विचार से ही है क्योंकि वह मानता है कि भावना और विचार में परिवर्तन लाये बिना कोरी क्रिया-परिवर्तन से मनुष्य की अनुभूति नहीं बदल सकती। यही कारण है कि मानस में पवित्र से पवित्र क्रिया मात्र को अपने साध्य की उपलब्धि के लिये निष्फल बताया गया है और अभीष्ट की सिद्धि के लिये विचार और भावना (श्रद्धा और विश्वास) का ही पल्ला पकड़ने का निर्देश दिया गया है। श्रद्धावान् (विचार प्रधान साधक) प्रायः ज्ञान मार्ग को अपने जीवन में अपनाते हैं और विश्वासी जन (सहज अन्तःकरण वाले धार्मिक लोग) भक्ति पंथ का अनुसरण करते हैं और दोनों ही रास्तों से मनुष्य अपने साध्य की प्राप्ति में सफल होता है। यह निम्न लिखित पंक्तियों से सिद्ध है :–

"भगतिहि ग्यानहि नहिं कछु भेदा।
उभय हरहिं भव संभव खेदा ॥"

परन्तु यह किसी प्रकार की कोरी क्रिया (विचार हीन क्रिया) के अवलम्बन से कदापि संभव नहीं है क्योंकि साधना का संबंध ही मानस किसी क्रिया से नहीं मानता। वह तो डंके की चोट पर एलान करता है कि सिद्धि प्राप्ति के लिये अर्थात् अपने जीवन की अनुभूति में परिवर्तन लाने के लिये मनुष्य या तो विचार के द्वारा दृश्य का अबाधित ज्ञान प्राप्त कर ले अथवा अदृश्य पर पूर्ण विश्वास कर सर्व समर्थ प्रभु की शरण में अपने को समर्पित कर दे। कारण बिना इन दो में से एक रास्ते को अपनाये मनुष्य के जीवन की अनुभूति नहीं बदल सकती। इसलिये मानस की साधना का सही स्वरूप समझे बिना केवल क्रिया के सहारे मनुष्य अपनी इष्ट -सिद्धि में सफल नहीं हो सकता—यह ध्रुव सत्य है और इसका ज्वलन्त प्रमाण यह है कि आज लगभग ४०० वर्षों से तुलसीदास के रामायण की घर-घर में प्रचार और पूजा होते हुए भी मनुष्य के जीवन में और समाज में हर प्रकार का दुःख विद्यमान है।

प्रत्येक बुद्धिमान एवं धर्म-परायण मानस-प्रेमी को चाहिए कि वह तुलसीदास के श्रीराम चरित मानस का केवल पाठ या पारायण से ही सन्तुष्ट होकर न बैठ जाये बल्कि वह देखे कि भगवान् शिव और माता पार्वती को साक्षी देकर जो आश्वासन दिया गया है वह उसके जीवन में चरितार्थ हो रहा है या नहीं। वह आश्वासन ही मानस की सच्ची फलश्रुति है जिसे निम्नलिखित शब्दों में व्यक्त किया गया है :—

"जे एहि कथहिं सनेह समेता।
कहिहहिं सुनहहिं समुझि सचेता ॥
होइहहिं राम चरन अनुरागी।
कलिमल रहित सुमङ्गल भागी ॥"

यदि वर्षों की उनकी क्रिया-प्रधान साधना से उनका जीवन अब तक हर प्रकार मंगलमय नहीं हो सका है अर्थात् उनके शरीर से रोग, मन से चिन्ता, बुद्धि से भय नहीं मिट पाया है तो वे अब मानस के वैज्ञानिक विवेचन द्वारा मानव विज्ञान के सिद्धान्तों को भलीभाँति समझने की चेष्टा करें और अपने जीवन में मानस की वह साधना अपनाने का प्रयत्न करें जिससे उनके विचारों में क्रान्तिकारी परिवर्तन संभव हो और वे अपने जीवन काल में ही—लहहिं चारि फल अछत तनु'— मानस की इस फलश्रुति की उपलब्धि कर अपना जीवन सब प्रकार मंगलमय बनाने में सफल हों।

मानस साधन मंडल

मानस साधना मंडल श्री राम चरित मानस का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करने वाले साधकों का एक मंडल है । इसमें कोई सिद्ध नहीं है; सभी साधक हैं जो अपनी योग्यता और सामर्थ्य के अनुसार मानस की साधना अपनाकर अपने व्यक्तिगत जीवन से आंतरिक अशांति और वाह्य अभाव मिटाकर समाज को भी सुखी और संपन्न बनाने की दिशा में अपनी सेवायें अर्पित करने के लिये सचेष्ट रहते हैं ।

इस संगठन का उद्देश्य उन स्वर्ण सिद्धांतो की खोज, उनपर प्रयोग तथा उनका प्रचार एवं प्रसार करना है जो मानव के व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन से अशांति और अभाव मिटाकर शक्ति, आनंद और ज्ञानयुक्त मानव तथा धन धान्य से संपन्न समाज का निर्माण करने में सहायक हो सकें ।

'मंडल' (जो मानस साधना मंडल का ही छोटा संबोधन है) उन व्यक्तियों और संस्थाओं से परामर्श तथा सहयोग का आदान-प्रदान करने में भी कभी पीछे नहीं रहता जो मानव को सब प्रकार से सुखी बनाने के लिये प्रयत्नशील हैं ।

'मंडल' मानव मात्र में किसी प्रकार का भेद नहीं मानता। उसके सदस्य श्री राम चरित मानस को मानव-विज्ञान (मनुष्य के व्यक्तित्व के समन्वित विकास का ज्ञान) की प्रामाणिक पुस्तक मानकर उसके वैज्ञानिक विवेचन तथा उसमें प्रतिपादित जीवनोपयोगी सिद्धांतों की खोज एवं प्रयोग पर ही बल देते हैं और उसकी फलश्रुति अपने जीवन काल में ही उपलब्ध करने की चेष्टा करते हैं और मानस की फलश्रुति क्या है यह तो निम्नलिखित पंक्तियों से ही स्पष्ट है :—

"जे एहि कथहिं सनेह समेता
कहिहहिं सुनिहहिं समुझि सचेता ।
होइहहिं रामचरन अनुरागी
कलिमल रहित सुमंगल भागी ।।"

और राम चरन अनुरागी होने का अर्थ श्री राम की भक्ति प्राप्त करना है जिसकी परिभाषा भी उस पुस्तक में इन शब्दों में दी गई हैं :—

"राम भगति मनि उर बस जाके ।
दुख लवलेस न सपनेहुँ ताके ।।"

यह संस्था सिर्फ इतना ही चाहती है कि धर्म में रुचि रखनेवाले रामायण के प्रेमी एवं सच्चे जिज्ञासु उस ग्रन्थ के जीवनोपयोगी सिद्धांतों और उनकी वैज्ञानिक प्रविधि की खोज करें तथा उन पर प्रयोग करके अपने जीवन को हर तरह सुखमय बनाने की चेष्टा करते हुए अन्य व्यक्तियों से भी वे अपने उपयोगी अनुभवों का आदान-प्रदान करें जिससे सुन्दर समाज का निर्माण हो सके । मानस साधना मंडल उन संस्थाओं में से एक है जो जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर अपने सदस्यों को मानस साधना की प्रेरणा प्रदान करता है ।

मानव के समन्वित विकास के लिये 'मंडल' सत्संग अनिवार्य मानता है । परंतु सत्संग का अर्थ किसी महात्मा का केवल प्रवचन सुनना या उनके दर्शन करना ही नहीं बल्कि सत्संग के लिये यह श्रवण, संवाद और संपर्क तीनों आवश्यक समझता है और इन तीनों में सम्वाद को विशेष महत्त्वपूर्ण मानता है कारण इसी के द्वारा मनुष्य उन गूढ़ सिद्धांतों को समझ सकता है जिससे उसके जीवन की अनुभूति में परिवर्तन संभव है । इस संबंध में यह जान लेना आवश्यक है कि सत्संग केवल मनोरंजन या समय काटने के लिये नहीं किया जाता बल्कि अपने जीवन में वांछित परिवर्तन लाने के लिये ही किया जाता है । मनुष्य के जीवन में परिवर्तन तभी संभव है जब उसकी धारणा और मान्यता में परिवर्तन हो और किसी की धारणा और मान्यता में तब तक परिवर्तन संभव नहीं हो सकता जब तक उसे अपनी वर्त्तमान धारणा और मान्यता में संदेह का जागरण न हो और धारणा एवं मान्यता में संदेह का उदय तो तभी हो सकेगा जब साधक के जीवन में कोई ऐसी समस्या उत्पन्न

हो जिसका समाधान उसकी वर्त्तमान धारणा और मान्यता के आधार पर असंभव हो जाय। यही तथ्य गीता में अर्जुन और श्रीकृष्ण तथा मानस में पार्वती और शिव अथवा गरुड़ और काग भुशुंडी के सम्वाद से प्रकट होता है। 'मण्डल' कोरे उपदेश की अपेक्षा सत्संग (श्रवण, सम्वाद और संपर्क) पर विशेष बल देकर मानस के जीवनोपयोगी सिद्धांतों के अनुरूप ठोस व्यक्तियों का निर्माण कर उस पुस्तक की वैज्ञानिक विचारधारा की सत्यता प्रमाणित करना अधिक पसंद करता है क्योंकि इसका उद्देश्य मानव का समन्वित विकास करना है न कि मानवता के गुणों की केवल चर्चा अथवा विज्ञापन करना।

मानस साधना मंडल की कार्य-प्रणाली की सब से बड़ी विशेषता तो यह है कि यह निन्दा, चन्दा और झंडा का प्रबल विरोधी है। श्री राम चरित मानस इसकी साधना का प्रामाणिक ग्रन्थ है, जिसमें-- "पर निन्दा सम अघ न गरीसा"--कहा गया है। निन्दा से मनुष्य में अनुचित विचार (negtative thoughts) उत्पन्न होते हैं और जिसकी निन्दा होती है उस तक केवल पहुंचते ही नहीं है बल्कि जिसके माध्यम से इस प्रकार के विचार चलते हैं उस वातावरण को भी वे दूषित कर देते हैं इसीलिये यह संस्था किसी की भी किसी प्रकार की निन्दा को उचित नहीं मानती। सच्ची बात तो यह है कि 'मंडल' की सारी कार्य-प्रणाली सर्व समरथ प्रभु के प्रेरकत्व और व्यापकत्व के ठोस सिद्धांतों पर ही आधारित है। किसी की निन्दा इसलिये भी यह उचित नहीं मानता कि जब एक ही प्रभु सब को प्रेरित करनेवाला है और वह सब में व्याप्त है तो किसकी निन्दा और क्यों की जाय ?

किसी भी संस्था के संचालन के लिये धन की आवश्यकता स्वाभाविक है और इसके लिये प्रायः सभी संस्थायें अनिवार्य रूप से नियमित चन्दा लेती हैं कुछ आदर्श संस्थाओं को अपवाद स्वरूप छोड़कर। परंतु मानस साधना मंडल एक ऐसी संस्था है जो चन्दा को भगवान के प्रेरकत्व का निरादर मानती है क्योंकि चन्दे में कुछ बंधन और कुछ दबाव की बात निहित है। इसका यह अर्थ नहीं है कि 'मंडल' को पैसे से परहेज है या बिना पैसों के ही इसका काम चलता है। सच तो यह है कि प्रभु की प्रेरणा पर स्वेच्छा और सेवा भाव से दिया गया धन ही इसे समाज की सेवा के लिये सहर्ष स्वीकार है। यह संस्था तो कबीर के इस विचार का कायल है :-

सहज मिले सो क्षीर सम माँगे मिले सो पानी।
कह कबीर सो रक्त सम जामे खींचा तानी॥

भगवान के प्रेरकत्व और व्यापकत्व में पूर्ण विश्वास तथा उसका आदर करने के कारण 'मंडल' किसी खास झंडे का भी हिमायती नहीं है। मानव के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास ही इसका मुख्य उद्देश्य है और इस उद्देश्य की पूर्ति में जो भी व्यक्ति अथवा संस्था प्रयत्नशील है उससे यह हर प्रकार के सहयोग के लिये तैयार है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये यदि 'मंडल' की विचारधारा से सुगम और व्यावहारिक कोई दूसरी विचारधारा प्रकाश में आ जाय तो उसे स्वीकार करने में अथवा अपनी कार्य-प्रणाली में परिवर्तन करने में इसे किसी प्रकार का संकोच नहीं होगा। मानस साधना मंडल हमारी संस्था अवश्य है परंतु हम कभी यह नहीं कहते कि अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये यही एक मार्ग है। मार्ग तो अनेक हैं और जिसे जो पसंद आये वह उसे निष्ठापूर्वक अपनाये। हम किसी भी व्यक्ति पर अपनी विचारधारा लादना नहीं चाहते और इसीलिये हम किसी खास झंडे पर जोर न देकर केवल सर्व समरथ प्रभु के प्रेरकत्व तथा व्यापकत्व के आदर पर ही सदा बल देते हैं और निन्दा, चन्दा एवं झंडा से परहेज करने की चेष्टा करते हैं। हम तो मानव का संपूर्ण तथा समन्वित विकास चाहते हैं और समाज से रोग, दुःख एवं भय को उच्छिन्न देखना चाहते हैं इसलिये इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये जो व्यक्ति जिस प्रकार भी प्रयत्नशील है वह हमारे लिये पूज्य है चाहे वह मानस साधना मंडल की विचारधारा को मानता हो अथवा नहीं अथवा हमारी कार्य-प्रणाली से सहमत हो या नहीं।

---oo---

आहार

—श्री हरिकिशनदास अग्रवाल

मनुष्य का व्यक्तित्व उसके आहार पर आधारित है। "जैसा खाए अन्न वैसा हो मन" हमारा शरीर अन्न से ही बना व अन्न से ही पोषण पाता है। यदि हम सात्विक आहार करते हैं तो हमारा मन सात्विक और यदि हम राजसी आहार करते हैं तो हमारा स्वभाव राजसी और यदि तामसी आहार किया जाता है तो हम आलसी व प्रमादी हो जाते हैं।

फलसब्जी और अन्न इत्यादि सात्विक आहार से मन सात्विक बनता है। मिठाइयाँ—नमकीन व तले हुए क्लिष्ट पदार्थ यह राजस आहार हैं, जिनसे मन भोग-विलास तथा कामुकता की ओर अग्रसर होता है।

मांस इत्यादि तमोगुण प्रधान भोजन राजस आहार में ही आते हैं, इस के खाने से मनुष्य के अन्दर पशुवृत्तियों का उदय होता है।

जिस पशु का हम माँस खाएँगे, उसी की वृत्तियाँ हमारे अन्दर आनी शुरू हो जाती हैं। पशु को मारते समय यह आवश्यक है कि मारते समय उस में भय और क्रोध उदय हुए हों, किन्तु वह विवशता से कुछ नहीं कर पाया होगा, तथा जो भी उसका माँस खाएगा, उसके अन्दर भी भय-क्रोध की वृत्ति उदय होनी अनिवार्य है।

शाकाहारियों के दाँत तथा मांसाहारियों के दाँतों की रचना ईश्वर ने अलग-अलग की है, जैसे मांसाहारी पशु शेर-चीता आदि के दाँत मांस को भली प्रकार से चबा सकते हैं, परन्तु गाय-बकरी तथा मनुष्य के दाँत सीधे हैं, जोकि मांस के लिए नहीं किन्तु शाक-सब्जी-फल व अन्न खाने के अनुकूल हैं। किन्तु मनुष्य ने अपने स्वाद की पूर्ति के लिए पशुओं को मार उसे अपना आहार बना लिया। पशु मारने से हृदय में क्रूरता-कठोरता आती है।

जो मनुष्य पशु मार या मरवा कर खानेवाला होगा, इसके अन्दर नम्रता व द्रवता नहीं होगी, वह किसी के दुःख में दुःखी नहीं होगा। यदि उसे दुःखी होना होता तो घर में मुर्गी को मारते समय उसकी तड़पन देख उसे अवश्य दुःख हुआ होता।

जिस मनुष्य के अन्दर क्रूरता तथा कठोरता आ जाती है वह आध्यात्मिकता की ओर प्रगति नहीं कर सकता। क्योंकि उसके अन्दर पशुवृत्ति का उदय होता है। यही कारण है कि जब हम किसी को क्रोधी के रूप में देखते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है, जैसे कोई मनुष्याकार में पशु ही हो। जब कोई मनुष्य किसी को मारता है, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि मनुष्य की शक्ल में कोई हिंसक पशु हो। पशु के मांस के अन्दर पशुवृत्तियां—जैसे कि काम-क्रोध मारना-फाड़ना इत्यादि सभी छिपी रहती हैं जो कि मनुष्य के भीतर मांस के द्वारा प्रविष्ट होकर समय-समय पर उभरती रहती हैं और मनुष्य को भोगग्रस्त बना देती हैं।

मनुष्य जब अपने हाथ या पांव को काट कर नहीं खा सकता, ऐसे ही उसे कोई अधिकार नहीं है कि किसी को अपनी भोज्य सामग्री बनाए। पशुओं के मारने पर उन्हें वैसा ही दुःख होता है। अन्तर केवल इतना ही है, कि वह बेजुबान है, बोल नहीं सकता अथवा अपने दुःख की गाथा मनुष्य को तरह किसी को सुना नहीं सकता।

आज-कल स्कूल व कालेज के लड़कों व अन्य लोगों में मांस खाना एक प्रगति का चिन्ह तथा फैशन हो गया है। वे समझते हैं कि यदि हम मांस नहीं खाते तो हम पुराने ज़माने के पिछड़े हुए लोग कहलाएँगे। इसी प्रकार से शराब पीना भी आज-कल फैशन हो गया है। जब भी १०-२० मनुष्य आपस में मिले, या किसी पार्टी का आयोजन हुआ, तो उनमें बहुमत पीने वालों का ही होता है, उनमें यदि एकाध कोई न पीने वाला आ फंसे तो उसे भी जबर्दस्ती पिला देते हैं। पहले तो शराब कड़वी लगती है किन्तु फिर वही शराब जब मीठी लगने लगती है तो फिर उसके बिना रहा नहीं जाता।

शराबी उसे पीकर अपने आप को भूल जाना चाहता है। वह सचेत से अचेत हो जाता है, उसे देना, लेना नज़र

With best Compliments from :

THE PODAR MILLS LTD., BOMBAY

PODAR SPINNING MILLS, JAIPUR

PODAR PROCESSORS, BOMBAY

आता है। वास्तव में शराब के नशे में जो अपने को भूलना है, वह अचेत हो कर अपने को भूलना है। अगर मनुष्य सचेत होकर अपने अन्दर निरहंकारिता लाए, अपने परिच्छिन्न व्यक्तित्व को भूल जाए, तो वह जल्दी ही ऊपर उठ आध्यात्मिक प्रगति कर सकता है।

एक शराबी बेहोशी में स्वयं को भूलता है, किन्तु साधक होश रख कर अपने को भूलता है। बेहोशी में शराबी मनुष्य को स्त्री भी चाहिए, वह अपनी व पराई स्त्री का भेद भूल जाता है, वह जुआ भी खेलना चाहता है, जुए में उसे यह आशा बनी रहती है, कि बिना किसी परिश्रम से दाव लगाते ही पैसा आ जाएगा, किन्तु मनुष्य की यह आशा कभी पूरी नहीं होती, जिससे वह निराशावादी हो जाता है।

एक मनुष्य ने दूर से आते हुए एक व्यक्ति को देखा जिसके हाथ में झोली थी और तन से कपड़ा गायब था। उसे देखने वाले ने समझा कि यह कोई अवधूत साधू होगा। उसने उस साधू प्रतीत होने वाले व्यक्ति से पूछा कि इस झोली में क्या है? वह बोला :—मछलियां हैं, जिन्हें खाने के लिए मैं घर ले जा रहा हूं।

पहला व्यक्ति :—आप मछली खाते हैं?

वह :—मैं मछली तभी खाता हूं जब कि मुझे शराब पीना होता है।

पहला व्यक्ति :—क्या आप शराब भी पीते हैं?

वह :—रोज तो नहीं पीता पर जिस दिन वेश्यागमन करता हूं, पी लेता हूं।

पहला व्यक्ति :—क्या आप वेश्यागमन भी करते हैं?

वह :—हां जब कभी चोरी में अच्छा माल हाथ लग जाता है, उस दिन वहां भी चला जाता हूं। और यदि कभी कोई चोरी करने में बाधा पहुंचाए तो उसकी हत्या भी कर देता हूं।

यह है परिणाम गलत आहार का। मनुष्य गेंद की तरह सीढ़ी दर सीढ़ी गिरता ही चला जाता है। जिस मनुष्य का पतन होना शुरू हो जाता है, वह फिर एकदम नीचे पहुंचने पर ही रुकता है।

पतन से बचने का एकमात्र उपाय है कि हम जो भी आहार करें, वह सचेत हो कर करें। आहार का अर्थ केवल भोजन ही नहीं, किन्तु वह सब भी है जो हम आंखों कानों इत्यादि के द्वारा ग्रहण करते हैं। हमें सचेत रहना चाहिए कि हम गलत आहार न कर लें। जैसे कोई रूपवती स्त्री नजर आती है, तो वह आंख द्वारा सीढ़ी लगा हमारे हृदय में उतर जाती है, जो फिर बाहर निकालने पर भी नहीं निकलती। कानों द्वारा हम गीत सुनते हैं, जिनके द्वारा भी संस्कार अंदर जाते हैं।

जिस आदमी का आहार ठीक हो जायेगा वह मनुष्य जीवन की बगिया में विहार करेगा, इसके अतिरिक्त जिसका आहार ठीक नहीं, उसका संहार-प्रत्याहार व दुराचार करना ही मुख्य उद्देश्य हो जाता है, वह अपने जीवन को खण्डित ही नहीं करता अपितु दुःखी भी बना लेता है।

शुद्ध और पवित्र आहार का चुनाव होना चाहिए। हम विवेक द्वारा चुनाव करें कि हमारे लिए क्या उचित व क्या अनुचित है। हम अनुकूल आहार को चुनें, व प्रतिकूल को छोड़ें। हम आहार द्वारा सजगतापूर्वक जीवन व्यतीत करें, तो हम इसे लक्ष्य प्राप्ति का साधन बना सकते हैं।

★

With best Compliments from :

Messrs. Industrial Meters Pvt. Ltd.,
Advent Building (7th floor),
Near Sachivalaya, Bombay-32.

With best Compliments from :

NAVABHARAT TRADING CORPN.
Podar Chambers, 1st Floor,
Parsee Bazar Street, Bombay-1.

मानस की पञ्च-सूत्री साधना

–श्री कुबेरप्रसाद गुप्त

देश, जाति, धर्म, पद, आयु आदिकी विभिन्नताओं के बावजूद अखिल मानव की मौलिक माँगों को हम पाँच मुख्य वर्गों में विभाजित कर सकते हैं। वे वर्ग हैं, शरीर में अखण्ड स्वास्थ्य, इन्द्रियों में अखण्ड शक्ति, मन में अखण्ड आनन्द, बुद्धि में अखण्ड ज्ञान और अहं में अखण्ड प्रेम।

मानस साधना मण्डल की मान्यता है कि संतुलित आहार द्वारा अखण्ड स्वास्थ्य, युक्तियुक्त उपवास द्वारा अखण्ड शक्ति, विवेकपूर्ण सेवा द्वारा अखण्ड आनन्द, विविवत् ध्यान द्वारा अखण्ड ज्ञान और सर्वभावेन् (प्रभु को) आत्मसमर्पण द्वारा अखण्ड प्रेम की प्राप्ति की जा सकती है।

संतुलित आहार व युक्तियुक्त उपवास

शरीर के रोगयुक्त होने का प्रमुख कारण है भोजन से शक्ति का सम्बन्ध मानकर असमय में आवश्यकता से अधिक मात्रा में विकृत और अयुक्त आहार का ग्रहण करना। अगर हम भोजन के उद्देश्य, भोजन के समय, भोजन की मात्रा और भोजन की वस्तु का सही विवेचन कर तदनुकल आरचण करें तो रोगी का शरीर स्वस्थ हो जायेगा और यह स्वास्थ्य अखण्ड बना रहेगा। वह कभी अस्वस्थ नहीं होगा।

साधारणतया भोजन का उद्देश्य उससे शक्ति प्राप्त करना होता है। अगर भोजन से शक्ति उत्पन्न होती तो यह सम्भव होता कि हम अच्छे से अच्छा पौष्टिक पदार्थ खाकर स्वस्थ बने रहते पर विश्व में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं खड़ा किया जा सकता है जो इस मान्यता पर इच्छानुकुल भोजन कर सदा स्वस्थ रह सके (सम्भवतः अभी तक किसी ने ऐसा दावा नहीं किया है)। परन्तु भोजन से शक्ति नहीं मिलती ऐसी मान्यता वाले मानस साधना मण्डल के अनेक साधक हैं जिनकी असाध्य बीमारियाँ बिना दवा अच्छी हो गई हैं और जो ऐसी मान्यता होने के बाद से (यह अवधि दशकों में है) बीमार नहीं पड़े हैं और जो गम्भीरता और दृढ़ता से दावा करते हैं कि इस जीवन में उन्हें कभी दवा का सेवन नहीं करना पडेगा, यह इस स्मारिकामें तथा मण्डल के प्रकाशनों में विस्तार से बताया गया है। तो पहली बात हुई कि हम जो कुछ भी भोजन करें यह समझ कर करें कि यह शरीर का निर्माण करता है, श्रम से हुई कोषों की टूट-फूट की पूर्ति करता है पर शक्ति नहीं देता।

अब भोजन के समय की बात लीजिए। कोई भी चिकित्साविज्ञान इस बात से इनकार नहीं करता कि रोगों का मूल कारण शरीर में मल का एकत्र होना है (ब्रिटेन में किए गये एक सर्वेक्षण से यह पता चला कि अस्पताल में विभिन्न रोगों से मरे रोगियों में से ९० प्रतिशत की आँतों में मल एकत्र होकर सूख गया था और वह इतना कड़ा था कि चाकू से भी नहीं कटता था)। हमारे शरीर को जितने पोषण की आवश्यकता है उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण पाचन के बाद बचे हुए मल को निकालना है। प्रातःकाल का समय सफाई का होता है। शौच, दातून, स्नान द्वारा हम शरीर के बाहर-भीतर की सफाई करते हैं। सफाई सम्बन्धी जो कार्य अन्दर होता है उसका समय विस्तार दोपहर तक माना जा सकता है। इसलिए इस बीच (दोपहर तक) कोई ऐसी चीज खा लेना जिसके लिए जीवनी शक्ति को सफाई का कार्य छोड़कर उसके पाचन में लग जाना पड़े, उचित नहीं है। भोजन के बाद आलस्य का अनुभव होना इसका द्योतक है तथा 'खाय के पर रह्यो' की लोकोक्ति भी इसकी पुष्टि करती है, जो दीर्घकालीन अनुभव के बाद प्रचलित होती है। मानस साधना मण्डल दोपहर के १२ बजे तक कुछ ठोस पदार्थ अथवा दूध पीना वर्ज्य मानता है। अधिक से अधिक रेचक गुण वाले (सफाई में मददगार) शहद, नींबू का पतला शर्बत, सब्जियों का जूस (रस) अथवा रात के भीगे १०, १५ मुनक्के या किशमिश लिए जा सकते हैं। भोजन के समय का महत्व भोजन के उद्देश्य के बाद का महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है।

भोजन की मात्रा के सम्बन्ध में चिकित्सा विज्ञान ने जो मापदंड आयु, ऊँचाई और व्यवसाय के आधार पर बनाया है, वह नितांत भ्रमपूर्ण है। मानस साधना मण्डल

मार्च, १९६६ में राज भवन, लखनऊ में आयोजित प्रदर्शन-शिविर में निराहार व्रत करने वाले साधक खेतों में शारीरिक श्रम का कार्य कर रहे हैं ।

के साधकों ने तथा राज भवन, लखनऊ के मार्च ६६ के शिविर ने प्रमाणित कर दिया है कि इस मापदंड को संशोधित करने की आवश्यकता है । जब भोजन शक्ति नहीं देता तो भोजन की मात्रा का निर्धारण श्रम से हुई टूट-फूट की पूर्ति अथवा बच्चों के शरीर निर्माण (वृद्धि) की दृष्टि से होना चाहिए । अगर शरीर में मल न हो और पाचन यन्त्र ठीक काम कर रहा हो, तो भोजन की मात्रा वर्तमान की अपेक्षा बहुत अल्प होने से भी भलीभांति काम चल सकता है । यह मात्रा शरीर की शुद्धि तथा भोजन की श्रेष्ठता के साथ-साथ और भी घटती जाती है । क्योंकि तब शरीर में टूट-फूट भी कम होगी और ठीक पाचन से अपेक्षाकृत कम मात्रा का भोजन वांछित आवश्यकता की पूर्ति कर लेगा । इस प्रकार आरम्भ में हर वयस्क के लिए दोपहर में एक बार फल-सब्जी का साधारण जलपान और सायंकाल कार्य से निवृत्त होने पर एक बार अन्नमय भोजन पर्याप्त होगा । शारीरिक श्रम की दृष्टि से सायंकालीन भोजन की मात्रा कुछ कम-ज्यादा हो सकती है । मात्रा में इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि भूख मिटाने के लिए आवश्यक मात्रा का तीन चौथाई मात्रा ही भोजन करना चाहिए ।

चौथी बात भोजन की वस्तु की है । यह स्थूल शरीर आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी इन पाँच तत्वों से बना हुआ है । इसलिए शरीर की वृद्धि तथा वयस्क होने पर श्रम से हुई टूट-फूट की पूर्ति हेतु हमें इन्हीं तत्वों से काम लेना चाहिए । आकाश शून्य को कहते हैं, यह उपवास का (कुछ न खाने का) तत्व है । बाकी चार भोजन के तत्व हैं । इनमें वायु तत्व पत्तियों द्वारा तथा खुले स्थान में गहरी साँस लेकर, अग्नि तत्व फलों द्वारा तथा यथावसर धूप का सेवन कर, जल तत्व हरी सब्जियों द्वारा तथा जल पीकर और पृथ्वी तत्व अन्नमय भोजन तथा नंगे पैर पृथ्वी पर चल कर प्राप्त किया जा सकता है । इन पाँचों तत्वों को ग्रहण करने का समय भी निर्धारित करना आवश्यक है । प्रातः कुछ न

खाकर (जल भी न पीकर) कुछ समय तक आकाश तत्व ग्रहण करना चाहिए। दोपहर बाद कुछ कच्चे खाये जाने योग्य स्थानीय एवं मौसम के फल तथा हरी पत्तियों से युक्त सलाद खाकर अग्नि और वायु तत्व ग्रहण करना चाहिए और सायंकाल सब्जियां और रोटी, दाल, चावल खाकर शेष दोनों तत्व जल और पृथ्वी भी ग्रहण किये जा सकते हैं।

इस सम्बन्ध में एक बात और है। जो व्यक्ति दिन में थोड़ा आराम करने का समय निकाल सकते हैं जैसे डाक्टर या किसान आदि, वे चाहें तो दोपहर के सलाद और फल के भोजन के स्थान पर दोपहर को रोटी, दाल, चावल, सब्जी खा सकते हैं और सायंकाल कुछ फल आदि। क्योंकि अन्नमय भोजन के बाद निश्चित होकर कम से कम आधा घण्टा विश्राम करना अति आवश्यक है।

इस प्रकार भोजन का उद्देश्य, समय, मात्रा और वस्तु का ठीक विधि से ध्यान रखा जाय तो इस संतुलित आहार द्वारा अखंड स्वास्थ्य की प्राप्ति निश्चित है।

उपवास का अर्थ है पास बैठना। भगवान के पास बैठने के अर्थ में यह शब्द बना है। जिस प्रकार आग के पास बैठने से हमारी सर्दी दूर होकर आग के गुण गर्मी का अनुभव होता है उसी प्रकार उपवास द्वारा भगवान के पास बैठने से हमारे दोष दूर होकर हममें भगवान के गुण स्वास्थ्य, शक्ति, आनन्द, विवेक आदि गुण आने चाहिए। इसीलिए उपवास (जैसा कि समझा जाता है), केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मुख्य रूप से आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उपवास की प्रविधि (टेक्नीक) कुछ सूक्ष्म है इसलिए हम केवल उपवास न कहकर युक्तियुक्त उपवास की बात कहते हैं। शरीर को भोजन न देने से जीवनी शक्ति विकारों के निकालने का काम करती है जिससे हमारा शरीर शुद्ध होता है और रक्त की अम्लता कम होकर कार्यक्षमता बढ़ती है। 'जैसा अन्न वैसा मन" अन्न से रक्त बनता है। अच्छा रक्त होने से मन प्रफुल्ल रहता है, प्रसन्न रहता है और बुद्धि भी तीव्र होती है। यहाँ स्थानाभाव के करण उपवास तत्व का सम्यक् विवेचन सम्भव न होगा। इसके लिए मण्डल के प्रकाशन 'धार्मिक सिद्धान्तों पर वैज्ञानिक प्रयोग" में 'उपवास का दर्शन और तंत्र" नामक अध्याय देखना चाहिए।

विवेकपूर्ण सेवा

यह पंचस्तरीय साधना के ठीक बीच में पड़ता है। वास्तव में साधना का यह अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग है। समुद्र में खड़े जहाज के लंगर के समान है। जैसे लंगर समुद्र में खड़े जहाज को ऊँची-ऊँची लहरों और तूफानों में भी अपने स्थान पर टिके रहने में सहायक होता है उसी प्रकार विवेकपूर्ण सेवा साधक को साधना से विचलित नहीं होने देती।

यह सेवा अध्यात्मवाद और साम्यवाद जैसे विपरीत छोरों को मिलाने वाली भी है। साम्यवाद का अन्तिम आदर्श है व्यक्ति से उसकी सामर्थ्य के अनुसार काम लेना और उसे उसकी आवश्यकतानुसार देना। विशुद्ध आध्यात्मिक दृष्टि से इस विवेकपूर्ण सेवा में अपने विवेक और सामर्थ्य के अनुसार सेवा करनी है और उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप 'सब बिधि घटब काज मैं तोरे' और 'हरि प्रसाद कछु दुर्लभ नाहीं' का दमदार आश्वासन है।

आज संसार में सेवा करने वालों की कमी नहीं है। तम, मन, और धन सभी से सेवा करने वाले हैं, सामर्थ्य से अधिक सेवा करने वाले भी मिल जायेंगे, पर साम्यवाद उनकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकने में असमर्थ है। उसकी कुछ और भी शर्तें होंगी जैसे जब तक सम्पूर्ण विश्व पर साम्यवाद न फैल जाय तब तक उनका यह आदर्श आदर्श ही रहेगा। आप कहेंगे आध्यात्मवाद भी तो अपने उक्त आश्वासनों की पूर्ति नहीं करता? नहीं, ऐसी बात नहीं है। आश्वासनों की पूर्ति होती है पर कब? जब सेवा विवेकपूर्ण हो और सामर्थ्य के अनुसार हो। वह सेवा हो, कोई सौदेबाजी, क्रय-विक्रय या लेन-देन का व्यापार न हो।

With best Compliments from :

"The Indo Bombay Trading Co.,"
34 Nagdevi Street., Bombay-3.
Tel. No. **324398** *Gram* : SHAFTINGS
324182

With best Compliments from :

International Tube Trading Corp.
Dealers in Pipes and Fittings,
98, Nagdevi Street, Bombay-3.
Tel. **326582** Res. : **358189**

सेवा मुख्य रूप से प्राप्त शक्ति, समय, धन और भोजन से की जानी चाहिए। शरीर में जो शक्ति है, बुद्धि में जो ज्ञान है, उसका एक अंश सेवा में लगाना है, अपना थोड़ा समय सेवा में लगाना है, अपनी आयका कम से कम दसमांश सेवा में लगाना है और अपने भोजन का चतुर्थांश सेवा में लगाना है। (ऊपर भोजन की मात्रा के विवेचन में कहा गया है कि भूख की मात्रा का तीन चौथाई खाना चाहिए। वही बचा हुआ एक चौथाई सेवा में लगाना है।)

अब प्रश्न उठता है सेवा किसकी करें, कैसे करें? क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम विज्ञान में तो है ही आध्यात्म जगत में भी यह नियम काम करता है। अगर हम किसी कुत्ते की सेवा करेंगे तो वह पूँछ हिला देगा, हाथ पैर चाट लेगा, किसी भिखारी की सेवा करेंगे तो वह हमारी 'जय जयकार' कर देगा, किसी इष्ट मित्र, रिश्तेदार आदि की सेवा करेंगे तो वे अपनी सीमित शक्ति के अनुसार हमारे काम आवेंगे, पर निश्चित रूप से हमेशा काम आवेंगे यह नहीं कहा जा सकता। अगर बाद में वे किसी कारण से रुष्ट हो जायँ तो फिर हमारे काम नहीं आवेंगे अथवा हमारा कोई ऐसा काम हो जो उनकी सामर्थ्य के बाहर का हो तब भी उनसे हमारा काम नहीं बनेगा। इसलिए इनकी सेवा करने से हमारा काम नहीं चलेगा। हमें सेवा उसकी करनी है जो सर्व समर्थ हो, किसी भी कारण से हमसे रुष्ट होकर प्रतिकूल न हो और हमारी गलतियों को भी क्षमा कर हमारे अन्तर के भाव को ही अधिक महत्व दे। और ऐसा है वह अकारण करुण, अहैतुकी कृपा करने वाला सर्वसमर्थ भगवान जिसके बारे में कहा गया है 'रहति न प्रभु चित चूक किये की। करत सुरति सय बार हिये की॥'

पर कहाँ पायें इस भगवानको? कुछ भी कह कर इंगित करने पर 'नेति-नेति' कह दिया जाता है, जो निराकार है, बडा कठिन लगता है उसको ढूँढना सेवा करने के लिए। पर एक तरह से देखें तो वह सरलता से मिल सकता है। वह सब व्यापक भी तो है। तो जो कुछ हमारे सामने है, जो हमारे सम्पर्क में आता है वह भगवान ही तो है। बस साधारण दृष्टि से दिखाई नहीं देता। देखने वाली दृष्टि हो तो उसे पाने कहीं दूर थोड़े जाना है? पर एक बात का विशेष रूप से ध्यान रखना है। जिसके साथ मेरा का सम्बन्ध वाचक शब्द लग गया उसकी सेवा करने पर भगवान की सेवा नहीं होगी जब तक कि हम पूर्णता को न प्राप्त कर लें। अपूर्णता में हम जो कुछ करेंगे वह हमारे कर्तव्य की सीमा में आवेगा उसे सेवा समझ लेना भारी भूल होगी। यही वह सेवा की सूक्ष्म प्रविधि है जिसे हमें ठीक से समझना और ठीक से प्रयोग में लाना है। जरा-सा चूके नहीं कि सब गुड़-गोबर हुआ। बिजली के तार चाहे जितने पास-पास हों, जब तक एक दूसरे को छूते नहीं, विद्युतधारा प्रवाहित नहीं हो सकती। तो आइये इस समस्या को भी सुलझाने का प्रयत्न करें।

वह अकारण करुण, अहैतुकी कृपा करने वाला प्रभु हमारी सेवा स्वीकार करने के लिए स्वयं उपस्थित हो जाता है, जब देखता है कि हम उसे अपनी सेवा अर्पित कर कृतार्थ होना चाहते हैं। इतना दयालु है वह। वह चिड़ियों के रूप में, कुत्ते, गाय, बकरी के रूप में अथवा किसी भूखे मानव के रूप में भी आ सकता है। आवश्यकता है केवल उसे उस रूप में पहचानने की। यहीं हम चूक जाते हैं। अभ्यासवश भी और मान्यता में अपूर्णता के कारण भी। अगर हम सतर्क रहें और विभिन्न रूपों में आये भगवान को उतनी ही श्रद्धा से भोजन दे सकें, जिस श्रद्धा से हम मन्दिर में प्रसाद चढ़ाते हैं, तो हमारा काम बन गया।

अगर हम भगवान के रूप में संत-भगवन्त, दरिद्र-नारायण, जनता-जनार्दन और बाल-गोपाल की सेवा कर सकें तो अपनी इस सीमित सामर्थ्य भर सेवा के बदले हमारी सभी भौतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताएँ पूरी होती रहेंगी और 'सब विधि घटब काज मैं तोरें' और 'हरि प्रसाद कछु दुर्लभ नाहीं' के आश्वासनों की पूर्ति में तनिक भी संदेह को स्थान नहीं रहेगा।

विधिवत् ध्यान

ध्यान का स्वाभाविक परिणाम निर्भयता है। अंधकार से प्रकाश में आना है। यह ज्ञान प्राप्ति पर होता है (तमसोमा ज्योतिमर्गय) और यह ज्ञान योग से मिलता है 'योगते ग्याना'। प्रभु से मिलने के दो मार्ग हैं। या तो हम उसके पास पहुँचें अथवा वह स्वयं हमारे पास आवे। हमारे और प्रभु के बीच दुर्लंघ्य नदी की भांति माया बीच में खड़ी है। प्रभु हमारे पास किसी रूप में तभी आता है जब हम सब तरफ से निराश होकर दुखी हृदय से उसको पुकारते हैं। परन्तु अगर हमारे चेतन या अवचेतन मन में किसी का सहारा बना हुआ है और हम विगलित हृदय होकर उसे पुकार नहीं पाते तो हमें स्वयं माया के पास जाकर उससे मिलना होगा।

With best Compliments from :

A WELL WISHER

"योगश्चित्तवृत्ति निरोधः" के अनुसार योग के लिए चित्तवृत्तियों का निरोध करना होगा। "सहज विमल मन लागि समाधी" के अनुसार समाधिस्थ होने के लिए विमल (मल रहित) होना होगा। यह मल शारीरिक-प्राणिक और मानसिक दो स्तरों वाला होता है। ध्यान करने बैठने पर शरीर और इन्द्रियों में मल होने पर नींद आ जाती है तथा मन में मल होने से वह एकाग्र नहीं हो पाता, इधर-उधर भागता फिरता है। इस तरह देखें तो संतुलित आहार, युक्तियक्त उपवास और विवेकपूर्ण सेवा द्वारा शरीर, इन्द्रियों और मन को मल रहित करना ध्यान की साधना के लिए भी बड़ा महत्वपूर्ण है।

मायापति भगवान से मिलने के लिए माया (प्रकृति) से पार जाना आवश्यक है इसलिए अष्टधा प्रकृति (इन्द्रियां, मन और बुद्धि) को शान्त करना होगा। इसके लिए क्या करना चाहिए ?

थोड़े ऊंचे स्थान या तखत पर कम्बल, कुशकी चटाई या मृगचर्म बिछा कर किसी ऐसे आसन से बैठना चाहिए जिस पर बिना कष्ट के घंटे-डेढ़ घण्टे बैठा जा सके। यह थोड़े दिनों के अभ्यास से हो जायेगा। समय ऐसा हो जब आस-पास का वातावरण शान्त हो, किसी प्रकार की गन्ध न हो, आंखें बन्द कर लेनी चाहिए और भगवान के किसी नाम या रूप अथवा दोनों पर मन को एकाग्र करना चाहिए।

समाधि इसी एकाग्रता की सघनता के बाद की वह स्थिति है जब ध्यान करनेवाला और जिस पर ध्यान लगाया जाता है, दोनों लुप्त हो जाते हैं। यही माया से पार जाना हुआ, प्रभु से योग हुआ। इस स्थिति को प्राप्त करने के लिए "राम-राम रटु, राम - राम जपु, राम-राम रमु" के अनुसार शुरू में नाम का सस्वर रटन होना चाहिए, फिर अन्दर-अन्दर उसका निःशब्द जप होना चाहिए, और अन्त में जब मन राम में रम जायगा तो समाधि लग जायगी।

सर्वभावेन् आत्मसमर्पण

विधिवत् ध्यान द्वारा समाधिस्थ होने की साधना समय-साध्य है और दुष्कर भी। गीता में लिखा है कि यह सतत अभ्यास और वैराग्य के द्वारा ही प्राप्य है। परन्तु यह स्थिति एक अन्य सुगमतर मार्ग से भी प्राप्त हो सकती है। उसे सर्वभावेन् आत्मसमर्पन्‌ण कहा गया है।

"सेवक सुमिरत नाम सप्रीती। बिनुश्रम प्रबल मोह दल जीती।।
फिरत सनेह मगन सुख अपने। नाम प्रसाद सोच नहिं सपने।।"

उक्त चौपाई में कुछ शब्दों पर विशेष ध्यान दें। "नाम प्रीति सहित स्मरण करना, स्नेह मगन फिरना, राम के सहारे सपने में भी शोक न होना। यह पूर्ण रूप से भगवान के प्रति आत्मसमर्पण की साधना है। राम चरित मानस में अनेक स्थलों पर प्रेमी भक्तों को समाधि लग जाने का वर्णन मिलता है। भगवान ने ऐसे भक्तों को देवताओं और ऋषियों-मुनियों से कहीं ऊँचा स्थान दिया है।

चित्रकूट में कोल-भील-'प्रभुहि बिलोकहिं अति अनुरागे।
'चित्र लिखे जनु जहँ तहँ ठाढ़े।'
अरण्यकाण्ड में—— 'सबरी परी चरन लपटाई ।।'
'प्रेम मगन मुख बचन न आवा।'

यह साधना के क्षेत्र की बात ही नहीं है इसलिए इसका न तो कोई दर्शन है और न ही तंत्र। केवल प्रभु को अपना समझना है। दुनियाँ में अन्य सभी से अगर कुछ नाता है भी तो वह केवल भगवान से किसी न किसी रूप में सम्बन्धित होने के ही कारण। जैसे किसी युवती का ज्योंही विवाह हो जाता है, वह अपने माता-पिता, भाई-बहन, घर द्वार सबसे नाता तोड़ कर चल देती है और यह सभी नाते अपने पति के चरण कमलों में जोड़ देती है "सब कर ममता ताग बटोरी। मम पद मनहिं बांधि बर डोरी।" उसके लिए उसका पति ही सब कुछ है। वह पति के घर में रहती है। वहां वह किसी को श्वसुर, किसी को सास, किसी को जेठ, किसी को देवर, ननद आदि कह कर अपनाती है। इनमें से किसी से उसका पहले का कोई सम्बन्ध नहीं था। उसके लिए सभी अजनबी थे। परन्तु अपने सर्वस्व (पति) के पिता, माता, बड़े भाई, छोटेभाई, बहन आदि होने के नाते ही वह उन्हें अपना मानकर उनके प्रति अपने कर्तव्य का पालन करती है इसी प्रकार जिसने प्रभु के प्रति सर्वभावेन् आत्मासमर्पण कर दिया है, उसके लिए अपना कहने को प्रभु के सिवा है ही कौन ? वह तो, केवल प्रभु-नाते ही उसके द्वारा अपने को प्रतिनियुक्त मान कर संसार के सभी कर्तव्यों का पालन करेगा। परन्तु अपने लिए भरोसा तो वह केवल अपने प्रभु का ही करता है जिस प्रकार पत्नी केवल अपने पति को ही अपना मानती है और उसी पर भरोसा करती है।

साधना के इस स्तर का विवेचन चाहे जितना किया जाय सदा अधूरा ही रहेगा।

With best Compliments from :
Messrs. MOHANLAL PRITHVIRAJ
Khattergali, Bombay.

मूर्ति-पूजा

–जी. एस. मनासावाला, एडवोकेट

बहुधा प्रश्न उठया जाता है कि ब्रह्म निर्गुण निराकार है, उसमें लीन हो जाना ही जीवन की परमोच्च सिद्धि है तो फिर सगुण साकार की पूजा का आडंबर क्यों ? यह प्रतीक–पूजा का ढोंग क्यों ? वास्तव में मनुष्य ही समस्त प्राणी जगत् में एक ऐसी कृति-सर्जन अथवा निर्मिती है कि जिसमें भोग-जीवन एवं भाव-जीवन दोनों का मिलन है । अन्य प्राणियों का जीवन केवल भोग-जीवन ही देखने को मिलता है, जीवन साफल्य के लिए, भाव-जीवन को पुष्ट करने के लिए, भोग-जीवन का नियमन करने के लिए मूर्ति पूजा आवश्यक है। मूर्ति पूजा से ही भाव-जीवन की पुष्टि होती है और भाव जीवन बिना जीवन अधूरा है, अपंग है।

भगवान सत्यं शिवं सुंदरम् है । उसी पूर्ण चैतन्य का अंश प्राणी में स्थित है एक अंश में भी वही गुण होंगे जो पूर्ण में है जिसका कि वह अंश है। इसीलिए मनुष्य को शुभ दर्शन, शक्ति दर्शन, मंगल दर्शन एवं सौंदर्य दर्शन बहुत आकर्षक लगता है, जब तक प्रभु-सर्जित सृष्टि का निसर्ग का सौंदर्य देखकर सृष्टिकर्ता पर अटूट अगाध श्रद्धा एवं भाव नहीं पैदा होगा तब तक निर्गुण निराकार ब्रह्म की उपासना एवं उसका ध्यान नहीं हो सकता। किसी भी वस्तु की स्तुति-प्रार्थना अथवा ध्यान तभी हो सकता है जब उसपर अत्यंत भाव एवं प्रेम तथा श्रद्धा हो। प्रभु पर प्रेम भाव लाने बनाये रखने के लिए मूर्तिपूजा आवश्यक है। पूजा का सुगन्धमय शांत वातावरण-शुद्ध उपकरण, मूर्ति की सुंदर बनावट-सुंदर सजावट एवं श्रृंगार ध्यान को केंद्रित करने में अत्यंत सहायक है।

हम यह चाहते हैं कि हमारा ध्यान स्थिर हो। उसमें हमें आनंद की अनुभूति हो और ध्यान-समाधि-भाव अधिक-से-अधिक लंबा हो। ध्यान के लिए किसी-न-किसी विषय के अललंबन की आवश्यकता है। आप निर्गुण निराकार का ध्यान करने बैठेंगे तो भी आप जिसका भी जैसा ध्यान करेंगे भले ही वह केवल प्रकाश ही क्यों न न हो-ज्योति ही क्यों न हो-प्रणय ही क्यों न हो उसका एक निश्चित आकार आपकी कल्पना के अनुसार आपका मन धारण करता जायगा। लक्ष्य या विषय जितना भव्य होगा जितना दिव्य होगा, नित्य सुंदर, अखंड एवं अचल होगा उतना ही ध्यान सुदृढ़ होगा। फिर ध्यान केंद्रित करने के लिए श्री-विग्रह के अलावा उससे अधिक कौन सा विषय हो सकता है जो अच्युत हो, अमर्त्य हो, अचल हो, सुंदर हो। ध्यान एवं उपासना के लिए मूर्ति पूजा आवश्यक है।

नमः शान्ताय तेजसे-जीवन में शांति, तेजस्विता और समाधान की त्रिपुटी लाने के लिए दृष्टिकोण बदलना आवश्यक है-हम यदि जीवन वैभव को वस्तु निष्ट (Objective Happiness) मान बैठे हों तो हमारी भारी भूल है। यदि सुख-वैभव वस्तु निष्ठ ही होता तो जिनके पास अटूट संपत्ति है-जिनके अच्छा बड़ा परिवार है-बहुत मित्र, नौकर अथवा सहायक हैं उसे हम पूर्ण सुखी शांत एवं तेजस्वी पाते लेकिन बहुधा ऐसा होता नहीं है। जीवन वैभव वस्तुनिष्ठ नहीं अपितु आत्म निष्ट है। सुख व दुख दोनों की ओर, इच्छित अनिश्चित, सफलता असफलता, कृतज्ञ कृतघ्न, अपेक्षित उपेक्षित सब में सम-भाव सम बुद्धि लाना आवश्यक है जिससे आप विचलित न हों नैराश्य नहीं लावें। यह तब संभव है जब हम समस्त तत्वों को प्रभु प्रसाद समझें। प्रसाद की मंगलमयता की भावना बुद्धि हेतु मूर्ति पूजा आवश्यक है। पूजा बिना प्रसाद का अस्तित्व नहीं. पूजोपरांत प्रसाद ग्रहण करते ही यह भावना सचेत व स्पष्ट रूपेण जागृत हो जाती है कि इस जीवन में जो कुछ भी है, जो कुछ

With best Compliments from :
DOOARS TRANSPORT
39, Chakla Street, Bombay-3.

हुआ है, हो रहा है अथवा अब होनेवाला है वह सब प्रभु प्रसाद ही है अथवा मंगल ही मंगल है–इससे जीवन में शांति एवं तेजस्विता आती है.

"हूँ हरि नो हरि छे मम रक्षक
ऐ भरोसो जाय नहीं
जे हरि करशे ते मम हितनो
ऐ निश्चय बदलाय नहीं"

यह भावना प्राप्त करने एवं संवर्धन करने के लिए मूर्तिपूजा ही साधन है। प्रसाद-भाव से जीवन आनंदित एवं भव्य लगता है और भक्ति का उत्साह बढ़ता है।

जीवन में हमें अपने से भिन्न एक ऐसे अन्य की आवश्यकता रहती है जिसके सामने हम अपना हृदय खोल सकें सुख भी व दुख भी सफलता भी विफलता भी, संक्षेप में पाप भी पुण्य भी कह सकें अपनी भूलें स्वीकार कर सकें। जीवन उत्थान की यह क्रिया यदि हम दूसरों के सामने करें भले वे हमारे नजदीक के हों, रिश्तेदार हों तो वे हमारी हंसी करेंगे-हमें मूर्ख ठहरायेंगे-हमारा कौतुक करेंगे और इसी में आनंद लेंगे, ऐसे लोग हमें दीनता का, हीनता का अनुभव कराने पर तुलेंगे लेकिन कोई भी जीवन के उच्चतम स्तरों पर हमें ले जाने को तैयार नहीं। मानव की सहज प्रकृति के अनुसार कभी कभी वह अपने सुख-दुख दूसरों को कहे बिना रह नहीं सकता और उसकी इस उद्विग्नता अथवा उत्साह दोनो की सचेतन अभिव्यक्ति करने के लिए सामने दूसरा कोई चाहिये। मानव की साधना विकास हेतु भी उसे अपनी भूलें स्वीकार करने का अवसर मिलना चाहिये। यह स्पष्ट सब काम एक मात्र प्रभु के समक्ष ही निश्चितता पूर्वक किया जा सकता है और इसी लिए जीवन विकास के लिए-साधनामें स्थिर होने के लिए मूर्तिपूजा आवश्यक है।

जीवन विकास में साध्य प्राप्ति अथवा लक्ष्य प्राप्ति में अहं एवं क्रोध बहुत बड़ा अवरोध करते हैं। अहं निकालने अथवा कम करने के लिए विनम्रता बढ़ना चाहिये–दूसरों के सामने विनम्र होकर अहं निकालने का अभ्यास बहुत कठिन है और ऐसा करने में उसे स्व–सम्मान भाव रोकता है। मूर्ति पूजा में प्रभु की भाव-पूर्वक नमन करते ही (जिसमें नम्रता एवं आज्ञा पालन दोनों निहित हों) अहं शिथिल हो जाता है-भगवान की महानता और जीव की लघुता, प्रभु की सर्वज्ञता व जीव की अल्पज्ञता का ज्ञान होता है और यहीं विनम्र भक्ति का आविर्भाव होता है। भाव पूर्वक मंत्रोच्चारण अथवा प्रार्थना एवं स्तुति करने से अहं तो शिथिल पड़ ही जाता है साथ ही वाणी में माधुर्य भी आता है एवं क्रोध अथवा कठोरता कम होती जाती है। सतत भाव बद्ध मूर्ति पूजा से अहं एवं क्रोध दोनों शून्य बनते हैं एवं साधना में सुगंध आने लगती है-ऐसे विकासशील मानवी के लिए मूर्ति पूजा एक अभ्यास क्रम है।

जीवन में शांति एवं समाधान तभी आता है जब जीवन में अभय हो। पूर्ण अभय प्रभु की शरणागति भाव बिना नहीं प्राप्त होता। शरणागतिभाव लाने एवं पुष्ट करने के लिए मूर्ति पूजा ही योग्य साधन है, शरणागति दृश्य की ही हो सकती है अदृश्य की नहीं।

मनुष्य स्वभावानुसार मृत्यु-भय से घिरा रहता है। उत्कट भावमय पूजा से तल्लीनता एवं सादात्म्यता से प्रभु प्रेम बढ़ता है-प्रभु मेरे हैं इतना ही नहीं मेरे लिए हैं और केवल मेरे लिए ही हैं। ऐसा ही जाने पर मूर्ति-पूजा से मृत्यु का भय निकल जाता है। इतना ही नहीं बल्कि मृत्यु एक साधारण आवश्यक नैसर्गिक क्रिया लगती है। इतना ही नहीं प्रभु-धाम में जाने को फिर डर लगता ही नहीं और मरण भी एक आल्हादित क्रिया बन जाती है, प्रारब्धानुसार रूपांतर मात्र लगने लगता है।

मूर्तिपूजा एक दूसरा भाव भी प्रदान करती है। जीव को यह लगता है कि मैं जिस पूर्ण का एक अंश हूं उस पूर्ण की पूजा करता हूं और मैं भी उस पूर्ण का एक अंश हूं इसलिए पूर्ण में और मुझ अंश में दोनों में एक

With best Compliments from :
Messrs. MAHADEO GANGAPRASAD
Distributors for:
SIRPUR PAPER MILLS LTD.
Bombay Mutual Annexe,
Gunbow Street, Bombay-1.

ही भाव एक ही शक्ति है-मैं भी सत्यं शिवं सुन्दरम् का हीं अंश हूं-मैं हलका नही हूं, क्षुद्र नहीं त्याज्य नहीं, मेरे जीवन को भी पूर्ण की सुगंध पूर्ण का, सौंदर्य, पूर्ण की शक्ति का स्पर्श है- मैं भगवान का हूं ऐसी भावना और अस्मिता जागृत होती है। जीवन विकास के लिए और जीवन को आनंदमय बनाये रखने के लिए यह अस्मिता आवश्यक है और यह अस्मिता जीव को शिव के पूजन से मिलती है। मूर्ति पूजा में से मिलती है।

जीवन साफल्य के लिए ज्ञान कर्म और भक्ति के त्रिवेणी-संगम की आवश्यकता है। केवल ज्ञान से जीवन शुष्क रहता है। उससे केवल पांडित्य-प्रदर्शन किया जा सकता है-ज्यों ज्यों ज्ञान बढ़ता है भाव कम होता जाता है। केवल कर्म से मनुष्य के पाखंडी दंभी बन जाने की संभवना बनी रहती है-उद्दंड या स्वेच्छाचारी बन सकता है-जो कर्म ज्ञान की भूमि पर आधारित नहीं है वह निष्फल है और विनाश की ओर ले जाता है-जिस ज्ञान और कर्म को भाव का यानी भक्ति का स्पर्श नहीं है वह मनुष्य को इधर उधर भटकाता रहता है-ध्येय हीन, उद्देश्य हीन बनाते है और साफल्य प्राप्त नहीं हो सकता है-उसी तरह केवल भाव यानी भक्ति भी मनुष्य को निराशावादी और अकर्मण्य बना देती है-भक्ति भी ज्ञानमय होनी चाहिये और सत्कर्म की प्रेरक होनी चाहिये यानी ज्ञान कर्म और भक्ति का ऐसा बद्ध त्रिकोण है कि इसमें से किसी को भी अलग निकाला नहीं जा सकता-साधारण मनुष्य के लिए तीनों का होना आवश्यक है। भक्ति नौ प्रकार की कही है-श्रवण कीर्तन से लगाकर आत्मनिवेदनम् तक की नौ प्रकार की सभी भक्ति मूर्ति-पूजा से ही प्राप्त होती है। भक्ति का आधार भक्ति का जन्म मूर्ति-पूजा में ही है-भक्ति के लिए द्वैत होना चाहिये। इष्ट होना चाहिये-दृष्ट होना चाहिये। भक्ति यानी सगुण साकार ही उपासना यानी मूर्ति पूजा।

मूर्ति-पूजा से भगवान पर भाव व श्रद्धा बढ़ती है-प्रभु प्रेम और प्रभु भाव की परिणति प्रभु-निर्मित सृष्टि प्रेम में होती है-विश्व-सृष्टि उपर भाव निर्माण होता है-सृष्टि की तरफ आत्मीयता का भाव आता है-दृष्टिकोण बदलता है। इसका अन्ततोगत्वा परिणाम कर्म करने का दृष्टिकोण बदलता है जिससे प्रारब्ध बदलता है और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है-सारांश में कहा जाय तो मनन करने पर यह निश्चित हो जाता है कि मूर्तिपूजा की प्रथम सीढ़ी से ही मुक्ति की अंतिम सीढ़ी तक पहुँचा जा सकता है और सरलता से—क्रम से।

जीवन विकास की साधना के लिए पहले मनुष्य बनना पड़ता है यानी मनुष्यत्व भाव लाना पड़ता है-मनुष्यत्व भाव के लिए आत्म प्रत्ययवान, महत्वाकांक्षा, परोपकार (पर+उप+कार=ब्रह्म के पास ले जाने वाली सत्कृति) एवं कृतज्ञता तीनों आवश्यक हैं- कृतज्ञता के भाव बिना मनुष्यत्व का अस्तित्व नहीं-कृतज्ञता लाने और टिकाये रखने के लिए मूर्ति पूजा उत्कृष्ट साधन है।

वैसे मूर्ति पूजा और चित्र पूजा (क्रिया भेद को छोड़कर) एक ही स्तर पर खड़ी है-जीवन विकास और साधना के लिए कोई आधार, प्रेरणा-स्रोत अथवा आदर्श-प्रणेता होना चाहिये। गुण विकास के लिए यह आवश्यक है और यह भाव हमें मूर्ति पूजा में से मिलता है, मूर्ति पूजा या चित्रपूजा मानव विकास की एक आवश्यक वैज्ञानिक प्रक्रिया है-मूर्ति पूजा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे यदि समझकर स्वस्थ दृष्टिकोण से की जाय तो उसका प्रभाव तीव्र होता है अन्यथा वैसे भी की जाय तो भी इसका प्रभाव धीमा पड़ता रहता है-भक्ति को मूर्ति पूजा या चित्र पूजा की इस प्रक्रिया को रखना या बनाना यह अपने ही हाथ की बात है।

थोड़े में कहना हो तो जीवन विकास के सभी गुण मूर्ति पूजा से मिलते है और इसीलिए मूर्ति पूजा की जीवन में अत्यंत आवश्यकता है-यह एक ऐसा सरल रास्ता

With best Compliments from :

The Hindusthan Sugar Mills Ltd.,
51, Mahatma Gandhi Road,
Bombay-1.
Phone **255721** *Gram :* SHREE
Telex : **011-2563**

With best Compliments from :

G. DAS AND COMPANY PVT. LTD.
Navsari Chambers, 3rd floor,
Outram Road, Fort, Bombay-1.
Gram : PUNANIRMAN Phone : **263921**

है और सुलभ साधन है जिससे यात्रा के महान केंद्र यानी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है-शास्त्रों ने दूसरे रास्ते भी बताये हैं किन्तु सर्व साधारण के लिए सुलभतम रास्ता यही लगता है।

मूर्ति पूजा से अन्य कई भाव प्रकाशित होते है ... मस्तक पर तिलक लगाते समय प्रश्न खड़ा होता है कि मस्तक पर ही चंदन-रोली क्यों ? उत्तर ध्यान में शीघ्र आता है कि मस्तिष्क बुद्धि का केंद्र स्थान है--कंट्रोलिंग पॉवर नियंत्रक शक्ति का निवास वहाँ पर है इसलिए चंदन लगाकर तिलक लगाकर मैं बुद्धि की पूजन करता हूं-बुद्धि को अशुद्ध तेजस्वी एवं कुशाग्र करने की भावना नित्य मूर्ति पूजा में से मिलती है-दूसरा भाव यह बना रहता है कि मेरी बुद्धि हमेशा पूजने योग्य बनी रहे-और इससे एक स्वस्थ दृष्टिकोण का निर्माण होता जाता है। मूर्ति को पुष्प चढ़ाते समय कल्पना आती है कि भगवान को पुष्प क्यों पसंद है-पुष्प में कोमलता सुगंध एवं सौंदर्य होने से पूजा मे चढ़ते हैं। सच्ची पूजा जीवन पुष्प अर्पण करते से होती है और जीवन पुष्प चढ़ाते के लिए पहले उसमे सत्कर्म की सुगंध-बुद्धि की निर्मलता-आर्जवता-शुचिता एवं भाव-सौंदर्य निरखना चाहिये तभी यह जीवन पुष्प चढ़ाने योग्य बनेगा तभी पूजा की पूर्णता आवेगी और आनंद प्राप्ति होगी-यह भाव मूर्ति पूजा में से ही मिलती है।

वैसे देखा जाय तो मूर्ति पूजा में संपूर्ण भारतीय दर्शन-तत्व समाविष्ट हो जाता है।

मन में उठने वाले अनेक विचारों एवं कल्पों को स्थिर करने के लिए मन को कहीं केंद्रित करना तो पड़ता है-फिर भगवान की मूर्ति में ही क्यों न केंद्रित किया जाय दूसरी बातों के बजाय।

कोई भी कृति के अच्छे या बुरे होने का मापदंड उसकी क्रिया से नहीं किया जा सकता किन्तु उस कृति के पीछे हेतु अथवा उद्देश्य से होता है-बुद्धि का हेतु उच्च करने के लिए मूर्ति पूजा आवश्यक है क्योंकि सामने की मूर्ति विश्वकर्ता की होने से बुद्धि की उससे तद्रुपता होने पर बुद्धि भी महान होती जाती है और बुद्धि के संकल्प और हेतु महान होते रहने पर कृति में महानता आती है।

जिस तरह प्रत्येक व्यक्ति की इच्छायें अलग अलग होती हैं उसी प्रकार प्रत्येक भक्त की इच्छाओं को मान देकर विश्वकर्ता अलग अलग रूपों से आविर्भूत हुआ और इसीलिए अनंत मूर्तियों का निर्माण हुआ। किन्तु तत्व तो एक ही है-जिस तरह एक ही व्यक्ति के अलग अलग नाम अथवा संबोधन होते हुए भी, जैसे एक ही व्यक्ति को सेठ, पिता, पुत्र, पति, नौकर आदि नाम से पुकारा जाता है उसी तरह एकही तत्व को अलग-अलग नाम से स्मरण किया जाता है अलग अलग रूप में उसकी आराधना की जाती है-और अलग-अलग व्यक्ति का मानसिक विकास अलग-अलग स्तर पर पर होने से (Psycocogical development) उसे उसके विकासानुसार ही मूर्ति मिलनी चाहिये और इस कारण से भी अलग अलग मूर्तियों का निर्माण हुआ है और इसी क्रम से उत्तरोत्तर बढ़ने पर निर्गुण निराकार के ध्यान तक पहुंचा जाता है।

समाधि अवस्था में तत्व को अनुभव करनेवालों ने तत्श्चात स्तोत्र स्तुति आदि रूप से उसका वर्णन किया जिसे शिल्पियों ने समझा और पत्थर अथवा लकड़ी अथवा कागज पर मूर्ति बनाई-मूर्ति का कर्ता भवन ही है-शिल्पकार तो मूर्ति को केवल भौतिक आकार देता है। जैसे चंद्र पर पहुंचने के लिए पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण छोड़ना पड़ता है फिर शून्याकाश मे रसना पड़ता है और फिर चंद्र के गुरुत्वा कर्षण में प्रवेश लेना पड़ता है उसी प्रकार निर्गुण निराकार रूप में लीन होने के लिए निर्विकल्प समाधि के लिए पृथ्वी पर का वातावरण छोड़ना पड़ता है इसके लिए प्रथम सविकल्प समाधि लगना चाहिये जिसका आधार मूर्ति पूजा है।

उपरोक्त विचार मूर्ति पूजा के तीनो प्रकार तन-पूजा, गुण-पूजा एवं तत्व-पूजा के लिए लागू पड़ते हैं– मूर्ति बदलना नहीं चाहिये उसमें चित्त की चंचलता का आभास होता है।

यह विश्लेषण आपके समक्ष प्रस्तुत किया है जिसे आप भी बुद्धि की कसौटी पर कसें और विश्वास है आप भी इसी निर्णय पर पहुंचेंगे कि मूर्ति पूजा की जीवन में कितनी आवश्यकता है।

मुझे नई दृष्टि मिली

–श्रीदुर्गाप्रसाद गुप्त, बलिया

'भोजन से शक्ति का कोई संबंध नहीं है' यह बात पूज्य योगीजी से लगभग ७–८ वर्ष पहले एक प्रवचन में सुनी तो कुछ अजीब सा लगा किन्तु जब उन्होंने इस बात को बार-बार दुहराया और जोरदार ढंग से कहा तो कुछ सोचने समझने के लिये विवश हो गया, फिर भी बात कुछ समझ में नहीं आई। उन्होंने रामायण के जीवनोपयोगी पक्ष की वैज्ञानिक ढंग से व्याख्या प्रस्तुत की थी। मेरे लिये रामायण कोई रुचिकर ग्रन्थ नहीं था, मैंने उस समय भी उसे नहीं पढ़ा था और न आज ही पढ़ पाया हूँ। योगी जी के प्रवचन सुनने के बाद यदाकदा कुछ पन्ने उलट-पलट कर देखे तो इतना अवश्य समझ गया कि इसमें अयोध्या के राजा राम का भी वर्णन है, साथ ही उस राम से भी परिचय कराया गया है जो सबके भीतर रमा हुआ है तथा उस राम की ओर भी इंगित किया गया है जो इन दोनों से पृथक है। रामायण में जो कथा-भाग है वह तो केवल सूत है उस माला का जिसमें राम-नाम की मणियाँ पिरोई गई हैं। यह समझते ही रामायण के प्रति मेरे पहले के भाव में परिवर्त्तन हो गया और मैं उसे केवल महान काव्य-ग्रन्थ ही नहीं बल्कि श्रेष्ठतम आध्यात्मिक ग्रन्थ भी मानने लगा।

एक बार योगीजी के बलिया वाले प्रवचन में उनके साथ कुबेर बाबू को भी देखा। वे मेरे पूर्व परिचित थे। मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ यह देखकर कि योगीजी की मान्यताओं पर उनकी अपार श्रद्धा है। तब मेरा पैर भी कुछ अधिक तेजी से आगे बढ़ने लगा। उन दिनों योगीजी की उपस्थिति में ८–१० लोग नवरात्र-व्रत कर रहे थे। मैं भी उसमें शरीक हो गया और मैंने भी बिना अन्न ग्रहण किये केवल लौकी का रस लेकर नौ दिनों का व्रत कर डाला। मैंने यह बात घरवालों को छोड़ किसी से बताई नहीं और उसके बाद केवल शाम को ही अन्नमय भोजन करने लगा। एक महीने के अंदर ही मेरा वज़न ३० पौंड घट गया। शरीर काफी दुबला हो गया। उस समय लोग मुझे एक पूर्ण स्वस्थ और सुन्दर डीलडौल वाले व्यक्ति के रूप में देखते थे किन्तु वे लोग यकायक रोगी मानने लगे जबकि मैं अपने को अन्दर से पूर्ण स्वस्थ समझता था और मेरी कार्य-क्षमता घटी नहीं बढ़ी ही थी। रोज ६ मील चलकर गंगास्नान तथा अन्य सारे कार्य पूर्ववत् ही करता था। मेरी फुर्त्ती अधिक बढ़ गई और कार्य करते समय कोई थकावट नहीं आती थी। फिर भी जिसने देखा मुझे बीमार ही घोषित किया। मैं समझता था कि मेरी कई बीमारियाँ चली गईं और शायद अब कभी बीमार पड़ूं नहीं। मुझे अक्सर सर्दी-जुकाम हो जाता था, वह बिल्कुल बन्द होगया और मेरे बॉये हाथ के जोड़ों में कभी कभी बहुत बेचैन कर देने वाला दर्द होता था वह भी दूर हो गया। फिर भी दूसरों ने मुझे बीमार के रूप में ही देखा किन्तु मुझ पर इन बातों का कोई असर नहीं पड़ा। इस संबंध में दो प्रसंग बड़े ही रोचक हैं:—

१. मैंने जीवन बीमा कराया था। जिस साल नवरात्र व्रत किया उसके एक साल पहले वाली किश्त जमा करने का निर्देश अपने पुत्र अशोक जी को देकर मैं बाहर चला गया उन्होंने भूल से जमा नहीं किया। एक साल बाद जब मैंने अगले साल की किश्त जमा कराने को भेजा तो मालूम हुआ कि पिछला बकाया भी जमा

With best Compliments from :
ELITE ENTERPRISES
Chhabra Estate, Bulsarai Colony Road,
Vakola Bridge, Snntacruz (East)
Bombay-55.

With best Compliments from :
A WELL WISHER

करना है और स्वास्थ्य के बारे में मेडिकल सर्टिफिकेट भी देना है। रुपया तो जमा कर दिया किन्तु मेडिकल सर्टिफिकेट लेने जब गया तो वजन पहले से ३० पौंड़ कम था। रिपोर्ट जब जीवन बीमा के वाराणसी कार्यालय में गई तो वहाँ के मैनेजर ने मेरी पालिसी के नवीनीकरण से इंकार कर दिया और मुझसे कैफियत तलब की। मैंने कहा कि मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं वजन चाहे जो भी हो। इस बार बलिया के दो दूसरे डाक्टरों से जाँच कराने का निर्देश हुआ। वे लोग भी यही लिखते रहे कि वजन भले ही ३० पौंड कम है किन्तु स्वास्थ्य में कोई दोष नहीं दिखाई देता। फिर भी वाराणसी के मैनेजर ने स्वीकार नहीं किया और वे स्वयं बलिया आये और मुझे बलिया आफिस में बुलाया तथा अपने सामने एक डाक्टर से जाँच कराया। जब मुझे साँस बाहर निकाल कर पुनः श्वास से सीना भरने को कहा गया तो सीना ३॥ इंच बढ़ गया। यह देख कर उन लोगों के आश्चर्य का ठिकाना न रहा और उन लोगों ने तुरंत मुझे पूर्ण स्वस्थ घोषित कर पालिसी का रिन्यूअल कर दिया।

२. मेरी बड़ी लड़की की शादी की बातचीत कहलगाँव (भागलपुर) में चल रही थी। लड़के के पिता को किसी ने मेरे बारे में मेरा पहले का मोटा-ताजा फोटो दिखाकर यह भ्रम पैदाकर दिया था कि मैं किसी कठिन बीमारी से ग्रसित हूं तभी शरीर में इतना अंतर आ गया है। मैं एक बार कहलगाँव गया। चूंकि भोजन भी एक समय ही करता था और नाश्ता भी नहीं करता था इसलिये उन लोगों ने पूरी तौर पर विश्वास कर लिया कि मैं रोगी हूं। शाम को घूमने की बात हुई। तै हुआ कि गंगा जी के बीच में जो पहाड़ है उस पर चला जाय। नाव से सभी लोग पहाड़ पर पहुँचे। पहाड़ पर कई ऊँचे टीले हैं। सभी लोग उधर की ओर बढ़े। पहाड़ के सबसे ऊँचे टीले पर मैं देखते-देखते सबसे पहले पहुँच गया। अन्य लोगों में कुछ ही पहुँच पाये और कई लोग तो बीच में ही रह गये। जब मैं नीचे उतरा तो जो लोग मुझे बीमार समझे थे उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ और उन लोगों ने तब बताया कि उन लोगों को किस प्रकार भ्रम में डाला गया था। बादमें पुत्रीकी शादी भी वहीं हो गई।

मुझे व्यावसायिक कार्यों के सिलसिले में महीने में १०–१५ रोज बाहर ही रहना पड़ता था। अब भी काफी जाना पड़ता है। जब भी बाहर जाता तो लौटने पर गंभीर रूप से सर्दी–जुकाम से पीड़ित हो जाता। जबसे दिन में भोजन करना बन्द कर दिया तब से बाहर से लौटने पर इस प्रकार की कभी कोई शिकायत नहीं हुई। मैं अब जब भी बाहर जाता हूँ कम-से-कम ८–१० मील का चक्कर पैदल लगाता हूँ, कम-से-कम १४ घंटे कार्य करता हूँ। रात में भी अगर भोजन कुछ ठीक ढंग का मिला तो कर लेता हूँ अन्यथा कुछ पेय पदार्थों से काम चला लेता हूँ। बिना किसी प्रकार की थकावट महसूस किये घर वापस आकर पुनः अपना कार्य करने लगता हूँ।

इन अनुभवों से पूज्य योगी जी की विचारधारा पर विश्वास जम गया। यह बात स्पष्टतया महसूस करने लगा कि भोजन से बोझिल शरीर आलस्य का केंद्र बन जाता है वैसी दशा में कार्य करने से क्रिया-शक्ति दो मोर्चों पर बँट जाती हैं, भोजन पचाने और कार्य करने में। इससे दोनों ही कार्य ठीक प्रकार से नहीं हो पाते हैं। न तो भोजन ही पच पाता है और न मनोयोगपूर्वक कार्य ही हो पाता है। दूसरे यह बात भी अनुभव में

EXCEL AUTO AND GENERAL INDUSTRIES
Suba Trading Company
Spares Right Works

With best Compliments from :
ASHOK LEYLAND LTD.,
Madras.

आई कि शरीर के अन्दर विकार रहेंगे तो पूरी क्षमता से कार्य कर सकना संभव नहीं होगा। इसलिये जब कम-जोरी मालूम हो तो यही मानना चाहिये कि विकार अभी मौजूद हैं। भोजन-जन्य विकारों से बचने के लिये श्रम के बाद ही भोजन करता हूँ और भोजन के बाद विश्राम अवश्य करता हूँ। यदि विश्राम में कोई अड़चन होती है तो भोजन को टाल देने का ही प्रयत्न करता हूँ। अब तो यह एक स्वभाव-सा बन गया है। भोजन के लिये वह तड़प या हाय–हाय नहीं है। अब तो यह स्पष्ट हो चुका है कि अधिक भोजन जीवनी शक्ति पर भार स्वरूप है और पौष्टिक कहे जाने वाले भोजन भी विकारों को बढ़ाते ही हैं। भोजन का शरीर के निर्माण से गहरा संबंध है। वह शरीर बनाता है, बने हुए शरीर की दैनिक टूट-फूट को ठीक रखता है इसलिये इन आव-श्यकताओं की पूर्त्ति के लिये भोजन आवश्यक है। भोजन से शरीर बनता है, भोजन पचने के बाद रुधिर मांस आदि में परिवर्तित होकर शरीर का अंग बन जाता है। किन्तु यह समझना भी आवश्यक है कि भोजन को पचाता कौन है? भोजन को हमारी क्रियाशक्ति ही पचाती है। क्रियाशक्ति का हमारे अन्दर एक पृथक अस्तित्व है। यह हमें कार्य करने की क्षमता प्रदान करती और भोजन पचाकर हमारे शरीर का निर्माण करती है। हमको भारी भ्रम इस बात का हो गया है कि यह क्रियाशक्ति भोजन से बनती हैं जबकि भोजन केवल शरीर-निर्माण करता है। अगर भोजन से क्रिया शक्ति या जीवनी शक्ति बनती होती तब तो पहलवान लोग, जो बहुत पौष्टिक पदार्थ खाते हैं दीर्घजीवी होते और उनमें अत्यधिक क्रिया-शीलता होती। किन्तु उनमें दोनों का अभाव होता है। वे दीर्घजीवी भी नहीं होते और फुर्ती तो उनमें होती ही नहीं। पौष्टिक भोजन तथा व्यायाम से उनके शरीर का खूब निर्माण हुआ होता है यह तो स्पष्ट है, किन्तु क्रिया-शक्ति उनकी बढ़ती नहीं बल्कि काफी घट जाती है। मेरे भोजन में चौबीस घंटों में अन्न की मात्रा साधारण-तया एक पाव से अधिक नहीं होती और इससे मुझे पूरा संतोष मिल जाता है। बीच में रुकावटें भी आती हैं जब कभी कुछ भोजन अधिक भी कर लेना पड़ता है किन्तु यह समझता हूं कि इससे कोई अतिरिक्त शक्ति मिलने की बात नहीं है यह तो किसी के आग्रह को स्वीकार कर लेना मात्र है। नतीजा यह है कि ५४ वर्ष की आयु में भी लगातार १६ घंटे तक कार्य करने पर भी कोई थकावट की बात नहीं आती।

भोजन के संबंध में विकारवाद पर गहरी आस्था हो जाने के बाद अन्य सिद्धांतों को समझने में अपेक्षाकृत कम कठिनाई हुई। समझ में आया कि अस्वस्थ शरीर का कारण भीतर की गन्दगी, अस्वस्थ मन का कारण वस्तु-ओं में आसक्ति, तथा भ्रमयुक्त बुद्धि का कारण पुस्तकों को ज्ञान का आधार मानना है। इन सिद्धांतों को तर्क की कसौटी पर कसने की अब आवश्यकता नहीं रही। मेरे लिये ये जीवन के शाश्वत सिद्धान्त बन गये हैं। मैं इनको जिस मात्रा में व्यावहारिक रूप दे पाता हूँ उससे कुछ अधिक ही लाभ पा लेता हूँ। अनजाने में ही भीतर ही भीतर कुछ भारी परिवर्त्तन हो गया है, सोचने समझने और करने का दृष्टिकोण ही बदल गया है। ★

With best Compliments from :
METRO - TUBE TRADING CO.
131-135 Narayan Dhuru Street,
Bombay-3.
Phone : **324711.**
Pipe Fitting, Valves and Asbestos Goods.

With best Compliments from :
AHUJA TYPE FOUNDRY
Kothari Mansion,
Opposite G.P.O., Bombay-1.
Gram : AHUJATYPES Phone : **265530**

शाश्वत आस्था का संदेश

—डा. टी. एन. सिंह

लंका-अभियान के समय अपने साथियों सहित उतुङ्ग पर्वत शिखर पर बैठे हुए भगवान राम ने नवोदित चन्द्रमा की ओर देखा और उनके मन में अनेक कल्पनाएं उठने लगीं —

'पूरब दिसा बिलोकि प्रभु, देखा उदित मयंक।
कहत सबहि देखहु ससिहि, मृगपति सहित असंक ।।'

इत्यादि। उनके साथियों ने चन्द्रमा की कालिमा के संबंध में जो विचार व्यक्त किये वे मानवीय भावनाओं के प्रकृति पर आरोपण के परिचायक हैं। तुलसीदास ने यहाँ विशुद्ध कवि-धर्म का निर्वाह किया है।

आज जब मनुष्य सचमुच चन्द्रमा पर पहुँच चुका है तो सामान्य मनुष्य के मन में अनेक मध्यकालीन आस्थाओं के प्रति शंका उठती है। राम-कथा के कई प्रसंगों को लेकर लोग कुतर्क में पड़ते हैं। अधकचरी आधुनिकता उन्हें और अधिक अनास्थावान बना देती है। यही आधुनिक युग की सब से बड़ी विडंबना है। अगर कोई मुझ से पूछे कि तुलसी-साहित्य का सबसे बड़ा संदेश क्या है तो मैं कहूंगा कि शाश्वत आस्था का संदेश। यही संपूर्ण दर्शनों और मानवीय चिंतन की परम उपलब्धि भी है। उक्त प्रसंग में तुलसी ने केवल कवि की दृष्टि से राम का परिचय दिया है। दार्शनिक रूप में उनका मत है— "राम अतर्क्य बुद्धि मन बानी।" आज से साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व फ्रांसिस बेकन ने कहा था कि—"छिछला दर्शन-ज्ञान मानव मस्तिष्क को नास्तिकता की ओर झुकाता है और दर्शन ज्ञान की गहनता मानव मस्तिष्क को धर्म के रंग में रंग देती है।" यदि इस उक्ति को आधुनिकतावादी मध्यकालीन चिंतन का अंग मानें तो मैं आधुनिक युग के महान गणितज्ञ और भौतिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी चिंतक आइंस्टीन का कथन उद्धृत करता हूं— "मैं मुख्यतः धार्मिक व्यक्ति नहीं वैज्ञानिक हूं। मेरा धर्म इस विनम्र स्वीकृति तक ही सीमित है कि विश्व में एक ऐसी सर्वोपरि सत्ता अवश्य है जो सीमातीत है और जो प्रकृति के उन सूक्ष्मातिसूक्ष्म कार्यकलापों में अपने को अभिव्यक्त करती है, जिसे हमारा अव्यक्त अल्पशक्ति मन देखता एवं अनुभव करता है। संपूर्ण विश्व जिस असीम प्रज्ञानमय प्रभु सत्ता से अनुशासित हो रहा है, वही ईश्वर है . . ." और आइंस्टीन के सिद्धांतों में संशोधन प्रस्तुत करने वाले प्रो० हायल के सहयोगी नवयुवक भौतिकीविद् नार्लेकर से जब किसी ने ब्रह्मांड में मानव के विचरण की संभावनाओं के संबंध में पूछा तो उसने बड़ा अलंकारिक उत्तर देते हुए कहा—"निस्सीम ब्रह्मांड को जानने के लिए मनुष्य का प्रयत्न वैसा ही है जैसे किसी जलयान के केबिन में बैठा हुआ खटमल सागर की थाह लेना चाहे।" यही वह सीमा रेखा है जहाँ वैज्ञानिक और भक्त के चिंतन मिल जाते हैं। भक्त अपनी असमर्थता की अनुभूति से सहज समर्पण कर, कह उठता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी ही विषम क्यों न हो भगवान उसकी रक्षा करेंगे ही—

'कानन भूधर बारि बयारि महा विष व्याधि दवा अरि घेरे।
संकट कोटि जहाँ तुलसी सुत मातु पिता हित बंधु न नेरे ।।
राखिहे राम कृपालु तहाँ हनुमान से सेवक है जिन केरे।
नाक रसातल भूतल में रघुनायक एक सहायक मेरे ।।'

तुलसी का यह मत है कि आस्था के अभाव में समस्त जागतिक कर्म यंत्रवत् चलते हैं। वे निस्सार और जड़ हैं।

तुलसी का संपूर्ण चिंतन और साहित्य इसी अनन्य आस्था से आप्लावित है—

'जागिए न सोइए बिगोइए जनम जाँय,
दुख रोग रोइए क्लेस कोह काम को।
राजा, रंक, रागी औ विरागी भूरि भागी ये
अभागी जीव जरत प्रभाव कलि बाम को ।।

तुलसी कबन्ध कैसे धाइबो विचार अंध,
धंध देखियत जग सोच परिनाम को।
सोइबो जो राम के सनेह समाधि सुख
जागिए जो जीह जपै नीके राम नाम को ।।'

अनास्था की भौतिकोन्मुखी विचार-अन्धता केवल सामन्त वादी संस्कृति की समस्या नहीं थी, औद्यौगिकयुगके महान चिंतक कवि प्रसाद भी तुलसी के ही स्वर में स्वर मिला कर कहते हैं—

'श्रममय कोलाहल पीड़नमय विकल प्रवर्तन महायंत्र का।
क्षणभर भी विश्राम नहीं है प्राणदास है क्रियातंत्र का ।।

यहाँ सतत संघर्ष विफलता, कोलाहल का यहाँ राज है।
अंधकार में दौड़ लग रही मतवाला सारा समाज है ।।'

चन्द्रविजय के संबंध में प्रसिद्ध अंग्रेज इतिहासकार टायनबी ने कहा—"मैं इस चन्द्रयात्रा को सफल बनाने वाले विज्ञान और तकनीक से कभी प्रभावित नहीं हुआ हूं। अपनी बुद्धि से प्राप्त होने वाली, इस भयावह शक्ति की दृष्टि से मनुष्य का नैतिक आचरण सदैव अपर्याप्त रहा है।" ७३ वर्षीय प्रसिद्ध अमेरिकी समाजशास्त्री और दार्शनिक ममफोर्ड का मत है—"हमारे युग का प्रथम महत्वपूर्ण कार्य अन्तरिक्ष विजय नहीं, बल्कि शक्ति के नैतिक और अमानवीय विस्तार की बेदी पर जीवन मूल्यों को बलिदान करने वाले, संस्थाबद्ध अविवेक पर विजय पाना है।"

ध्यान देने की बात है कि ममफोर्ड जिस 'संस्थाबद्ध अविवेक' का उल्लेख कर रहे हैं सामान्य रूप से उसी की ओर तुलसीदास जी संकेत कर चुके हैं—" तुलसी कबन्ध कैसे धाइबो विचार अंध . . ." औद्योगिक युग को भी पीछे छोड़कर अमरीकी समाज टेक्नीट्रानिक युग में प्रविष्ट हो रहा है, किन्तु आस्था के अभाव ने उसे अशान्ति ही दी है। संयुक्त राज्य अमरीका में औसतन हर ३५ मिनट के बाद एक मनुष्य आत्महत्या करता है और २ घंटे बाद एक व्यक्ति पागल हो जाता है। फलस्वरूप पाश्चात्य विचारक यह बात अनुभव करने लगे हैं कि उनके समाज की इस बहिर्मुखी प्रगति में एकांगीपन है। विश्वप्रसिद्ध मनोरोग-चिकित्सक डॉ० कार्लजुंग ने Modern Man in Search of Soul ग्रन्थ में मानव जीवन में आध्यात्मिकता के महत्व का विस्तार से उल्लेख किया है। हेनरी मिलिक ने Return to Religion और एलेक्सी कैरेल ने Man the Unknown में ईश्वरीय सत्ता की आस्था में मानव कल्याण बतलाया है।

तुलसी का साहित्य कभी पुराना पड़ने वाला नहीं है। वह कभी 'आउट आफ डेट' नहीं होगा। वह मानव चेतना को निरंतर ऊर्ध्वमुखी करने का प्रेरणास्रोत है। उसमें जीवन के प्रति, पारलौकिक सत्ता के प्रति, नैतिकता और सत्कर्मों की अंतिम विजय के प्रति अगाध आस्था है। उनकी कविता का उत्स आनंद है—'भयो हृदय आनंद उछाहू। उमगेउ अन्तर प्रेम प्रबाहू।', और 'सुरसरि' की भाँति वह सब के हित के लिए प्रवाहित हुई। आज विश्व के वैज्ञानिक, दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्री मानव जीवन में जिस आस्था का महत्व स्वीकार करने लगे हैं तुलसी ने उसके महत्व को शताब्दियों पूर्व घोषित कर दिया था।

With best Compliments from :
BRIJMOHAN KALURAM
Bankers, Merchants & Commission Agents
46, 2nd Bhoiwada, Bhuleshwar,
Bombay-2.
Gram : KEYRING Tel Office : **334180.**
Market : **313053.**
Resi. : **294171.**

कल्याणकारी सत्पथ

— ओमप्रकाश मिश्र, एम. ए. एल. टी.

'सीय राममय सब जग जानी ।
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी ।।

वस्तुतः आज का मानव-जीवन त्रितापग्रस्त है। औषधालय एवं चिकित्सालय बढ़ते चले जा रहे हैं परंतु उससे कई गुनी मात्रा में रोग बढ़ते जा रहे हैं। जैसा कि संत तुलसी दास जी ने भी कहा है –"भेषज पुनि कोटिन्ह नहिं रोग जाहिं हरिजान।" जिस प्रकार एक मकान की छत में छेद है, जिससे वर्षाकाल में निरंतर पानी टपकता रहता है और हम लोग उस पानी को उलीचने में लगे रहते हैं। जितना पानी उलीच कर फेंकते हैं उससे अधिक ऊपर से फिर आ जाता है, जिसका परिणाम यह होता है कि परेशानी बढ़ती रहती है और कमरे का कीचड़ कभी समाप्त नहीं होता। यदि हम उस छेद को बन्द कर दें तो सदा के लिये हमारी परेशानी दूर हो जाय। यही दशा हमारी है। हम लोगों की यह धारणा बनी है कि भोजन से शक्ति प्राप्त होती है, औषधि से रोग चले जाते हैं, पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त होता है और धन से सुख मिलता है। यह सब पानी उलीचने के समान है।

मैंने स्वयं बड़े-बड़े सन्त-महात्माओं का उपदेशामृत पान किया तथा संपर्क किया, परंतु किसी ने ऐसा सुगम मार्ग नहीं बताया जिससे हमारे रोग, शोक, चिन्ता आदि मिटते। सब यही कहते हैं कि भगवान का भजन करो। परंतु भजन करते करते जीवन बीतता जा रहा है। न रोग जा रहे हैं, न शोक मिट रहे हैं, न चिन्तायें जा रही हैं और न भ्रम दूर हों रहा है। जब मैंने पूछा कि ऐसा क्यों है, तो उन लोगों ने बतलाया कि पूर्व-जन्म के संस्कारों के अनुसार यह सब कुछ होता रहेगा, उसे कोई नहीं मिटा सकता। मैं निराश हुआ।

तीन वर्ष पूर्व परम पूज्य योगी जी के संपर्क में आया। मैंने बड़े ध्यान से उनका प्रवचन सुना परंतु मेरे गले नहीं उतरा। आदरणीय श्री धनी राम शास्त्री जी से कई दिनों तक लगातार योगी जी के विचारों पर वार्तालाप किया। श्री शास्त्री जीने मुझे भली भाँति सरल ढंग से समझाया। मैंने उसके बाद तुरन्त ही पंचसूत्री साधन-प्रणाली पर चलने का प्रयत्न करना प्रारंभ किया। आश्विन में नवरात्रि का व्रत भी प्रथम बार ८ दिन तक फलाहार पर प्रारंभ कर दिया।

मैं बचपन से ही सर्दी-जुकाम का मरीज रहा हूँ। साथ ही वायु-विकार (Gastric trouble) से भी पीड़ित रहा। परंतु जब से योगी जी के संपर्क में आकर उनके बतलाये हुये मार्ग पर चला तब से सर्दी-जुकाम तथा वायु-विकार लगभग समाप्त हो गया अब किसी प्रकार का कष्ट नहीं है।

मैं अभी पूर्णरूपेण साधना नहीं कर पा रहा हूँ, अभी कुछ अंशों में ही अपना पाया हूँ परंतु इतने से ही मुझे पर्याप्त लाभ है। यदि कोई पूर्णरूप से इस साधन-प्रणाली को अपना ले तो वास्तव में उसका जीवन सार्थक हो जाय और निश्चिन्त होकर जीवन-मुक्ति प्राप्त कर ले। वह मेरा विश्वास है।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद् दुःख-भाग् भवेत् ।।

—oo—

With best Compliments from :

Excel Auto and General Industries

162, Nagdevi Street,
Bombay-3.

लंदन के एक साधक की डायरी से

[मानस साधना मंडलकी विचारधारा, जो परमपूज्य योगीजी प्रतिपादित करते हैं, उसकी वैज्ञानिकता, व्यवहारिकता और निश्चित सफलता का विवरण लंदन स्थिति भारतीय दंपत्ति श्री तथा श्रीमती जे. के. ठाकुर, ३–लाकेट रोड, वेल्डस्टोन, हैरो, मिडिलसेक्स (लंदन) से पत्र-व्यवहारके आधार पर की गयी साधनाका विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। चूंकि श्री ठाकुरके पत्रके उत्तरमें परमपूज्य 'योगीजी', डा० चन्द्र दीप सिंह एवं श्री कुबेर प्रसाद गुप्त द्वारा भेजे सभी पत्रोंकी प्रतिलिपियाँ यहाँ प्राप्य नहीं हैं, इस-लिए हम केवल श्री ठाकुर द्वारा भेजे गये पत्रोंके साधना संबंधी अंश ही यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं। ये अंश भी साधना और उसकी प्रगति पर यथेष्ट प्रकाश डालते हैं।

–संपादक]

(१)

लंदन
२७ नवंबर, १९६६

. . .मैं महान कष्टमें फँस गया हूँ। मेरी स्त्री (आयु २८ वर्ष) साँस रोगसे अत्यन्त पीड़ित है। भारत वर्षमें भी उसे दमाकी शिकायत थी। सोचा था कि लंदनमें अधिक मेडिकल सुविधा (फेसीलिटीज़) से आराम (रिलीफ़) हो सकेगा; किन्तु यह व्यर्थ रहा। सारे मेडिकल उपचार बेकार साबित हो रहे हैं। . . .यहाँ पर हमारा कोई भी सहायक या रिश्तेदार नहीं है। एक छोटी बच्ची गोदमें है, इस प्रकार इस आपत्तिसे जीवन अत्यन्त ही दुष्कर एवं बोझ बन गया है। डाक्टर लोग जो भी दवा देते हैं, उनसे क्षणिक लाभ होता है और हमेशा लेटे हुये भी खाँसी व साँसकी बेचैनीसे महान कष्ट रहता है। हमारे संकट को दूर करनेका जो भी उपचार आप उचित समझें लिखने की महती कृपा करें।

(२)

लंदन
२५ दिसंबर, १९६६

मुझे विश्वास था कि यदि मेरा पत्र ठीक पते पर पहुँच गया तो आप अवश्य ही कृपा करेंगे। यह बड़ी अर्थपूर्ण बात है कि मेरी स्त्री एक दिन जब निराश होकर बाहरसे लौट रही थी और प्रभुसे आखिरी बार प्रार्थना करने जा रही थी कि अब वह अपना जीवन समाप्त कर देगी, तब उसने भगवान के दर्शनार्थ ज्योंही (पूजाका) कमरा खोला तो उसमें भगवान तो बिराजमान थे ही, साथ ही आपका भेजा हुआ कृपापूर्ण लिफाफा भी था, जो सुबहकी डाकसे आया था। आशय स्पष्ट है, भगवाने ही साक्षात उसे आपके द्वारा रोग-मुक्ति का वरदान भेजा है। पत्र को पढ़कर ही उसके चेहरे पर अशाकी झलक आ गयी थी और जब मैं घर लौटा तो मुझे इस चमत्कार को समझने में अधिक देर नहीं लगी।

यहाँ की परिस्थिति बिल्कुल भिन्न है और हमें बिल्कुल कृत्रिम वातावरण में रहना पड़ रहना है। हरी सब्जियों में केवल पालक ही उपलब्ध होती है और वह भी अक्सर रेफ्रिजिरेटरमें डीप फ्रीजिंगमें रखी हुई बाजारमें बिकती हैं। इसी प्रकार मटर व सेम (हरी सब्जियाँ) भी बिकती हैं। खरीद कर खाने पर घरमें शीघ्र प्रयोग करना जरूरी हो जाता है। सलादके लिये लैटूस, फलों में सेब, आरेंज (संतरा) केला, पीअर्स, पाइन एपिल (अनानास) एवं खरबूजा ये प्रायः हमेशा ही मिलते हैं। आजकल भी यही फल चल रहे हैं। ग्रीष्म-कालमें पीचेज़, अनार एवं अन्य बेरीज इत्यादि भी मिलती हैं। इन फलों में हम लोग विशेषकर सेव और अंगूर ही लेते हैं। मैं अपने लिये आरेंज भी लेता हूँ, गाजर, टमाटर, बीट रूट (उबलाहुआ) भी, हमेशा प्राप्त रहता है। आलू, फूलगोभी एवं बन्दगोभी यही तीन सब्जियाँ हमें मिल पाती हैं, और हम लोग इन्हींका प्रयोग करते हैं व भिन्नता (चेन्ज) के लिए अपनी भारतीय दालें, मूँग, उर्द, अरहर, मसूर बाजारके इंडियन ग्रोसरसे ले आते हैं, ठंड बेहद होनेके कारण प्रोटीनकी जो शारीरिक आवश्यकता होती है, उसकी पूर्तिके लिए डाक्टरकी रायके अनुसार मुझे (-(लज्जाके साथ) अंडे भी लेनेके लिए बाध्य होना पड़ता है। चीज़ भी लेते हैं, दूध व दही केवल आधा पिंट ले पाते हैं। अतः आप कृपा कर यह समस्या सुलझा दें कि 'अंडे' यदि अवांछनीय भोजन है तो उन्हें हम किस प्रकार न लेकर इस ठंड में, जो कठोरतम एवं भीषण है, स्वस्थ

रह सकते हैं? मुझे स्वयं इतनी सावधानी बरतने पर भी अक्सर ठंड लग जाती है। लोग तो यहाँतक कहते हैं कि रात को ब्रांडी लेना आवश्यक है, पर मैं अभी इतना अधिक मार्गच्युत होना जरूरी नहीं समझता हूँ; क्योंकि केसर भी यहाँ (स्पेनसे) उपलब्ध हो जाती है और जब ठंडकी लहरें प्रखरतम होती हैं, हम लोग केसर मुँहमें रखकर चबाते रहते हैं। बन्द कमरोंमें स्वच्छ हवा न मिलनेसे कठिनाई और भी बढ़ जाती है। बाहर धूपका नाम नहीं होता, उल्टा बारिश होती रहती है या बादल छाये रहते हैं। प्रायः समय मिलता ही नहीं जो रामायण-पाठकी बात संभव हो। नहानेका समय भी महीनेमें यदा-कदा कठिनाईसे प्राप्त होता है। हमारे जीवनकी रूपरेखा इस प्रकार समझिये :—

(अ) प्रातः ६ बजे उठते ही भाग कर रसोईघर (किचन) में छोटी बच्चीके लिये दूध बनाता हूँ और उसे बोलतलमें भरकर सोती बच्चीके मुँह में लगाकर फिर अपने लिये सोंठ डालकर चाय बनाता हूँ, जिसे स्त्री भी पीती हैं। यह सर्वप्रथम पेय होता है क्योंकि बगैर इसके ठंडके जोरसे हाथ-पैर भी नहीं हिल पाते व शौच-क्रिया ठीकसे नहीं होती। यदि समय हुआ तो स्त्रीको दूध व अंडा एवं शहद ये तीनों चीजें मिलाकर दे देता हूँ और उसके बाद ही शीघ्र कपड़े पहन कर तैयार होकर बच्ची को बेबी माइन्डर (आया) के पास छोड़नेके लिये बच्चीके कपड़े बदलकर तैयार कर पैराम्बुलेटर (गाड़ी) में डालकर ले जाता हूँ और छोड़ आता हूँ तथा स्वयं भी काम पर भागता हूँ। प्रातः ८ बजे काम पर पहुँचना पड़ता है। यदि स्वास्थ्य ठीक रहा तो स्त्री भी काम पर उसी समय यानी प्रातः ७ बजे, जबकि बाहर अंधेरा ही होता है, चली जाती हैं।

(ब) काम पर लंचकी छुट्टी में साथमें घरसे रोटियाँ व आलू इत्यादि की सब्जी, जो ले जाते हैं, उसे व चीज़ ये ही चीजें खा लेते हैं।

(स) शामको ५ बजे स्त्री घर लौटती हैं (यदि काम पर गयीं तो) मैं ६ बजे लौटता हूँ। आते ही रोटियाँ और सब्जियाँ या दाल चावल जो भी हो मैं बनाता हूँ। फिर शीघ्र ही छोटी बच्ची को ले आता हूँ। उसे भी फीड कराता हूँ और भोजन समाप्त करते-करते घड़ी ९ बज चुकती है। अतः फौरन ही दूधमें २ अंडे व शहद स्त्रीको देता हूँ व स्वयं भी इसी प्रकार दूध व अंडे लेकर हम सो जाते हैं।

मैं आपके परामर्शानुसार मुनक्के ले आया हूँ। उनके रसका सेवन आरंभ आजसे कर रहे हैं व पालक, गाजर, चुकन्दर, टमाटर भी आध घंटे उबालकर फिर खानेका नियम बना रहे हैं। परंतु यदि घर पर ही रहा जाय तभी यह संभव होगा। यदि बाहर रहा जाय तो दोपहरको क्या खाना खायें यह समस्या होगी। कृपया सूचित करें। एक शंका यह भी है कि पालक, गाजर, टमाटर उबालने से उनके विटामिन्स तो नष्ट नहीं हो जावेंगे? या आपका तात्पर्य कच्ची सब्जियोंसे है यानी टमाटर, गाजर बगैर उबाले खाये जांय? चुकन्दर यहाँ उबला हुआ ही मिलता है। उसे दुबारा उबालना संभवतः निरर्थक होगा।

एक और बात आपके सामने रखना जरूरी है। गृहस्थ आश्रममें होनेसे एक छोटी बच्ची तो है ही। उसके बाद एक दूसरा जीव भी स्त्रीके गर्भमें आजकल है। प्रसव (डिलीवरी) संभवतः जूनमें होगी। डाक्टर स्पेशलिस्ट, जिसने पहली बच्चीका सिज़ेरियन (गंभीर) आपरेशन किया था, वही अब भी पूर्ण देखभाल कर रही है। पर दमा उसके हाथके बाहरकी चीज है। इस बार भी वह सीज़ेरियन आपरेशन करेगी, ऐसी राय उसकी मालूम देती है। अतः इस गर्भ (प्रेगनेंसी) के दौरान में भोजन (डाइट) में कमी या उपवास क्या वांछनीय होंगे? हम उसे सूखे मेवे (बादाम, अखरोट), ही विशेष कर देते हैं, जो वह दिनमें खाती रहती हैं और अंगूर व सेव भी खाती हैं।

(३)

लंदन

१२ जनवरी, १९६७

आपसे करबद्ध प्रार्थना यही है कि ऐसी ही कृपादृष्टि सदैव बनाये रखें। मेरी परिस्थिति आपके जितने भी साधक

With best Compliments from :
UNIVERSAL STATIONERY MART
Podar Chambers,
For Bombay-1.
Tel. : **311226.**

हैं, उन सबसे बढ़कर कष्टपूर्ण इस अर्थमें है कि संकटमें तो सभी रहे और सभी को आपके कृपापूर्ण मार्गदर्शनका सौभाग्य प्राप्त हुआ, पर मुझे संकटके साथ विदेश-स्थिति भी है, जहाँ मैं आपके दर्शन हाल-फिलहाल नहीं प्राप्त कर सकता। यह विकट समस्या बन गयी है। केवल पत्रोंका ही आधार है।

आपने जितनी भी बातें लिखीं हैं, उनका अध्ययन मनन एवं आचरण इस प्रकार आरंभ कर दिया है :–

१. मेरी स्त्री अब सारे दिन घर पर ही रहती हैं, क्योंकि 'सुन्दरकांड' का पाठ आरंभ कर दिया है। प्रातः उठते ही आज चायमें मुनक्के व सोंठ डालकर पेय बनाकर एक गिलास उसीका सेवन हम दोनोंने किया। तदुपरान्त शौच-क्रियासे निवृत्त होकर स्त्रीने, जो मुनक्के रातमें भिगो दिये जाते हैं, उनका रस पिया व मुनक्के खाये।

२. दोपहरको २–३ बजे (अपराह्न) चुकन्दर उबला हुआ, सेव व टमाटरको उबाल कर उसका जूस (सूप) लिया।

३. सायंकाल ५ बजे गर्म पानीमें तौलिया भिगोकर उससे बदन पोंछकर फिर 'सुन्दरकांड' का पाठ किया।

४. अब रात्रिमें रोटियाँ व सब्जी बनाकर उसीका सेवन करेंगी और सोनेसे पूर्व १ गिलास दूधमें अंडा घोल कर पीती हैं व डेढ़ चम्मच काडलिवर आयल लेती हैं, प्रेगनेंसीमें मेडिकल सलाह (एडवाइस) के अनुसार। कृपा कर इस विधानके बारेमें अपनी स्वीकृति भेजिये। आपके पत्रोंमें जो भी आदेश हैं उनके अनुसार कुछ कुछ स्पष्टीकरण (क्लेरिफिकेशन) आवश्यक है। यथा :–

(अ) आपने अंगूर व टामटरकी मना लिखी है। क्या टमाटर उबालकर उसका जूस भी न लिया जावे? मैं आपके आदेशसे यही समझा हूँ कि शायद कच्चे टमाटर निषिद्ध हैं, क्योंकि सर्वप्रथम पत्रमें आपने चुकन्दर, टमाटर, पालक व गाजरको उबालकर खानेका आदेश दिया था।

(ब) जैसा कि पहिले लिखा था, यहाँ सब्जियाँ जो हम खाते हैं, बहुत ही सीमित किस्मकी होती हैं। चूँकि आपने दालें भी वर्जित कर दी हैं, कठिनाई यह है कि रात्रिके भोजन में रोटियोंके साथ सब्जी केवल एक ही रह जाती है और वह है बन्द गोभी या शलजम (टरनिप)। परिवर्तनके लिये सब्जियोंमें आलू शामिल करना इसलिये अनिवार्य-सा मालूम देता है। क्या आप इसे ठीक समझेंगे? यदि नहीं तो केवल रोटियोंके साथ बन्द गोभी, शलजम फूल गोभी यही तीन सब्जियाँ रह जाती हैं।

(स) क्या काड लिवर आयलकी अनुमति आप देंगे, जिसे वह डाक्टरोंकी सलाह पर गर्भावस्थामें लेती हैं?

इस प्रकार आपकी आज्ञा पालनसे साधना आरंभ किये हुए यह दूसरा सप्ताह चल रहा है, और उससे लाभ भी हल्का-सा दिखायी देता है, तथा वह इस प्रकार है कि साधनासे पूर्व खाना मुझे ही बनाना पड़ता था, परंतु अब खाना वह स्वयं धीरे-धीरे बना लेती हैं। पहले दिन सुन्दरकांडके पाठके लिए केवल कपड़े बदलना ही कठिनाई से संभव हुआ था। सांस फूल रही थी और एक चौपाई पढ़ना भी दूभर था। परंतु अब उनमें इतनी क्षमता आ गयी है कि अपने आप पाठसे पूर्व गर्म पानीमें तौलिया भिगोकर बदन पोंछ लेती हैं व पाठ बगैर सांस व खांसीके पूरा हो जाता है। इस प्रकार की प्रगति से उनके चेहरे पर आशाकी झलक स्पष्ट है। नौकरी पर न जानेसे आर्थिक क्षति तो अवश्य हुई है पर स्वास्थ्य लाभका विश्वास उस क्षति से कहीं अधिक वांछनीय व आनंददायक है।

With best Compliments from :

ORIENTAL CARRIERS PVT. LTD.

K. Lakhraj Building, 2nd Floor,
20, Carnac Road, Bombay-3.
Running Daily Container Service
Between Bombay-Delhi.

Sister Concerns :

YOGESH ROADEIEES

39, Dontad Street,, Bombay-9.
Tel : **325379.**

(४)

लंदन

२९ जनवरी, ६७

पत्र विस्तृत न हो और आपका बहुमूल्य समय कम-से कम बरबाद करूं, इस आशयसे संक्षेपमें निवेदन करता हूँ।

१. मेरी पत्नीका स्वास्थ्य आशातीत प्रगति कर रहा है। दमा बिल्कुल गायब है। केवल खांसी ही उठती है। उसके चेहरे पर कांति आ गयी है और वह घरका सारा काम मेरे लिये खाना पकाना, बच्चीकी देखभाल व अपने सुन्दरकांड का पाठ नित्य स्नान कर सुचारु रूपसे चला रही है। नैतिक बल (मोरेल) बहुत बड़ गया है और अब ऐसा लगता है कि तूफान व झंझावातसे हमारी नाव बच गयी है। वह किनारे पर–यदि आपकी कृपा इसी प्रकार रही तो अवश्य लग जावेगी। इसका एक तथ्यपूर्ण आधार (फैक्चुअल बेसिस) यह है कि इसी २६ जनवरी को यहांके बड़े अस्पतालमें लेडी डाक्टर के निश्चय (एप्वाइंट-मेंट) के अनुसार वह गयीं थीं जहां Gynaecologist ने तो जांच की ही पर साथ-साथ चूंकि दमा की बीमारी होनेसे सीनेके रोग की विशेषज्ञ (चेस्ट स्पेशलिस्ट) लेडी डाक्टर की भी राय ली जाती है। यह सारी कार्यवाही पिछले कुछ महीनों से चल रही थी और चूंकि दमामें कोई सुधार नहीं हो रहा था, इसलिये चेस्ट स्पेशलिस्टने उसे २६ जनवरी को अस्पतालमें भरती करनेका निश्चय किया था। अतः उसी प्रकार उसे दाखिल करने की वहाँ तैयारी थी । पर प्रभुकृपा, गुरु-कृपा (आपकी कृपा) से चेस्ट स्पेशलिस्ट हैरान हो गयी, उसे आश्चर्य हुआ कि दमा अब है ही नहीं और मरीज बिल्कुल स्वस्थ थी। यह सुधार कैसे हुआ ? इस प्रश्नके उत्तरमें मेरी पत्नीने उन्हें बतलाया कि उसने अंग्रेजी दवाइयां खाना बिल्कुल छोड़ दिया है व संतुलित आहार करती तथा कुछ ध्यान (मेडि-टेशन) इत्यादि की साधना करने से इस प्रकार २६ जन-वरी को बजाय अस्पतालमें भरती होनेके मेरी पत्नी स्वतः प्रसन्न मुद्रामें घर वापिस आ गयीं। यहां यह भी बताना आवश्यक है कि हर बार मुझे उनके साथ अस्पताल जाना होता था क्योंकि वे बगैर सहारेके चल-फिर नहीं पाती थीं, पर इस बार वे अपने आप ही गयीं और आयीं। मुझे साथ जाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। मैंने आपके पत्रोंको अपने डाक्टरको भी दिखलाया था। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाके अनुसार हमें एक स्थानीय (लोकल) डाक्टर चुनना पड़ता है और फिर उसके द्वारा आगे स्पेशलिस्टके पास जाना पड़ता है। मेरी पत्नीकी लोकल डाक्टर एक अंग्रेज महिला हैं, जो भारतवर्षमें रह चुकी हैं, जिसे भारतीय संस्कृतिके महत्वकी मान्यता है। उसने जब आपके पत्रों को पढ़ा तब उसे आश्चर्य नहीं हुआ बल्कि उसने भी अपनी राय दी व इसी दिशामें उत्साहित किया। अब हमारे इस प्रयोगके प्रति उसकी जिज्ञासा व खुशी बढ़ रही है। अब मेरी पत्नी का कार्यक्रम इस प्रकार चल रहा है :

१. प्रातः २ औंस मुनक्के (रातके भींगे हुए) का रस लेती हैं।

२. मध्याह्नके लगभग २ बजे उबला, टमाटर, व उबले सेव आदि फल व हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे लेट्स इत्यादि कुछ कच्ची खा लेती हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस प्रका-रके भोजन की मात्रा भी, उसकी बहुत ही कम है। उबले टमाटरका जूस भी रोज नहीं ले पातीं, सिर्फ १ सेब व २-४ टुकड़े उबले चुकन्दर ही पर्याप्त होते हैं। मुनक्के भी नहीं खा पातीं केवल उसका रस ही पी लेती हैं।

३. सायं रोटी बहुत कम घी चुपड़कर एक ही सब्जीके साथ ले रही हैं । हमें प्रयत्न करनेपर ये सब्जियां मिल जाती हैं (बैंगन, काशीफल (पम्पकिन), ग्वार की फली, शकरकन्द, बन्दगोभी, शलजम व टमाटर। आलू तो आम-तौर पर प्राप्त है ही। कृपया यदि कोई सब्जी इस लिस्ट में अवांछनीय हो तो इंगित करने का कष्ट कीजियेगा।

४. एक गिलास दूध व काडलिवर आयल सोने के पूर्व ।

आपने संवाद की आवश्यकता की ओर इशारा किया वह तो मेरे मन की ही बात आपके द्वारा व्यक्त हो रही है। मुझे अब यह विश्वास हो रहा है कि आपकी कृपासे शारीरिक तापसे तो हम लोग मुक्त हो रहे हैं, पर अब मानसिकताप व्यथासे किस प्रकार छुटकारा मिले ?

आय होते ही दसांश (ऐट सोर्स) निकालना आरंभ कर दिया है। पर्याप्त धनराशि होते ही यह संभावना हो

सकती है कि मैं आप से प्रार्थना करूं कि आप लंदन को भी अपने कार्यक्रम में स्थान दें व यहाँ पधार कर संवाद का वरदान दें। अपनी हीन स्थिति को देखकर अभी कुछ समय इसमें लग जावेगा, यह एक अड़चन दिखाई देती है। आपके लंदन ठहरने की व्यवस्था तो बिल्कुल ठीक हो जावेगी, यह विश्वास है। मकान की समस्या, जो दिन-रात हमारा सारा समय व मानसिक शांति खाये जा रही थी, अब सुलझती प्रतीत होती है।

(५)

लन्दन
२ मार्च, १९६७

निवेदन इस प्रकार है :

१. पत्नीकी साधना उसी तरह चल रही है। प्रातः मुनक्कों का रस, दोपहर १२ बजे के बाद सेब, उबली गाजर का साग व अन्य फल जो खट्टा न हो, खाती हैं। संतरा अभी नहीं लेती हैं। हां, आम यहां (अफ्रीका) से मिले जाते हैं। यदा-कदा पक्का मीठा आम ले लेते हैं व साथ भुनी शकरकन्दी रात्रि के रोटी व सब्जी जो भी उपलब्ध होती है जैसे—गोभी, बन्द गोभी, पालक, अरवी (घुइयां) व सोते समय एक पाव दूध (काड लीवर आयल बन्द कर दिया है।) दिन में जब भी सुविधा होती है, छोटी बच्ची से निपट कर स्नान करती हैं और तभी "सुन्दरकांड" का पाठ पूरा करती हैं।

इस दिनचर्या से सांस का दौरा दिन में गायब हो गया है। सारे दिन बड़ी स्फूर्ति से काम में जुटी रहती हैं। अब वे बिल्कुल चंगी मालूम देती हैं। परन्तु रात्रि में रोटी खाने के बाद सांस हल्की चलने लगती है। खांसी, मामूली अभी शेष है। प्रसव जून के अन्त में होने की आशा की जाती है। अस्पताल से आयरन टेबलेट्स खाने के लिये दी गयी है। परन्तु आपसे पूछे बगैर उसका सेवन स्थगित है।

दमा व खांसी से आंशिक छुटकारा आपकी महती कृपा का ही फल है। प्रार्थना है कि पूर्णरूपेण छुटकारा कैसे हो इस दिशा में अगले पत्र में लिखने की कृपा कीजियेगा।

: ६ :

लंन्दन
२४ मार्च, ६७

पत्नी के स्वास्थ्य में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। दमा अब बिल्कुल नहीं के बराबर ही है। सांस, जो अक्सर शाम को उठने लगती थी, अब ठीक है रात को भी बिल्कुल स्वस्थ अनुभव करती हैं। सांस, जो अक्सर शाम को उठने लगती थी, अब ठीक है। रात को भी बिल्कुल स्वस्थ अनुभव करती हैं। मकान बदलने के सिलसिले में भाग-दौड़ करने में भी वह मेरी बराबर मदद कर रही हैं और मुझे यह देखकर आश्चर्य ही हुआ कि स्टेशनों पर जीना चढ़ते हुए भी कोई कष्ट नहीं हुआ और वह भी गोद में बच्ची को लेकर। पहले तो अकेले ही जीना चढ़ना दुर्लभ था।

दैवी कृपा-प्राप्ति से दुर्लभ सुलभ हो जाता है और सन्त कृपासे दैवी कृपा प्राप्त करना कठिन नहीं रह जाता।

: ७ :

लन्दन
२१ जून, ६७

आपके आशीर्वाद से व प्रभु-कृपा से हमारे कुटुम्ब में यहां एक आत्मा और सम्मिलित हो गयी है। कन्या का जन्म २ जून, १९६७ गुरुवार को प्रातः १० बजे अस्पताल में ही यहां की बड़ी लेडी डाक्टरने पेट के आपरेशन द्वारा ही किया। चूंकि पहली बार प्रसव दर्द प्रारम्भ होने के बाद सिजेरियन आपरेशन की नौबत आ ही गयी थी और बाद में Abdomend Destension की उलझन पड़ गयी थी, जो कि अक्सर प्राणघातक होती है, इसलिये इस बार उसके इतिहास को देखते हुए, पहली बार जो एफ. आर. सी. एस. डाक्टरनी इन्चार्ज थी, उसकी राय थी कि इस बार प्रसव दर्द आरम्भ ही न होने दिया जाय और उसने विशेष देखभाल के लिए मेरी पत्नी को एकाएक अस्पताल में दाखिल कर आपरेशन कर दिया। पत्नी आपरेशन के पूर्व पहली बार की अपेक्षा कहीं अधिक स्वथ थीं, इसलिये और साथ ही प्रभु-कृपा से ७२ घन्टे में ही वह कमरे में चलने फिरने लगीं और रिकवरी बहुत ही आश्चर्यजनक रही। १० दिन में ही उन्हें घर भेज दिया गया और इस समय कुछ कमजोरी व ठंड के अलावा सभी कुछ ठीक है।

बालकों के चरित्र-निर्माण तथा सर्वांगीण विकास के लिए
रंगीन, आकर्षक एंव प्रेरणाप्रद हिन्दी मासिक
'बाल-जगत'
वार्षिक मूल्य : सात रुपये डी-१२/४, राजेन्द्र नगर, लखनऊ-४

राम-नाम की महत्ता

—कु० उमेश माथुर

राम नाम समं तत्त्व नास्ति वेदान्त गोचरम्

इस संसार में जहाँ चारों ओर वासनाओं की अग्नि प्रज्वलित हो रही है दैहिक दैविक, भौतिक तीनों प्रकार के तापों से तप्त आकुल-व्याकुल प्राणी शीलता पाने को नाना प्रकार के धर्मों, साधनों में भटक रहा है, किन्तु उसका ताप मिट नहीं पा रहा है, वहाँ भक्त-प्रवर तुलसी दासजी का विश्वास है कि "राम नाम जपे जाय जिय की जरनि।"

राम नाम केवल जिय की जरनि ही नहीं मिटाता अपितु अज्ञान जन्य अन्धकार में भटकते हुए प्राणी को ठोकरें खाने से बचाने वाला भी, राम नाम ही है। राम नाम ही ऐसा दीपक है जिसके आलोक से प्राणी का अन्तर्जगत और बाह्य जगत दोनों ही आलोकित हो सकते हैं।

"राम नाम मणि दीप घर जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बीहिरो जो चाहिए उजियार।।"

इस कलि काल में जबकि अन्य साधन कठिन हो उठे हैं राम नाम जप ही एक मात्र सरल साधन है जिससे अपने प्रभु को प्रसन्न किया जा सकता है। महाकवि तुलसी भुजा उठा कर दृढ़ता पूर्वक कहते हैं कि

'राम नाम रावरोई हित मेरे।
स्वारथ परमारथ सथिन्ह सो भुज उठाइ कहौं टेरे।।
फिर्‌यौ ललात बिन नाम उदर लागि दुखउ दुखित मोहि हेरे।
नाम प्रसाद लहत रसाल फल अब हौ बबुर बेहेरे।।
साधत साधु लोक परलोकहि मुनि गुनि जतन घनेरे।
तुलसी के अवलम्ब नाम को एक गांठि कइ फेरे।।

सन्त तुलसी राम नाम की महिमा बताते हुए कहते हैं कि एक समय था जब मेरी करुण अवस्था को देख कर दुःख को भी दुःख होता था। आज राम नाम की कृपा से ही सब लोग मेरा आदर करते हैं। मेरे दुःख दूर हो गए है। वे कहते है कि सन्त जन तो शास्त्रों के श्रवण मनन से अपना परलोक सुधारते हैं पर तुलसी का तो राम नाम ही एक सहारा है। साधन अनेक हों पर सब का लक्ष्य एक राम नाम ही है

इतना ही नहीं तुलसी नाम को राम से भी अधिक महत्व देते हुए कहते हैं—

"प्रिय राम नाम ते जाहि न रामो।
ताको भलों कठिन कलि कालहु आदि मध्य परनामो।।
सकुचत समुझि नाम महिमा मद लोभ मोह कामों।
राम नाम जप निरत सुजन पर करता छाँह घोर घामों।।
नाम प्रभाउ सही जो कहैकोउ सिला सरोरूह जामो।
जो सुनि सुमिरि भाग भाजन भई सुकृत सील मोलभामो।।
रामते अधिक नाम करतब जोहे किये नगरगत नामों।
भये बजाई दाहिने जा जपि तुलसीदास से बामों।।

अर्थात् श्रीराम से भी अधिक जिसे राम नाम प्रिय है उसका इस कराल कलि काल में आदि मध्य और अन्त में भला होगा। क्योंकि कलियुग में मुक्ति का देनेवाला भगवन्नाम् स्मरण ही है। जो श्री रामनामाश्रित होगा वही सर्वथा सुखी रहेगा। राम के नाम के प्रभाव से असम्भव भी सम्भव हो जाता है। उलटा नाम जपकर ही बाल्मीकि ब्रह्म के समान हो गए। शवरी भिलनी भी नाम जप कर ही पुण्य की पात्रा बनी। उस नाम की महिमा का क्या कहना? तुलसी ने नाम को राम से भी अधिक महत्व दिया है।

"निर्गुन ते शहे भाँति बड़ नाम प्रभाव अपार।
कहऊँ नाम बड़ राम ते निज विचार अनुसार।।
राम एक तापस तिय तारी, नाम कोटि खलकुंभति सुधारी।
सबरी गीध सुसेवकनि, सुगति दीन रघुनाथ।
नाम उधारे अमित खल, वेद विदित गुन गान।

कितना है राभ के नाम का महत्व? राम ने तो एक अहिल्या का उद्धार किया शवरी 'गीध' आदि भक्तों को ही सुगति दी परन्तु नाम की शक्ति को देखिये जिसने एक बार भूले से भी नाम ले लिया उसी का उद्धार हो गया।

सन्त कबीर भी राम नाम को ही सब का सार मानते है उनके शब्दों में——

"राम नाम संसार में सार है, रामका नाम है अमृत बानी।
राम के नाम ते कोटि पातक टरैं, राम कनाम विस्वासमाती।।"

इतना ही नहीं कबीर तो यहाँ तक कहते हैं--

"शून्य मेरे अजपा मरै, अनहद हूं मरि जाय।
नाम सनेही ना मरै, कह कबीर समुझाय।।"

सन्त प्रवर सूरदास का भी यही विचार है --

"अब तुम नाम गहौ मन नागर।
जाते काल अगिनि तै बाँचौ सदा रहौ सुख सागर।
मरि न सकै विघन नहीं ग्रासै, जम न चढ़ावै कागर।।
क्रिया कर्म करतहु निसि बासर भक्ति को पन्थ उजागर।
सोचि विचारि सकल श्रुति सम्मति हरि तैं और न आगर।।
सूरदास प्रभु इहि औसर भजि उतरि चलौ भवसागर।

सूर की दृष्टि में राम नाम की महिमा अद्‌भुत है–

"अद्‌भुत राम नाम को अंक।
धर्मं अंकुर के पावन द्वैदल, मुक्ति बधू ताटंक।।
मुनि-मन-हँस-पक्ष जुग जाके बल उड़ि ऊरध जात।
जनम मरन काटन को कर्तरि तीछन बहु विख्यात्।।
अन्धकार अज्ञान हरै को रवि ससि जुगल प्रकास।
..बासर निसि दोउ के प्रकासित महा कुमग अनयार।।
दुहूँ लोक सुख करन हरन दुःख, वेद पुराननि साखि।
भक्ति ज्ञान के पंथ सूर ये प्रेम निरन्तर माखि।।

अर्थात् श्रीराम नाम के दो अक्षर अद्‌भुत शक्ति मय हैं यह दोनों अक्षर धर्मरूपी अंकुर के पावन दल है; भक्ति बधू के कुण्डल है तथा मुनियों के मन रूपी हँस के पंख है जिनके बल से उड़कर वे परम धाम को जाते हैं। रामनाम अज्ञान-रूपी अन्धकार का हरण करने के लिये सूर्य चन्द्र के समान प्रकाश रूप है। यही नाम भक्ति और ज्ञान का मार्ग है। अतः हे सन्तों निरन्तर प्रेम से राम नाम का उच्चारण करो।

स्वयं भगवान शंकर ने अनेक बार राम नाम की महिमा गाई है वह कहते हैं --

राम नाम समं नास्ति वेदान्त गोचरम्।
यत्प्रसादात्परां सिद्धिं सम्प्राप्ता मुनयोऽमलाम्।।

अतः राम नाम का जप ही सब साधनों में श्रेष्ठ है। विशेष रूप से इस कलि काल में जब कि भौतिकतावाद का बोल बाला है। कलि काल रूपी दुःसाध्य रोग ने यम-नियम योगाभ्यास समाधि आदि को ग्रस लिया है यह पंगु हो गए हैं सिवा राम नाम के वैराग्य यज्ञ जप तप और दान कोई भी साधन साध्य नहीं रहा है।

नाम स्मरण से समस्त सांसारिक दुःख अपने आप मृतप्राय हो जाते हैं। राम नाम वह कल्पवृक्ष है जो धर्म अर्थ काम और मोक्ष चारों पदार्थों का दाता है। तुलसीदास जी वेद और पुराण की दुहाई देते हुए राम नाम के महत्व के विषय में कहते हैं --

"राम नाम काम तरू देत फल चार रे।
कहत पुरान वेद पण्डित पुरारि रे।।"
राम नाम प्रेम परमारथ को सार रे।
राम नाम तुलसी को जीवन आधार रे।।"

इसीलिये वह समस्त प्राणियों से पुकार पुकार कर कहते हैं--

'राम जपु राम जपु राम जपु बावरें।
घोर भव नीर निधि नाम निज नावरे।।'

अर्थात् हे प्राणी राम नाम का जाप कर। इस भयानक संसाररूपी समुद्र से पार जाने के लिये, जन्म मरण से छूटने के लिये एक राम नाम ही नौका है और यह ऐसी नौका है जो तेरी निजी है अपनी है। तुझे इस नौका को प्राप्त कर लेने पर फिर किसी के सन्मुख दीन बन कर याचना करने की आवश्यकता नहीं। स्वेच्छापूर्वक इस नाम रूपी नौका के द्वारा तू भव सागर को सहज ही पार कर सकता है।

राम नाम ऐसा साधन है जिसके द्वारा सभी साधन सध जाते हैं। तुलसीदास जी कहते हैं

"एक ही साधन सब ऋद्धि सिद्धि सा धरे"

अतः इस कलि काल में साधक के लिये यही उचित है कि--

**"पेयं पेयं श्रवणपुटके रामनामाभिरामम्।
ध्येयं ध्येयं मनसि सततं तारके ब्रह्म स्वरूपं।।"**

शुभकामनाओं सहित

मेसर्स : खेमराज श्रीकृष्णदास,

अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई – ४

दूर भाष : ३५७४५६ दूर प्रेष्य : **"वेंकटेश्वर"**

मेरे अनुभव

–श्री वशिष्ठ नारायण, सुपरवाइजर कानूनगो, इलाहाबाद

अगस्त सन् १९६६ के पूर्व मैं एक विशालकाय व्यक्ति था। मेरी दिनचर्या थी, प्रातः स्नान के पश्चात् थोड़ी पूजा उसके बाद नास्ता (चाय, नमकीन आदि) पुनः दोपहर को भोजन (चावल, दाल, रोटी, सब्जी आदि) चार बजे फिर नाश्ता और शाम को ९–१० बजे तक भोजन जिसमें मुख्य थी मदिरा। पूजा से तात्पर्य था रामायण की दस-बीस चौपाइयों का पाठ, यद्यपि पढ़ता था रामायण किन्तु सोचता था सरकारी कार्यों के बारे में अथवा खाने और नाश्ता की अच्छाई के बारे में।

मुझे अपने स्वास्थ्य पर गर्व था जब कि चार-छः फर्लांग पैदल चलने में सांस फूल आती थी। आठ या दस मील साइकिल चलाने पर इतनी थकान का अनुभव करता था कि शाम को एक आदमी जब तक पैर खूब न दाबे तब तक नींद नहीं आती थी। लिखने का कार्य भी आधा लेट कर तकिया का सहारा लेकर करता था। अधिक ड्युटी न होने के कारण कुर्सी-मेज पर अधिक काम न करना पड़ता था और न तो उस पर आराम का ही अनुभव करता था। आधा लेट कर भी लिखने में आधा घंटा या अधिक से अधिक एक घंटा में थक जाता था और कुछ देर के लिये काम बन्द कर देता था। हाँ, लेट कर जासूसी उपन्यास पढ़ने की कोई सीमा नहीं थी। उपन्यास के पीछे सरकारी कार्य भी लेट हो सकता था यहाँ तक कि नहाने और भोजन का भी समय टल सकता था। लगभग साल भर से प्रातः सो कर उठने पर दोनों घुटनों में दर्द थोड़ी देर होता था किन्तु उस पर विशेष ध्यान नहीं जाता था क्योंकि वह कभी-कभी होता था और क्षणिक था। मस्तिष्क में सदैव चिन्ता बनी रहती थी कभी घर की और कभी सरकारी कार्यों में त्रुटियों की। थोड़ी सी बात आने पर मस्तिष्क उद्विग्न हो उठता था।

स्वास्थ्य या अन्य किसी दृष्टिकोण से तो नहीं, धार्मिक प्रवृत्ति के कारण लगभग १५ वर्षों से मंगल के दिन व्रत अवश्य रहता था। उस दिन मदिरा आदि का सेवन नहीं करता था किन्तु दोपहर और शाम को फलहार इतना कर लेता था कि पेट भर जाता था। फिर भी उस दिन चितवृत्ति आवश्यकता से अधिक शुद्ध रहती थी। अब तो मैं यह अनुभव करता हूँ कि मुझे साधना के द्वार तक पहुँचाने का बहुत कुछ श्रेय मंगल-व्रत का ही हैं।

अगस्त सन् १९६६ की शाम थी। मैं अपने साथियों के साथ बैठा तहसील में कुछ काम कर रहा था कि एक सज्जन (श्री छेदीलालजी) हमारे तहसीलदार साहब से यह कहने आये कि श्री योगीजी का प्रवचन होने जा रहा है आप चलें। कोतूहल वश हम लोग भी उधर देखने लगे किन्तु हमारे तससीलदार साहब ने यह कह कर क्षमा माँग ली कि बहुत आवश्यक कार्य कर रहे हैं। मेरे हृदय में कुछ उत्कण्ठा हुई क्योंकि रामायण के प्रवचन में रुचि रखता था किन्तु उस समय काम में ही लगा रहा।

दूसरे दिन कहीं जाते समय श्री छेदीलाल जी मिले। उनसे श्री योगीजी के प्रवचन के विषय में बात हुई उन्होंने बताया कि श्री योगीजी के प्रवचन और उनके बारे में श्री सोमेन्द्र भाई अधिक जानते हैं। वैसे मैं इतना ही जानता हूँ कि श्री योगीजी रामायण के द्वारा दुनियाँ के सभी रोग, दुःख समाप्त करने का दावा करते हैं। मेरे लिये यह एक नई बात थी क्योंकि मैंने बहुत प्रवचन सुने थे जिनमें भाव और अर्थ की ही उड़ान देखी थी। इससे प्रबल इच्छा हुई थी सोमेन्द्र भाई से मिलने की।

किन्तु धन्य है प्रभू की इच्छा, उसी दिन शाम को श्री सोमेन्द्र भाई अपने किसी निजी काम से मेरे पास स्वयं आये।

With best Compliments from :
KANHAYALAL KESHEW NAND
AND
UMA SHANKAR ASHOKA KUMAR
Cloth Merchant & Commission Agent,
428, Kalbadevi Road, Bombay-2.
Tel : **315831.**

उनकी बात सुनने के पश्चात मैंने शीघ्र ही बात छेड़ी श्री योगी जी के बारे में। फिर क्या था श्री सोमेन्द्र भाई ने आधा घण्टा तक श्री योगी जी के विचार उनकी सादगी तथा उनके अनुभव के बारे में मुझे बताया और छोटी-छोटी तीन पुस्तकें पढ़ने को दिया। किसी मुख्य ध्येय को न रखते हुये भी मैंने पुस्तकें रख लीं। संयोग से उस दिन मंगल था मैंने श्री सोमेन्द्र भाई के जाने के पश्चात ही पढ़ना प्रारम्भ कर दिया। और सभी किताबें पूरी पढ़ गया। उनमें साधकों के अनुभव भी लिखे थे साधकों की अन्य बातों ने तो कम किन्तु एक बात ने मुझे बहुत प्रभावित किया कि पूजा के समय चित्त एकाग्र होना चाहिए।

इसी चित्त एकाग्रता को ही लेकर प्रबल इच्छा हुई कि एक-दो सप्ताह देखा जाय। फलत: दूसरे ही दिन से निम्न दिनचर्या बनाया :

(१) सुबह का नाश्ता बन्द।

(२) दोपहर में सब्जी उबाल कर खाना।

(३) चार बजे का नाश्ता बन्द।

(४) शाम को सब्जी रोटी भर पेट खाना।

इसमें इतनी कठिनाई उठानी पड़ी की कभी-कभी घबड़ाहट होती थी। किन्तु जब-जब घबड़ाहट हो और नियम बदलने की इच्छा हो उस छोटी सी किताब को पढ़ना प्रारम्भ कर देता था। उस किताब में पता नहीं ऐसी कौन सी शक्ति छिपी थी कि मैं अपार दृढ़ता का अनुभव करता था। इसी बीच पैर में दर्द, हाथ में दर्द, सर में दर्द होते गये और समाप्त होते गये। अब मुझे इस नियम में आनन्द आने लगा और कुछ दिनों के पश्चात् मैंने देखा कि मेरे अन्दर एक नई स्फूर्ति आ गई है जिसके बारे में मैं कभी सोच भी नहीं सकता था।

(१) चलने फिरने में बड़ा ही हल्कापन मालूम हुआ।

(२) साइकिल चलाने में एक विचित्र सा ओज प्रतीत हुआ।

(३) पद्मासन पर जहाँ थोड़ी देर भी नहीं बैठ पाता था अब काफी देर बैठने लगा।

(४) पूजा में भी आनन्द आने लगा।

(५) पढ़ने-लिखने में भी हल्कापन का अनुभव हुआ। कहाँ तक गिनाऊँ मैंने यह देखा कि "एकहि साधे सब सधे वाली कहावत यहाँ पूर्णतया चरितार्थ है।

दूसरी बार श्री सोमेन्द्र भाई से जब मिला तो उनसे एनिमा के बारे में चर्चा किया क्योंकि साधकों के अनुभव में पढ़ने पर कई जगह इसे आवश्यक लिखा था। और कई साधकों को श्री योगीजी ने अपने पत्रों में एनिमा की राय दी थी। श्री सोमेन्द्र भाई ने उसे समझाया और उसी दिन से "साधना-रहस्य" का मासिक ग्राहक भी बन गया।

इस प्रकार दोपहर में उबली सब्जी और शाम को सब्जी रोटी लेता रहा और एनिमा का प्रयोग भी प्रति दिन करने लगा। शाम का भिगोया हुआ मुनक्का सुबह लेने लगा जिसे श्री सोमेन्द्र भाई ने दूसरी बार आवश्यक बताया था। मुझे स्मरण भी नहीं है कि उन्हीं दिनों मुझे दोनों वक्त स्नान करने की आदत कैसे पड़ गई कि कोई भी मौसम हो दोनों वक्त स्नान आवश्यक है। न कभी जुकाम हुआ और न तो कभी कमजोरी का ही अनुभव किया जब कि एलेक्शन के दिनों में समय न मिलने के कारण कड़ाके जाड़े में १२ बजे रात में एक दो दिन स्नान करना पड़ा। और इसके पूर्व जुकाम का मरीज तो था ही कम से कम ऋतु परिवर्त्तन में तो १५ दिन तक जुकाम और बुखार तथा पीठ के दर्द से मैं परेशान रहूँगा ही यह मेरा दावा था। मदिरा तो उसी दिन से मुझे छोड़ कर ऐसा भागी की आज तक फिर मुड़कर भी नहीं देखा।

हाँ, इतना अवश्य हुआ कि मेरा भीमकाय शरीर दिन प्रति दिन कम होने लगा और छ: महीने में ही इतना क्षीणकाय हो गया कि मेरे निकटतम व्यक्ति भी पहली नजर में मुझे नहीं पहचान पाते थे। लोग मुझ से पूछते थे कि आप को

With best Compliments from :

SUBA TRADING COMPANY

89, Mahamedali Road,
Bombay-3.

With best Compliments from :

SPARES RIGHT WORKS

162 Nagdevi Street,
Bombay-3.

कौन सा रोग हो गया है। इसकी चिकित्सा किसी बड़े डाक्टर से कराइये। मैं उन्हें समझाता कि मुझे कोई बीमारी नहीं है किन्तु लोग उस पर विश्वास नहीं करते थे बल्कि यह समझते थे कि इन्हें कोई भयानक रोग है जिसे ये बताना नहीं चाहते हैं। मेरे अधिकारियों ने मुझे सलाह दिया कि छुट्टी ले कर अपना इलाज कराओ। मुझे उस दिन बड़ी हँसी आई जिस दिन मेरे एक निकटतम मित्र मेरे साथ बस पर बैठने पर हिचके किन्तु सभ्यता के नाते उन्हें बैठना पड़ा लेकिन जब तक बस पर बैठे रहे एक बार भी मेरी ओर मुँह कर के बात नहीं की। मैंने सोचा बाहरी दुनिया में जब मैं बुरी तरह बीमार था तो लोग मुझे तन्दुरुस्त समझते थे। और जब मैं सब तरह से अच्छा हूँ तो लोग मुझे बीमार समझते हैं। इस बीच मुझे अपने माता, पिता, भाई तथा बीबी से अपने नियम भंग न करने के बारे में अनेकानेक झूठ सच का सहारा लेना पड़ा किन्तु फिर भी काफी कठिनाई रही है।

यह नियम सन् १९६७ तक चला उसके बाद १२ बजे कुछ मौसमी फल या थोड़ा नमकीन खा कर पानी पीता और शाम को भर पेट उबली सब्जी खाता जिसमें अधिकतर लौकी थी। रोटी, दाल, चावल खाना बिलकुल छोड़ दिया। मुझे किसी काम में कभी कोई परेशानी नहीं हुई बल्कि हर काम को एक नये उत्साह के साथ करता था। एकाएक दुबले होने से जो चमड़े में शिकन आ गयी थी और चेहरे पर जो पीलापन था वह भी ठीक हो गया। अब मुझे स्वयं भी विश्वास नहीं होता है कि मैं कभी इतना मोटा था।

इसके अतिरिक्त साधना प्रारम्भ होने के बाद जो पहला नवरात्र पड़ा उसमें दोपहर में नीबू शहद का शरबत और शाम को आधा सेर दूध मुनक्का में पका कर लिया। दूसरे नवरात्र में पूरा नौ दिन नीबू और शहद पर ही रहा। और उसके बाद के नवरात्रों में केवल सादा पानी पी कर बिताया। किन्तु इस बीच भी सभी कार्य उसी प्रकार करता रहा जैसे कि अन्य दिनों करता रहा।

पिछले नवरात्र के बाद से क्रमशः पुनः अन्न खाना प्रारम्भ किया और अब दिन में १२ बजे के पश्चात पानी पीता हूं और शाम को सब्जी और रोटी इसके साथ आधा सेर दूध भी रहता है। एनिमा का प्रयोग आवश्यक नहीं है किन्तु फिर भी कभी-कभी लेता हूं।

इस बीच मेरी सब से बड़ी भूल थी कि मैं साधना प्रारम्भ तो किया किन्तु केवल 'साधना रहस्य' अथवा कभी-कभी श्री सोमेन्द्र भाई का ही सहारा लेता रहा। भूल का अनुभव पूज्य योगी जी के प्रथम दर्शन के पश्चात हुआ। क्योंकि पूज्य योगी जी ने मेरी साधना की तमाम त्रुटियों को बड़े मीठे शब्दों में मेरे सामने रख दी। और जब दसांश आदि का सही रहस्य ज्ञात हुआ तो मैंने सोचा कि वास्तव में मैंने कितना समय व्यर्थ गवाँ दिया।

साधना के क्षेत्र में अभी मैं कदम ही रख रहा हूं किन्तु इतने पर ही मैं अपने को सुखी अनुभव करता हूं क्योंकि प्रत्येक कार्य में यह दृढ़ता रहती है कि मेरा संचालक भगवान है।

With best Compliments from :

Rajen (Textile) Mills Private Ltd.,
Barsi Town,
(Dist. Sholapur) Tele. :**545** & **254**
"Manufacturers of various counts of Yarn out of indigenous and foreign cotton."

With best Compliments from :

Shree MANGESH PETROL STORES
Ashok Garage and Workshop
Saraff Transport
Khanapur Road, Tilakwadi, Belgaum.
Phone Office :**1505** Res. **267**

राम नाम और सर्प दंश

– श्री सोमेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, इलाहाबाद

"मंत्र महामनि विषय व्याल के,
मेटत कठिन कुअंक भाल के ।।"

भगवान का नाम मणि रूप है जिसके सुमिरन एवं भजन से विषय रूपी सर्प का असर नहीं होता तथा कठिन से कठिन दुर्भाग्य की रेखाएं मिट जाती हैं।

बात ५ अगस्त, १९६७ की है। मैं अपने गाँव पर था। सुबह ५ बजे फावड़ा (मिट्टी खोदने का औजार) लेकर मैं अपने खेतों को देखने निकल गया। अक्सर नंगे पैर ही चला करता हूं। दो मील का चक्कर लगाकर करीब साढ़े आठ बजे दिन जब घरसे एक फर्लांग रह गया तब मैं एक खेत में काम करने लगा। काम करते समय दाहिने पैर के अंगूठे में ऐसा लगा जैसे किसीने कैंची या ब्लैड से काट दिया। जब पैर उठा कर देखा तो जोर से खून बह रहा था। मैंने हाथ से कुछ यों ही खून दबा कर निकाल सा दिया और पैर पानी में डाल दिया। जब आगे बढ़ा तो उसी स्थान पर काला साँप मेरे बगल खड़ा हुआ था। मैंने कहा– महाराज यहाँ से खिसको मुझे भी कुछ काम करने दो। इतने में साँप बैठ गया। साँप के बैठते ही मुझे गर्मी मालूम पड़ी और चक्कर सा आ गया। मैंने दूसरे खेत में आकर पैर को सावधानी से देखा तो जहाँ से खून निकल रहा था त्रिकोण सा बना था। मैंने समझ लिया कि सर्प महाराजने ही कृपा की है। यह बात दिमाग में आते ही मैंने रूमाल से पैर को बहुत ज्यादा कसकर बाँध दिया इसके बाद वहीं खेत के एक पड़ोसी को बुलाकर धीरे से बताया कि मुझे साँपने काट लिया है, शीघ्र घर ले चलो। बेचारा पड़ोसी घबड़ा गया। मैंने घर आते ही ब्लेड माँगा और स्वयं अँगूठे को अच्छी तरह आधा इंच काट दिया और दबा-दबा कर खून निकाल देने को कहा। काफी खून निकाल देने के बाद मैं पीपल के पेड़ के नीचे लकड़ी के तख्त पर बैठ गया। वहाँ लोगों ने नहलाना प्रारम्भ किया। मैंने घर में ठंडे पानी का एनिमा ठीक करने को कहा। १५ मिनट के अन्तर पर दो

श्री सोमेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, इलाहाबाद

बार एनिमा लिया। गर्मी काफी कम हुई। मैंने गंगाजी की मिट्टी पेड़ू पर रखी, इससे मुझ को बहुत आराम मालूम पड़ा। साथ ही पानी गरम कराकर कुंजल क्रिया भी कर ली। इस प्रकार साँप के विष का असर अंशतः कम सा हो गया। साँप के कटे स्थान पर नींबू का रस लगाया तथा उसीसे अच्छी प्रकार धो दिया। इस घाव में कुछ देर के लिए मिट्टी भी बाँधी।

भगवान की कृपा से जो मुझे साँप ने दिन के साढ़े आठ बजे काटा और दिखायी पड़ा और घर के बिल्कुल समीप आ जाने पर काटा, जिससे पूरा उपचार सम्भव हुआ। यह उसकी ही लीला है। वैसे मैं ८ अगस्त की रात को ११ बजे रात तक अँधेरी रात में पानी बरसते हुए समय नंगे पाँव अपने खेतमें पानी बाँधने गया था। खेत की मेड़ तक दिखायी नहीं पड़ती थी परन्तु रात को कहीं किसी ने कुछ नहीं किया, क्योंकि डर तो लगता ही नहीं। साँप के काटने पर मुझे डर नहीं लगा कि हाय साँपने काट लिया है, मैं

मर जाऊँगा। जैसे कहीं चोट लग जाय और उसका उपचार किया जाता है उसी प्रकार के उपचार में मैं लग गया।

जब घर में मालूम हुआ कि मुझे साँपने काट लिया है तब सभी परिवार के लोग बहुत घबड़ा गये। लेकिन मेरे मन में किसी प्रकार की किंचित मात्र भी घबड़ाहट नहीं थी। मैंने सबको शान्त रहने एवं राम राम कहने की प्रार्थना की। सौभाग्य से पूज्य गुरुदेव जीकी दी हुई पुस्तक "रोगों की अचूक चिकित्सा" द्वारा जानकी शरण वर्मा मैंने इलाहाबाद से आते वक्त बसमें बैठकर पढ़ ली थी क्योंकि मेरे गाँव में चार दिन पहले एक लड़की की सांप काटने से मृत्यु हो गयी थी, उसी सिलसिले में मैंने इस विषयको पढ़ रखा था कि शायद कहीं काम आ जाय। इसलिए सारी की सारी क्रिया याद थी, सोचना समझना नहीं पड़ा तुरन्त करता गया और गुरु-कृपा से स्वस्थ हो गया।

जिस समय मैं पीपल के पेड़ के नीचे बैठ कर स्नान कर रहा था, उस वक्त मैंने पेड़ू को खूब ठंडा किया, जिससे बड़ा आराम मिला। गर्मी बढ़ नहीं पायी। गांव के लोग, घर के लोग बहुत घबड़ाते एवं रोते थे परन्तु मुझे लगता था कि यह लोग क्यों घबड़ा एवं रोरहे हैं। उस समय मुझे सिर्फ याद आयी तो अपने गुरु की और भगवान की। तीसरी कोई भी चीज दिमाग में नहीं आती थी। मैं राम-राम कहता जाता था। गुरुदेव का स्मरण करता जाता था। जो गाँव के लोग हमारे सामने खड़े थे, उन सब को सामने से बगल हट जाने की प्रार्थना की। पता नहीं क्यों उस समय मुझे मनुष्य की उपस्थिति अच्छी नहीं लगती थी। ऐसा लगता था कि यह सब बेकार के लोग खड़े हैं। हमारे सामने सूर्य भगवान का प्रकाश था और प्रकृति की हरियाली। इसके अलावा कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं होता था। मैं बड़े आनन्द से बैठा राम-राम कह रहा था और स्नान करता जाता था। इसी बीच मैंने पुस्तक में लिखी बातें अपने परिवार वालों को बता दीं कि यदि आप मुझे मरा समझ लें तो इसी पेड़ के नीचे मिट्टी में मुँह को छोड़कर मिट्टी गीली कर के गाड़ दीडिएगा। चौबीस घंटा इन्तजार करने के बाद गंगा में बिना शरीर जलाये ही छोड़ दीजियेगा। आगे भगवान की इच्छा।

पता नहीं क्यों उस समय जब मैं अपने घर में एनिमा लेने टट्टी में जाता था, घर वालों की आंखों में आंसू देखता था। लेकिन मेरे मन में किंचित मात्र भी क्लेश नहीं था और पीपल के पेड़ के नीचे तो किसी की भी याद नहीं आती थी। न धन न दौलत न सगे न सम्बन्धी न अपना न पराया आदि सिवाय गुरु एवं भगवान को छोड़कर किसी की भी याद नहीं आयी।

दो घंटे उपचार करनेके बाद मैं पैर बाँधे-बाँधे मेडिकाल कालेज इलाहाबाद आया। यहाँ डाक्टरोंने कहा कि विषका प्रकोप समाप्त हो गया है, फिर भी आप तीन दिन यहाँ ऐडमिट रहें। देख-रेखके बाद आप जाइएगा। भगवानकी असीम कृपा मुझे जहरीली दवा भी नहीं खानी पड़ी। आरामसे तीन दिन मेडिकल कालेज़का दृश्य देखता रहा फिर चला आया। हां, शरीर बिल्कुल नष्ट हो गया। हाथ-पांवमें बिल्कुल सुस्ती आ गई तथा गर्मीका प्रकोप बढ़ गया। जो काम मैं बिना किसीके सहारे कर लेता था, उसे करने तकका मन नहीं होता था या यों कहिये कि जैसे शरीर मृत हो गया हो लेकिन प्रभुकी कृपासे धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहा हूं। काफी सुधार हो गया है। गुरु-कृपासे अब शीघ्र ही पहले जैसा हो जाऊँगा।

मैं इस मानस साधना मंडलके एवं अपने गुरुजीकी नवीन एवं सर्वांश में कष्ट मिटाने वाली विचारधाराका बड़ा ही ऋणी हूं, जिसने मुझे दूसरा जन्म दिया। मेरी किस्मत के बुरेसे बुरे दिन टल गये, क्योंकि मैं घरमें अपने पिताका बड़ा लड़का होनेके कारण, उनके लिए बुढ़ापे का सहारा था। भगवानसे यही प्रार्थी हूं कि जनता इस मार्ग-दर्शनको अपना कर कठिनसे कठिन परिस्थितिमें भी मनको विकसित कर अपने भविष्य को ठीक करती जाय। धन्य है यह विचारधारा, धन्य है ऐसा सत्संग जहाँ जीवनको बदलनेकी शिक्षा दी जाती है।

वैसे तो गुरु-कृपा से अब ऐसा हो गया है जैसा दिन व्रत (उपवास) का वैसा बिना व्रतका। अब तो नवरात्र भी महीनेके अन्य दिनों सा लगता है। मुझे कुछ पता ही नहीं चलता। भारीसे भारी काम नवरात्रमें करना मेरे लिए सहज बात हो गयी है। मनुष्य अन्नको छोड़कर चाहे जितना अनियमित जीवन रखनेको बाध्य हो जावे, उसके शरीरका कुछ भी नहीं बिगड़ता जैसा मैंने अपने जीवनमें देखा है।

"मैं अब सब प्रकार सुखी हूँ"

– बाबा सियाराम जी, रायबरेली

"सुखी मीन जे नीर अगाधा ।
जिमि हरि सरन न एकौ बाधा ।।"

भगवानकी कृपासे संत मिलन होता है और सत्संग द्वारा सुमिरन-भजनका वास्तविक रूप ज्ञात होता है। सुमिरन भजनसे सारे कष्ट मिट जाते हैं और विशेष आनंद मिलता है ।



बाबा सियाराम जी

पहले मैं बड़ा दुखी रहता था और मनमें यह सोचा करता था कि भगवान इस जीवनसे छुटकारा दे देता तो ठीक था। मैंने न मालूम कितना पूजा-पाठ किया लेकिन शरीर और मनका कष्ट न मिटा। ६–७ साल तक उदर रोगसे व्याकुल था। घी दूध खूब खाता था लेकिन शरीर दिनों दिन पीला पड़ता जाता था। सिर घूमा करता था, जोरसे चलने पर दिलकी धड़कन बढ़ जाती थी। धीरे-धीरे पूजा-पाठ भी बन्द हो गया। मैंने कई डाक्टरों और वैद्योंका इलाज किया लेकिन सफलता न मिली। एक दिन रहवां कुटियाके पास स्कूलमें मुझे श्री 'योगीजी' का प्रवचन सुननेका सौभाग्य मिला। जब मैं वहां पहुंचा, तब 'योगीजी' कह रहे थे कि रामायण केवल कथाका ग्रंथ नहीं है बल्कि वह मनुष्य-जीवनको सर्वथा सुखी बनानेका एक उत्कृष्ट ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि भोजनका चतुर्थांश और आमदनीका दसांश निकाल कर भगवानके नाते किसी अच्छे काममें लगा देना चाहिए भगवानका अंश निकाले बिना जो मनुष्य भोजन और धनको काममें लाते हैं, उनके रोग, चिन्ता और भय नहीं मिटते। मन, बचन और कर्मके दोषोंको मिटाकर भजन 'सेवा' करनेसे भगवानकी कृपा तुरंत होती है।

भगवानने हमारे सुखके लिए अनन्त सुविधाएं दी हैं। यह उनका हमारे ऊपर उपकार ही है। सूर्यसे प्रकाश, चन्द्रमाके शीतलता, हवासे प्राणवायु तथा भोजनके लिए अन्न, सब्जी, फल दूध आदि पैदा किये हैं। हमें चाहिए कि जब हम उनके दिये हवा, प्रकाश आदिका बिना कुछ मूल्य दिये उपयोग करते हैं, तो उसके बदले में अपने समय, शक्ति, भोजन और धनका एक अंश उनके नाते लगाना चाहिए। इसके अतिरिक्त यदि हम आस्तिक हैं और भगवानको अपना मानते हैं, तो जैसे संसारमें जिन्हें अपना कहते हैं, उनके प्रति अबने कर्तव्यका पालन सक्रिय एवं व्यावहारिक रूपमें करते हैं, उसी प्रकार भगवानके प्रति भी हमारा कुछ सक्रिय कर्तव्य है। यह रामायणमें प्रतिपादित वैदिक सिद्धान्त है। मेरा अनुभव है कि जो लोग भगवानके व्यापकत्व और प्रेरकत्वका आदर करते हैं, उनके दुखोंका नाश हो जाता है।

सेन्चुरी की नई देन कोजीकॉट कॉटन शर्टिंग
सुन्दर सुहावने चैक्स में उपलब्ध है
पहनने में ऊनी कपड़े सा आनन्द मिलता है
निर्माता
दि सेन्चुरी स्पिनिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कं० लि०
'सेन्चुरी भवन', डॉ एनी बेजन्ट रोड,
वरली, बम्बई–२५ डी डी

उन्होंने यह भी कहा कि रामायणमें सुमिरनका अर्थ प्रभुकी यादमें अपनेको भूलना है और अपने समय, शक्ति, धन और भोजनका एक अंश प्रभुके नाते वितरण करना भजन है। उन्होंने रामायणकी अनेक चौपाइयों और श्लोकोंसे अपने उक्त कथनकी पुष्टि भी की।

प्रवचन सुननेसे मेरे शरीर और मनमें एक प्रकारकी शक्ति आई। दिनके प्रकाशसे जैसे अंधकारका नाश हो जाता है उसी प्रकार श्री 'योगीजी' से रामायणका सिद्धान्त समझ कर साधना करने तथा उनकी शरणमें जाने से मेरे सभी दुख मिट गये। मैंने उसी दिनसे भोजनका चतुर्थांश तथा आमदनीका दसांश निकालना और भगवानके नाते वितरण करना शुरू कर दिया। बच्चोंमें प्रसाद बांटने लगा तथा कुछ धन गरीबोंके हितमें लगाया। दरिद्रों में नारायण, बालकोंमें गोपाल, संतमें भगवंत तथा जनतामें जनार्दन हैं, इसी भावनासे भगवानके नाते इनकी सेवामें लग गया। थालीका निकाला हुआ भोजन किसी गाय या कुत्तेको भगवानका रूप समझकर दे देता हूं। दोपहर तक कुछ नहीं खाता, उसके बाद फल और थोड़ा सा साग खाता हूं। शामको भोजनके साथ कुछ कच्ची चीजें जैसे गाजर, टमाटर, मूली आदि का सलाद भी लेता हूं। भोजन घटानेसे जो बचता है, उसे बांट देता हूं। सप्ताहमें एक दिन केवल जल पीकर उपवास करता हूं। मैंने प्रातःकाल ध्यानका अभ्यास भी आरंभ कर दिया और जब दूसरी बार पूज्य 'योगीजी' के दर्शन हुए तब अपनी साधना का पूरा ब्योरा लिखकर उन्हें दिखाया। उसमें उन्होंने जहां जैसा सुधार किया उसके अनुसार साधनामें भी परिवर्तन कर दिया।

एक दिन था जब मेरा जिगर (लिवर) बहुत बढ़ जानेके कारण भूख ही नहीं लगती थी, फिर भी स्वादके वश ३ बार खाता था। डाक्टरोंके इन्जेक्शन बेकार सिद्ध हो गये थे, जीवन भार रूप मालूम पड़ता था, मनमें असहनीय दुख व्याप्त था और मृत्यु द्वारा ही इन दुखोंका अन्त होगा, ऐसा लगता था। भजन करने बैठता था तो मन इधर उधर भागा फिरता था। जब यह विचार आता था कि जिस काम (भजन) के लिये बैठा हूं, उसको भूलकर कहां भटक गया तो पश्चाताप होता था यहां तक कि मनसे हार मान गया था।

पर सन्त-कृपासे ऊपर बताये गये साधन द्वारा शरीरका हर प्रकारका ताप पूर्ण रूपसे मिट गया है। बहुत सूक्ष्म भोजन से ही निर्वाह हो जाता है। मन हरएक परिस्थितिमें शांत और प्रसन्न रहने लगा है। एक दिन कुटिया पर अखंड रमायणका आयोजन था। खर्चे में कुछ कमी मालूम पड़ी पर भगवानको छोड़ कर किसी से आशा करना गुनाह समझता हूं। दूसरे दिन अखंड पाठकी समाप्ति के पूर्व सबेरे एक व्यक्ति आवश्यक धन जनसेवार्थ दे गया। इसी प्रकार सदा ही मदद होती रहती है। अब सब प्रकार से सुखी हूं।

प्रातः जब ध्यानमें बैठता हूं तो बिना रसना चलाये मन्द-मन्द राम नामकी आवाज ध्वनिमंडलमें गूंजती रहती है। कुछ दिनसे ध्यानके समय जब नामकी अटूट डोरी बन जाती है और मन एकाग्र हो जाता है, तब मन और पवनकी गति रुकने के कारण कुंडलिनी शक्तिका जगरण होने लग जाता है। पवन बड़े वेगसे ऊपर उठता है और नेत्रोंके सामने से परदा हट गया है, ऐसा मालूम पड़ता है। सभी पेड़, जंगल, नदी, मकान, दूर दूरकी चीजें नजर आने लगती हैं। बन्द नेत्रोंके सामने बदली ऐसा दिन प्रतीत होता है। आंखें बन्द करने पर भी प्रकाश मालूम पड़ता है और जितनी देर मन रुकता है प्रकाश बढ़ता जाता है। एक दिन एकाएक प्रकाश बहुत तेज हो गया। यह प्रकाश चन्द्रमाकी तरह शीतल था और फिर गायब हो गया। ऐसे अनेक प्रकारके अनुभव ध्यान करते समय होते रहते हैं।

With best Compliments from :

INDIAN ENG. AND COM. CORPORATION PVT. LTD.,

Mon Rep-os Building,
Arthur Bunder Road,
Colaba, Bombay-5.

Gram : FARMNEEDS



गोस्वामी तुलसीदासजी

——००——

हाल के द्विवेदी, चतुर्वेदी, शुक्ल, मिश्र बन्धु,
गुप्त, दीन, रामहित, स्नेही रत्नाकर जू।
रंग औ अनंग रसरंग मणि पाठक जू,
नवल बिहारी शर्मा जू नव नागर जू।।
इन्दु श्री बिन्दु अरबिंद नेह-लग गांधी,
गद्य-पद्य-लेखक मिलिन्द शक्ति चामर जू।
निज निज भाव सों गोसाइं–गुन-गान कीन्हें,
छिपे हैं, छपे नहीं पत्रन में सादर जू।।

● ● ●

अंग्रेजी फारसी फरंसी जरमनी में हूँ
राम लछिमन की कहानी दरसात है।
सब पाठसालन में, सालन के बालन में,
पोथी के अटालनमें राम ही दिखात हैं।।
राज दरबारन में, दुकान अलमारनमें,
बाग की बहारन में होत सोरें बात है।
मूरख चपाटहूते राम को लिबायो नाम,
तुलसी गुसाईं यह तेरी करामात है।।

● ● ●

बेद बचन सोधि सोधि, सोधिकै पुरान सबै,
संत औ असंतन को भेदको बतावतो।
कपटी कुराही कूर कलि के कुचाली जीव,
कौन राम नाम हु की चरचा चलावतो।।
'बेनी' कवि कहै मानो मानो हो प्रतीति यह,
पाहन हिये में कौन प्रेम उपजावतो।
भारी भव-सागर उतारतो कवन पार ?
जो पै यह रामायण तुलसी न गावतो।।

अद्भुत प्रकाश

– श्रीधनीराम शास्त्री, हरदोई

महाभाष्यकार पतञ्जलि महर्षि ने लिखा है कि संसार में एक वर्ग ऐसा है जो सुनता तो है परंतु कुछ नहीं सुनता अर्थात् बहरा नहीं हैं किंतु हितकी बात नहीं सुन पाता। देखता तो हैं किंतु कुछ नहीं देखता; क्योंकि झूठ को ही देखता है सत्य को नहीं देख पाता करता तो है परंतु जीवनभर करते रहते हुये भी कुछ नहीं करता क्योंकि स्वकर्म से प्रभु उपासना द्वारा प्रत्येक मानव सिद्धि पाता है जो सिद्धि उसे नहीं मिल पाती। आज संसार की यही दशा है। बात संभवतः कड़वी लग सकती है परंतु है सत्य और वह यह है कि विश्व विद्यालय के स्नातक भी अज्ञान से भरे हैं; एम. बी. बी. एस., एम. डी. उपाधिप्राप्त भी यह नहीं मानते कि भोजन शरीर निर्माता है–शक्तिदाता नहीं। करोड़ों या और अधिक धन से धनी भी यह नहीं समझते कि आनंद का संबंध अन्तर की शांति एवं धन वितरण से है–धन संचय से नहीं इत्यादि।

हृदय से प्रकटित हुये नारायण के अद्भुत् प्रकाश स्वरूप श्री योगी हृदयनारायण जी ने सचमुच वह प्रकाश फैलाया है कि हजारों की आंखें खोल दी हैं भगवान् को इन आंखों से किसी ने नहीं देखा उनको देखने की आंखें तो वे स्वयं ही देते हैं। भगवान श्रीराम की कृपा का प्रसाद पाकर श्री योगी जी ने भूले हुये माया ग्रस्त मानवों को इतना सुगम मार्ग दिखाया है और दिखा रहे हैं कि मानव सर्वांश में सुखी हो जाता है और हो सकता है तथा होता रहेगा।

३० वर्षों से अधिक समय से सन्त, महात्मा, साधु, उपदेशक, नेता, समाज सुधारकों आदि का संग करते करते भी वह चमत्कार मैंने किसी में नहीं देखा जो श्री योगी जी में देखा है-कि केवल रामायण की कथा के माध्यम से भयंकर बीमारियां बिना औषधि के ठीक हो गईं, अल्पवेतन भोगियों की दसों हजारकी समस्यायें स्वयं सुलझ गईं। बिना ज्ञानार्जन किये – ध्यान स्मरण मात्र से हृदयमें ज्ञान का प्रकाश छा गया, प्रेम की सीमा बढ़ते बढ़ते संसार में छा गई, सभी अपने लगने लगे, बड़े बड़े लालची लोग अपने धनका दशमांश या और भी अधिक भगवान् की सेवा में लगाने लगे। आज भी अनेक जीवित मानव इन सभी सद्गुणों के उदाहरण हैं जो जिज्ञासुओं को पत्र द्वारा बताये जा सकते हैं और खर्चा करने पर किसी भी स्थान पर पहुँचाकर उनके मुख से अनुभव सुनवाये भी जा सकते हैं। भूमिका का संवरण करके मैं अपनी बीती घटना अक्षरशः सत्य सत्य वर्णन करता हूं, आशा है पाठक जन लाभान्वित होंगे और मेरी भांति ही प्रेरणा पाकर कृतार्थ होंगे।

मेरे चारों हाथ-पैरों में ११ वर्ष पुराना एक्जिमा (छाजन या अकौता) था–एलोपैथिक (जर्मनी तक की बनी) औषधियाँ फेल हो चुकी थीं – हरदोई के सर्वश्रेष्ठ मूर्धन्य हौम्योपैथिक डाक्टर साहब की ६।। वर्ष लगातार चिकित्सा करा चुका था (आंशिक लाभ हो रहा था)

With best Compliments from :
J. K. AGENCIES
Old Hanuman Lane,
Bombay.

With best Compliments from :
CHATONS PRIVATE LIMITED,
95, Marine Drive Bombay-2 (BR)
Tel : **242715.** *Gram :* JOCELYN.

रोग की जड़ नहीं कट पाई थी, पैरों में पट्टी बांधकर रात को बिस्तर पर लकड़ी का पाटा रखकर सोता था ताकि पीब से बिस्तर दूषित न हो। डाक्टर लोग और मित्र लोग कहने लगे थे कि पैर कटवाना पड़ेगा। कुर्सीपर बैठकर पैर नीचे करने से जो पीब बहती थी, उससे भूमि गीली हो जाती थी। बारहों महीने नंगे पैर रहता था– जूता– चप्पल आदि पहन सकने के योग्य पैर की स्थिति ही न थी। पूजा, पाठ, स्तोत्र जपानुष्ठान भी कर चुका था किंतु लाभ होता दिखाई न दिया। प्रभु-प्रेरणा से हरदोई में ही एकबार श्री प्रभुश्याम शुक्ल, साइंस टीचर (इस समय शुगर मिल की लैबोरेटरी के कर्मचारी हैं) द्वारा समाचार पाकर श्री योगीजी की कथा सुनने का सौभाग्य मिला। बात समझ में आई। भगवान् का आदर करना आरंभ किया। झूठा भोग लगाना बंद करके भगवान् को सच्चा भोग लगाने लगा अर्थात् स्व भोजन का चतुर्थांश निकाल कर पहले ही किसी दरिद्र नारायण या पशु रूप प्रभु के पेट में समर्पित करने लगा जो आज तक कर रहा हूँ। परिणाम कुछ ही महीनों में यह निकला कि रोग समूल नष्ट हो गया। शरीर निर्मल एवं निर्दोष होने से गर्मी-सर्दी सहने की क्षमता बढ़ गई। इस समय श्री योगी जीकी कृपा का इतना प्रभाव है कि गत ४ वर्षों से जाड़ों की ऋतु में भी गर्म कपड़ों का प्रयोग नहीं किया है। घोर शीत में भी बिना कोट कम्बल, स्वैटर और रजाई के ही निर्वाह हो जाता है।

धन के प्रति ममता इतनी घट गई है कि ९६ किलो गेंहू और लगभग ४०० रुपये प्रतिवर्ष भगवान् की सेवा में लगा देने पर भी ८ सदस्यों के परिवार का भरण पोषण, शिक्षण सब ठीक चल रहा है।

मानसिक शांति उत्तरोत्तर बढ़ रही है। सब से बड़ी विशेषता यह है कि वेद के सर्वोच्च सिद्धांत मैत्रीभाव (सखाभाव) को पूज्य योगी जी ने मूर्त रूप दिया है। अनेक वैष्णव और ज्ञानी संत कहते तो हैं कि सख्यभाव श्रेष्ठ है, परंतु क्रिया में गुरुशिष्य का ही व्यवहार करते हैं। पूज्य योगी जी ने किसी के प्रति गुरु शिष्य भाव नहीं रखा है। सब को मित्र कहते, लिखते और मानते हैं। वेदों में भगवान् ने जीव को परमात्मा का सखा ही बताया है –

"द्वा सुवर्ण सयुजौ सखायौ"
तथा "मरुत्वन्तं सख्याय हवामहे"

अर्थात् जीव और परमात्मा दोनों एक वृक्ष के निवासी दो पक्षी रूप मित्र हैं। उस शक्ति शाली परमात्मा का हम सखा बनाने के लिये आवाहन करते हैं। इस प्रकार मैत्रीभाव वेद सम्मत सर्वश्रेष्ठ सुखदायक भाव है जिसे योगी ने अपनाया है।

बिना किसी जाति, धर्म या संप्रदाय के प्रतिबन्ध के सब से समान रूप में प्रेम करने वाले और स्वशक्ति अनुसार सब की सेवा करने वाले योगी जी की कथा यदि दस पांच बार भी सुनकर समझ ली तो जीवन दुःख रहित हो कर सर्वांश में सुखी होगा– कोई भी अनुभव करले।

मैंने ऐसे व्यक्ति आंखों से देखे हैं जो मृत्यु की घड़ी गिन रहे थे और अब योगी जी द्वारा प्रदर्शित साधना से पूर्ण स्वस्थ हैं। यह हमारा दुर्भाग्य हैं कि श्री योगी जी के संपर्क का अधिक लाभ नहीं प्राप्त कर रहे हैं।

With best Compliments from :
BANGUR BROTHERS LIMITED
14, Netaji Subhas Road,
Calcutta-1.
Managing Agents, Secretaries and Treasurers and Secretaries
Exporters of Jute Goods and Tea.
Gram : GUNYEXPORT
Telex : CAL .538
Phone : **22-6821** (10 Lines)
22-777 & **0779**.

रामचरित मानस में राम-भक्ति

(योगी जी के एक प्रवचन के आधार पर)

– श्रीमती शान्ति सहाय

गीता में भगवान कृष्ण ने संसार को अनित्य और असुख बताया और अर्जुन से कहा कि –तू मेरा भजन कर ––

'अनित्यं असुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम् "

ऐसे ही तुलसी दास ने उत्तरकाण्ड के अन्त में मानव के शारीरिक और मानसिक रोगों का चित्रण किया और कहा है :

' यहि विधि सकल जीव जग रोगी ।
सोक हरष भय प्रीति वियोगी ।।'

भजन की विधि तुलसी ने रामायण में विस्तार से जगह-जगह कहा है। आरंभ में ही मानसकार ने इस चौपाई में जैसे ग्रन्थ की आधार शिला रख दी है :

'अस प्रभु अछत हृदय अविकारी ।
सकल जीव जग दीन दुखारी ।।
नाम निरूपण नाम जतन ते ।
सोउ प्रगटत जिमि मोल रतन ते ।।'

मानस के पाठकों ने नाम जप तो दृढ़तासे पकड़ा और ग्रन्थ के साथ-साथ इसका भी जोरों पर प्रचार है । पर निरूपण की ओर बहुत कम या नहीं के बराबर ध्यान दिया गया है । सच तो यह है कि रामायण त्रिताप दूर करने का जो बार-बार आश्वासन देती है उसे लोगों ने दुष्प्राप्य समझ कर अथवा अलंकार मात्र मानकर छोड़ दिया है।

साधक की कठिनाई यह है कि उसके सामने प्रायः ऐसे महापुरुषों के उदाहरण नहीं होते जिन्होंने अपने जीवन से त्रिताप दूर किया हो। हमने चिन्तामुक्त संत देखे पर रोग-मुक्त नहीं । देह और उसकी व्याधियों के प्रति हमने उन्हें उदासीन पाया । पर रामायण में त्रिताप दूर करने की बात दृढ़तापूर्वक और बार-बार कही गयी है। इतना ही नहीं राम-कृपा से गीध के क्षणमात्र में नये पंख निकल आये –' राम कृपा कस भयउ सरीरा' और मनु-शतरुपा के अस्थि मात्र शरीर क्षणमात्र में हृष्ट-पुष्ट हो गए।

रामायण हमारे समक्ष एक नई क्रांतिकारी विचार-धारा प्रस्तुत करती है कि शक्ति का संबंध भोजन से नहीं, आनंद का धन से नहीं और न ज्ञान का पुस्तकों के अध्ययन से है। एक मात्र भगवान ही शक्ति आनंद और ज्ञान का स्रोत है । हमें जो भोजन से शक्ति धन से सुख और पुस्तकों से ज्ञान मालूम होता है, यह प्रतीति मात्र है । सत्य नहीं है ।

तुलसी ने रोगी के कष्ट का चित्रण करने के बाद रोग नाश की विधि बताई । हमें वैद्य रूपी सद्गुरू के पास जाना है और उनके वचन में विश्वास रखना है ।

'सद्गुरु वैद्य बचन बिस्वासा ।
संयम यह न विषय कै आसा ।।'

सद्गुरु ने पहले तो हमें संयम बताया क्योंकि औषधि बिना संयम के बेकार जाती है, केवल परहेज मात्र से तो रोग अच्छा भी हो सकता है । यथा––

'बिनाप्यौषधं व्याधिः पथ्यादेव निवर्तते ।
न तु पथ्यविहीनानाम् मेषजानाम् शतैरपि ।।'

वैद्यक शास्त्र ने कहा कि बिना औषधि के पथ्य मात्र से व्याधि अच्छी हो सकती है लेकिन परहेज न करने पर तो सैकड़ों औषधियों से भी व्याधि नहीं जायेगी ।

यह हमारी धारणा की भ्रान्ति है कि हम शक्ति आनंद और ज्ञान का संबंध, भोजन धन और अध्ययन से समझते हैं । लेकिन जैसा दीखता है वैसा नहीं है। सद्गुरु की इस

बात पर हमें विश्वास करना होगा कि एकमात्र भगवान ही शक्ति, आनंद और ज्ञानमय है। इस मान्यता के दृढ़ होने से ही जीव का कल्याण होगा। तो धारणा की भ्रान्ति और मान्यता की अपूर्णता दूर हो जाने के बाद ही साधन फलीभूत होता है। यह दुराशा मिट जानी चाहिए कि भोजन से शक्ति, धन से सुख और पुस्तकों से ज्ञान मिलेगा।

वैद्य ने रघुपति भक्ति रूपी औषधि का श्रद्धारूपी अनुपान के साथ नियमित प्रयोग बताया और कहा :–

'एहि बिधि भलेहि सो रोग नसाहीं ।
नाहिं त कोटि जतन नहिं जाहीं ।।'

अब रघुपति भक्ति क्या है इसे देखें। तुलसीदास तो पहले ही कह चुके हैं :

'वर्षा रितु रघुपति भगति
तुलसी सालि सुदास ।।
राम नाम बर बरन युग
सावन भादों मास ।।

सावन भादों के दो महीनों में ही साठी का चावल बढ़ता और पकता है। "र" और "म" यह महीने कहे गये। अर्थात् राम नाम का आश्रय और जप ही वर्षा के दो मास हैं जिनसे दास अथवा भक्त का श्रेष्ठ विकास होता है।

तुलसी ने साधक की प्रगति के बड़े सुन्दर मापदंड दिये हैं। रोग दूर होने मात्र से रोगी के शरीर में बिना भोजन के ही आंतरिक शक्ति का अनुभव होने लगता है। ज्वर अथवा मल निकलने से रोगी उठकर चलने लगता है। इसी प्रकार मन से आसक्ति रूपी रोग दूर होते ही निर्मलता आती है और आनन्द का उदय होता है। वाह्य परिस्थिति सुखमय न रहने पर भी मन में शांति बनी रहती है।

शरीर में रोग के विनाश से भूख लगती है। और मन से आसक्ति दूर होने पर शान्ति आती है–

'जानिय तब मन विरुज गोसांई ।
जब उर बल बिराग अधिकाई ।।
सुमति क्षुधा बाढ़इ नित नई ।
विषय आस दुर्बलता गई ।।'

भोजन से नीरोग और दुबला शरीर भर जाता है और कमजोरी दूर हो जाती है। शरीर के स्तर पर जैसे अन्दर शक्ति और बाहर बल प्राप्त होता है ऐसे ही मन के स्तर पर भीतर शांति और बाहर जीवन सुखमय हो जाता है।

इसके बाद की अवस्था का वर्णन तुलसी ने इस प्रकार किया है :

'बिमल ज्ञान जल जब सो नहाई ।
तब रह राम भगति उर छाई ।।

रोगी शय्या से उठा – कुछ खाने से उसे बल मिला तो उसने स्नान किया। यह तो हुई शरीर की बात। बुद्धि के स्तर पर साधक ने ज्ञान जल में स्नान किया। जैसे बिना क्षुधा के खाने से बल नहीं होता ऐसे ही बिना सुमति ज्ञान नहीं मिलता।

इस प्रकार तुलसी ने "रघुपति भक्ति" के बाद ज्ञान की प्राप्ति का होना बताया है। और ज्ञान होने के बाद "रामभक्ति" की प्राप्ति होगी ऐसा कहा। यह बड़ी बिलक्षण बात है जिसकी ओर रामायण के पाठकों का प्रायः ध्यान नहीं जाता। तुलसी के लिये "रघुपति भक्ति" और "रामभक्ति" ऊपर नीचे की सीढ़ियां हैं जिनके बीच में ज्ञान प्राप्ति है। रघुपति भक्ति में माला, पूजन कीर्तन आदि का समावेश है और यह साधक की स्थिति है। "राम भक्ति" सिद्ध की स्थिति है जिसे ज्ञान पहले ही हो चुका है। यदि हम इसे ठीक से समझ लें तो इस पर मतभेद का स्थान नहीं रह जायेगा।

ज्ञानी भक्ति को ज्ञान से निम्न स्थिति का मानता है। यह सही भी है। लेकिन यहां ज्ञानी का भक्ति से मतलब "रघुपति भक्ति" से होता है जिसमें जप, अर्चना आदि का समावेश है।

'रामभक्ति" ज्ञान से उच्च स्थिति है, क्योंकि राम भक्त अपने इस ज्ञान को–कि सब प्रभु का ही स्वरूप है अथवा चराचर में एकमात्र वही सत्ता विद्यमान है, व्यवहार की कसौटी पर उतारता है। सबको प्रभु का रूप मानकर वह सबको प्यार करने लगता है। इस प्रकार वह प्राप्त सत्य ज्ञान को व्यवहार में प्रेम का रूप देता है। इसके परिणाम स्वरूप वह सबकी सेवा में लग जाता है। एक सूफी सन्त के शब्दों में––

इबादत बजुज़ ख़िदमते ख़ल्क नेस्त ।
ब तसबीह सज्जादओ दल्क नेस्त ।।

अर्थात् मानव मात्र की सेवा ही प्रभु की सच्ची उपासना है। यह है प्रेम और सेवा का वास्तविक रूप !

———



मानस साधना मण्डल की ११वीं अ० भा० गोष्ठी

अक्तूबर, १९६९ के संदर्भ में

९ अक्तूबर को सायंकाल ४–३० बजे आयोजित प्रेस कान्फ्रेन्स

ऊपर : आयोजन समिति के मंत्री श्री त्रिभुवनपाल गोयल प्रेस–प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। बगल में श्री हरिलाल बी० ड्रेसवाला, श्री गजाधर सोमानी, श्री हरिकिशनदास अग्रवाल तथा श्री नवीन टी० खांडवाला बैठे हुए हैं।

★

बीच में – बाँयेसें—श्री त्रिभुवनपाल गोयल मंत्री, श्री हरिलाल बी० ड्रेसवाला उपाध्यक्ष, श्री गजाधर सोमानी अध्यक्ष तथा श्री हरिकिशनदास अग्रवाल, सभापति

★

नीचे : प्रेस कान्फ्रेन्सके अवसर पर उपस्थित आयोजन समिति के सदस्य-गण।

★

अहंकार का शीर्षासन

—हरिकिशनदास अग्रवाल

अहंकार कई प्रकार का होता है। लोकैषणा-पुत्रैषणा-वित्तैषणा, ये सभी अहंकार के ही रूप हैं। आमतौर पर यह देखा जाता है, कि अहंकार वासना के रूप में उपस्थित रहता है, किन्तु हम उसे छिपाते रहते हैं, ऊपर से विनम्र और अन्दर से वासना-पूर्ति में लगे रहते हैं।

एक मनुष्य बड़ा ही विद्वान था। जब भी कोई उसकी प्रशंसा करने के लिए खड़ा होता, तो वह उसे मना कर देता, कि भाई मेरी प्रशंसा मत करो। एक बार जब उस विद्वान का भाषण खत्म हो चुका तो, एक व्यक्तिने उसको धन्यवाद देते हुए यह कहा कि चूंकि प्रवक्ता को प्रशंसा अच्छी नहीं लगती, इसलिए मैं उनकी प्रशंसा नहीं करूंगा। प्रवक्ता ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आपने मेरी प्रशंसा नहीं की, इसी में मैं खुश हूं। बाद में जब कार्य-क्रम समाप्त हो चुका तो उस धन्यवाद देने वाले व्यक्तिने बताया कि आप प्रशंसा से प्रसन्न नहीं होते हैं, पर जिस बात से आप प्रसन्न हो रहे हैं वह भी तो एक प्रकार की प्रशंसा ही है। भले ही इसे प्रशंसा न कहें पर प्रशंसा का शीर्षसन तो कह ही सकते हैं। विद्वान को अपने अन्दर छिपी लोकैषणा का पता चला।

लोकैषणा बड़े-बड़े छिपे हुए रूप धारण करके आती है, किन्तु अन्दर से हर कोई यही चाहता है कि मेरी इज्जत-मान-प्रतिष्ठा-सत्कार हो, किन्तु वह उसे जाहिर नहीं करता।

एक महन्त अपनी शिष्य-मंडली के साथ एक बाजार मेंसे गुजर रहे थे उनकी शिष्य-मंडली आगे-आगे हल्ला करती जाती, कि महाराज के पाँव नहीं छूना, नहीं तो महाराज को उपवास करना पड़ेगा, कोई बेचारा सीधा सरल व्यक्ति पाँव छूने आता तो उसे पीछे हटा दिया जाता।

यह बाहरी विनम्रता आडम्बर का रूप धारण करके अपनी लोकैषणा की पूर्ति कर रही थी। अगर वही महन्त बाजार में से चुपके से निकल जाता तो शायद कोई उसके पाँव न छूता, किन्तु जिस आकर्षण से बचना चाहते थे, शिष्य मण्डली के हल्ला करने पर वे उसी में अन्य रूप से फंस गए।

एक सभा का सेक्रेट्री मंच पर खड़ा हो जोर-जोर से हाथ मार कर कहता है कि भाइयो, हमारी सोसायटी ने यह काम किया, वह काम किया। मैं आप के सामने कोई माँग पेश करने खड़ा नहीं हुआ हूं। उसका यह कहना कि मैं माँग पेश करने के लिए नहीं खड़ा हुआ हूं, में भी एक मांग ही छिपी है। प्रायः सभी मांगने वाले यही कहा करते हैं, कि हम माँगने नहीं आए, किन्तु उनके हृदय की बात छिपी नहीं रहती जनता उन्हें पहचान जाती है, व उनके हृदय की बात जान जाती है।

एक उच्च चोटी के महात्मा किसी पर्वत की चोटी पर प्रवचन करते थे। वह २० वर्ष से नीचे न उतर वहीं रहते थे। कोई नीचे उतरने का उनसे आग्रह करता तो वे इन्कार कर देते। किन्तु एक बार बहुत से भक्तों ने मिल कर आग्रह किया कि महाराज नीचे गाँव में मेला लगा है, वहाँ बहुत से भक्त साधक सत्संगी आये हैं। बहुत से लोग आपके दर्शन करने यहाँ नहीं पहुंच सकते, इसलिए आप कृपा करें, व नीचे उतर कर लोगों को दर्शन दें।

"महाराज लोगों के आग्रह पर राजी हो गए, नीचे मेले में जब पहुंचे, तो भीड़ बहुत थी, व उनके पांव पर किसी का जूता आ गया, महात्माने जिसका जूता पाँव पर पड़ा था, उसकी गर्दन पकड़ ली और कहने लगे, कि तुम्हें मालूम नहीं मैं कौन हूं? वह जो अहंभाव की वृत्ति आज २० वर्षों से छिपी थी और जिसे निकालने का मौका न मिल पाया था, वही अहंभाव मौका मिलने पर बाहर आ गया।

मनुष्य संसार में रहता हुआ यदि अहंभाव से बचा रहे, क्रोधावेश में न आवे, और अपने मन का संतुलन बनाए रक्खे, तो वह विषम परिस्थितियों में भी समता को प्राप्त हो सकता है। किन्तु जो मनुष्य विषम परि-स्थितियों से दूर भागता है, तो वह कभी भी विषम परि-परिस्थिति आ जाने पर विक्षिप्त हो सकता है, क्योंकि उसने अब तक स्वयं को विक्षिप्त वातावरण से दूर रक्खा है। विक्षिप्तता उसके मन में से गई नहीं, विक्षिप्तता तो तभी जायगी, जब हम जीवन की हर कसौटी पर उसे कसते रहेंगे, विक्षिप्त न रह कर हम समभाव में स्थित रहेंगे।

एक योगीराज किसी के अतिथि होकर उसके घर पर गए और दूसरे दिन ही वह कहते हैं, कि मैं यहां से चलता हूं, मेरा तो आज ध्यान ही नहीं लग पाया। सबेरे जब मैं ध्यान में बैठा था, तो दरवाजे की आहट ने मेरा ध्यान उचाट कर दिया। उसके बाद मेरा ध्यान लगा ही नहीं। मैं तो जंगलों में एकदम निर्जन स्थान में रहने का आदी हूं, जहां पर किसी प्रकार की खटखटाहट नहीं। बाहरी वातावरण के आधार पर जो ध्यानस्थ होते हैं, वह जरा सी भी आहट आने से ध्यानस्थ नहीं हो सकते। किसी पड़ोसी की आवाज़, बच्चे का रोना, पास ही चलते पशुओं की आवाज, या प्रातःकाल समाचार पत्रों के बेंचने वालों तथा दूध वालों की आवाज़ उन्हें विक्षिप्त कर देती है। उन्होंने तटस्थ होकर ध्यान लगाना सीखा ही नहीं। ध्यान का तात्पर्य यह नहीं है, कि हम कानों से बाहर हो जाएं, या हमारे कान में कोई आवाज़ ही न पड़े। ध्यान का तात्पर्य यह है कि हम असंग कितना हो सकते हैं? घर में बच्चों के रोने की आवाज़ तो आयगी ही, किन्तु यदि हम उससे तटस्थतापूर्वक असंगता प्राप्त कर सकें, तो वही आवाज़ विक्षिप्तता का कारण नहीं बनेगी। हम किस किस की आवाज़ को रोकने जायंगे, पशु पक्षियों की आवाज़ें, कौवेकी कांव-कांव, कुत्तेके भों-भों करने व गधों के रेंकने आदि कई प्रकार की आवाज़ें आती हैं। यदि हम उन्हें विक्षिप्तता का कारण मान लें, तो हमारा ध्यान लगेगा ही नहीं, भीड़ से निकल जाने का नाम ध्यान नहीं, किन्तु भीड़ को मन में घुसने न देने का नाम ध्यान है।

एक संपन्न घराने के व्यक्ति ने सन्यास ले लिया और साधू बन गया। वह साधु वेष में ३० वर्ष तक घूमता रहा। एक बार वह बात बात में किसी से कहने लगा, कि मैं ३० लाख को लात मार कर साधू हुआ हूं, सुनने वाले ने कहा कि –आप ने लात लगाई तो सही, किन्तु ठीक से नहीं लगायी। अभी तक ३० लाख के त्याग का सूक्ष्माहंकार तो आपके मस्तिष्क पर सवार ही है।

बहुत से साधू त्याग को बड़ी महत्ता देते हैं और बात-बाद में अपने त्यागी-वैरागी होने की डींग हाँकते हैं। यहां तक कि अपने नाम के पीछे भी विरागमूर्ति, विरक्त-शिरोमणि इत्यादि लगा लेते हैं।

बहुत से सभा-संमेलनों में यह देखा गया है, कि मंडलेश्वरों–महामंडलेश्वरों व प्रवक्ताओं के चेले प्रथम आकर आगे आसन बिछा देते हैं, व कभी किसी अन्य सन्त का आसन आगे लगा हो, तथा स्थान न मिले, तो यही खिन्नता का कारण हो जाता है। इस प्रकार का त्याग ग्रहण का ही एक दूसरा रूप है।

जब त्याग को ग्रहण कर लिया, व उसी के अहंभाव में फूल गए, तो एक संसारी धन-मान की आफत तो छोड़ी पर त्याग अहंकार का ग्रहण करने की दूसरी आफ़त गले में डाल ली।

अहंभाव चाहे गृहस्थी का हो, चाहे योगी–तपस्वी–सन्यासी–आचार्य प्रवक्ता और लेखक का, अहंभाव तुच्छ ही है।

परमात्मा की प्राप्ति तो इन सब भावों से ऊपर उठ जाने में है। त्याग जहाँ होता है, वहीं परमात्मा होता है।

इलाहाबाद के कुंभ पर ब्रह्मलीन श्री स्वामी प्रेमपुरी जी ने समष्टि भंडारा किया। उसमें अन्दाजा ५,००० साधु-संत, महामंडलेश्वर– मंडलेश्वर आदि आए।

भोजन का समय ११ बजे का था और साधुओं की सभी पंक्तियां लग गई थीं, किन्तु जो मठाधीश-महामंडलेश्वर-महन्त इत्यादि थे, उनमें इस बात की चर्चा में कि दांए आसन किसका हो व बांये किसका दोपहर के ३ बज गए। इसलिए कि जब तक निर्णय न हो तब तक भोजन कैसे हो? आखिर जब काफी समय हो गया, व यह बात सब को अखरने लगी, तो ११ बजे की बैठी पंक्ति ने ३ बजे भोजन किया।

उसी समय पर बंबई से आए एक और प्रतिष्ठित व्यक्ति को दूसरे दिन भंडारा कराना था। किन्तु उसने अपना भंडारा कराने का निर्णय वापस ले लिया। वह बोला कि जिस भंडारे पर आसनों के स्थान पर ३-३ बजे तक विचार-विमर्श किया जाता है, मैं तो ऐसी परिस्थिति को देख कर भंडारे से बाज़ आया।

महापुरुष जनता को यह उपदेश देते हैं, कि अहंभाव से उपर उठो, और जनता इन महापुरुषों को आसनों के स्थान पर वाद-विवाद करते देखती है, तो उसे बड़ा आश्चर्य और दुख होता है।

इस लेख से शायद किसी को ऐसा प्रतीत होता हो कि महापुरुषों की खिल्ली तो नहीं उड़ाई जा रही? किन्तु ऐसी बात नहीं, तात्पर्य यह है, कि स्थूल अहंकार तो मिट जाता है, किंतु सूक्ष्म अहंकार कभी-कभी बना रहता है, उससे हमें सचेत रहना चाहए, ताकि हम स्थूल अहंकार से निकल कर सूक्ष्म में न अटक जांय, क्योंकि स्थूल पदार्थों के त्याग-वैराग से कभी निवृत्त हुआ भी जा सकता है किन्तु सूक्ष्मअहंकार से? जब तक मनमें बैठी वासना-निवृत्ति नहीं होगी, तब तक सूक्ष्मअहंकार का भी अन्त नहीं होता।

आकांक्षा का आकाश : प्रयास की परिधि

—श्री चतुर्भुज शर्मा, अध्यक्ष, तुलसीशोध संस्थान

यह राम चरित मानस भी अपूर्व अलौकिक काव्य है। दूर से देखने पर तो यह एक साधारण भक्ति-रस-प्रधान महाकाव्य प्रतीत होता है, किन्तु ज्यों-ज्यों हम इसके निकट जाते आते हैं, इसका प्रसार तथा गहनता बढ़ती जाती है और जब इससे तादात्म्य स्थापित कर लेते हैं तो हमें विश्वास हो जाता है कि मानस वास्तव में भारतीय संस्कृति, धर्म और साहित्य का वह पूंजीभूत रूप है, जिसकी रचना मानव मात्र को सर्वमंगल के लक्ष्य की ओर प्रेरित करने के लिए हुई है।

ऐसे विलक्षण काव्य की रचना को चार सौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और आज देश में सर्वत्र राम चरित मानस चतुश्शती मनाने की चर्चा चल रही है। कुछ अन्य देशों में भी इस दिशा में विचार किया जा रहा है। वातावरण की इस समवेत चेष्टा के बीच यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि इस आयोजना का प्रयोजन क्या है, इसके द्वारा लोकमंगल की किस रूप में अभिवृद्धि हो सकती है तथा इस मानस को मानस में अपनी मूलभूत गरिमा के साथ किस प्रकार अवतरित किया जाय ? विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रम इस विषय पर प्रकाश डालने की चेष्टा करते हैं। तुलसी स्मारक समिति तथा तुलसी शोध संस्थान का भी इस दिशा में सचेष्ट होना स्वभाविक ही है। इसके पूर्व कि दोनों संस्थाओं से निकटतम संबंधित होने के नाते मैं उनके प्रयास का रेखांकन करूं, उनके विषय में परिचयात्मक रूप से कह देना भी आवश्यक समझ रहा हूं।

राष्ट्र के ओजस्वी नेता पं० गोविन्द वल्लभ पंत की प्रेरणा से संस्थापित तुलसी स्मारक समिति गत तेरह-चौदह वर्षों में अनेक दिशाओं में सक्रिय प्रयास कर चुकी है। महाकवि तुलसी के जन्म स्थान राजापुर (जिला बांदा) में इसने लगभग चार लाख रुपये की लागत से एक विशाल मयूराकार एवं आकर्षक तुलसी स्मारक निर्मित कराया है। सामान्य चलने वाले कीर्तन, भजन तथा प्रवचन-सत्संग आदि के अतिरिक्त राम विवाह तथा राम जन्म के अवसर पर यहां विशाल तुलसी मेला आयोजित होता है जिसमें श्रेष्ठतम साहित्यकार, रामायणी तथा तुलसी साहित्य मर्मज्ञ पधारते हैं। गोष्ठियों का आयोजन तथा विद्वानों का सम्मान समिति का प्रमुख कार्यक्रम रहा है। यों इसने तुलसी साहित्य को अधिकाधिक लोकप्रिय बनाने की अन्यरूप में भी सक्रिय चेष्टा की है। श्री शिव शंकर मिश्र तथा श्रीमती विद्यावती मिश्र की तुलसी विषयक नौ पुस्तकें प्रकाशित करके समिति ने महाकवि तुलसी के संदेश को बालकों तथा किशोरों तक पहुंचाने की सफल चेष्टा की है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तुलसी शोध-संस्थान की स्थापना का उद्देश्य जैसा इसके नाम से ही स्पष्ट होता है, विषय की गहनता में पहुंचकर अन्यतम साधना के मोतियों को खोज निकालना है। इसके पास व्यावहारिक कार्यक्रम के साथ विचारमंथन भी होगा और मानस का अधिकतम अवगाहन करने की आकांक्षा रहेगी।

मानस चतुश्शती के वृहद् विचाराधीन कार्यक्रम में तुलसी स्मारक समिति तथा शोध संस्थान ने जो अपना विनम्र योगदान करने का निश्चय किया है उसकी रूप-रेखा कुछ इस प्रकार है :—

हम चाहेंगे कि इस अवसर पर हमारा सर्वाधिक ध्यान मानस तक केंद्रित रहे, यद्यपि तुलसी के अन्य साहित्य अथवा भक्ति साहित्य को भी इसी संदर्भ तथा प्रसंग में स्पर्श किया जा सकता है। अपने कार्यक्रम के अंतर्गत हम मानस से ४०० ऐसे सुभाषित निकालेंगे जिनका प्रत्यक्ष संबंध हमारे दैनिक जीवन से हो और जिन्हें जन साधारण के लिए नीति बनाकर अथवा नैतिक शिक्षा के रूप में ग्रहण किया जा सकता हो। इस संकलन की भूमिका के रूप में हम तुलसी का सर्वांगीण जीवन दर्शन प्रस्तुत करेंगे जो किसी देश या काल विशेष के लिए नहीं अपितु सार्वभौमिक तथा सार्वकालिक हो।

हमारा दूसरा प्रयास होगा ४०० चौपाइयों में मानस को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करने का। इस संक्षिप्त रूप में कथा का प्रवाह यथावत रहे और उसकी मंगलकारी आत्मा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। इसको अंतिम रूप देने के पूर्व हमारी चेष्टा होगी कि विभिन्न समूहों तथा स्थानों में इसका पारायण कर लिया जाय और उसके समवेत प्रभाव का भलीभांति परीक्षण तथा मूल्यांकन हो जाय।

हमारा विश्वास है कि मानस केवल काल ग्रंथ नहीं

वस्तुत: जीवन तथा जीवन दाता के प्रति अडिग, अखंड एवं अलक्षित आस्था का प्रतीक है। उसे निष्ठा के साथ पारायण करने वालों को धर्म लाभ कितना हुआ यह तो सदैव एक प्रश्नवाचक बना रहेगा किन्तु यह तो सहज ही स्पष्ट हो सकता है कि मानस ने कितने मानसों का पथ-प्रदर्शन किया, कितनों की समस्या हल की तथा संबल प्रदान किया। चतुश्शती के इस अवसर पर हम उन ४०० व्यक्तियों के अनुभव प्रस्तुत करेंगे जिन्होंने मानव में अपने उद्वेगों का निराकरण पाया। अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया तथा अपनी अस्थिरता को दृढ़ता में परिवर्तित किया। हम यह कार्य अनेक व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करके, उनकी अनुभूतियों और अनुभवों का भलीभांति विश्लेषण करके करेंगे।

उपरोक्त प्रयत्नों के अतिरिक्त हम मानस को समाज के विभिन्न वर्गों तथा स्तरों तक पहुंचाने की दृष्टि से उसका विविध रूपों में सरल, भावपूर्ण तथा ग्राह्य अध्ययन प्रस्तुत करेंगे। उदाहरणार्थ हमारा एक अध्ययन नारियों के लिए होगा, एक विद्यार्थियों के लिए। अपने इन अध्ययनों में हमारी चेष्टा होगी कि महाकवि तुलसी के ही शब्दों में हम उनकी तद्विषयक परिकल्पना को पूर्ण रूप में प्रस्तुत करें जिससे जिज्ञासु कवि तथा संत के विचारों को ठीक से समझ तथा ग्रहण कर सकें।

राम चरित मानस का जहां-जहां तथा जिस-जिस रूप में अध्ययन हुआ, उस पर जो भी प्रकाशित, अप्रकाशित शोध कार्य हुआ है उसका संकलन करने का हम प्रयास करेंगे। यह कार्य वस्तुत: मानस-प्रेमियों के सहयोग से ही संपादित हो सकेगा। मुझे निजी रूप से ज्ञात है कि प्रकाशन के अभाव में मानस पर बहुमूल्य तथा अप्राप्य सामग्री पांडुलिपि के रूप में ऐसे लोगों के बस्तों में बन्धी है जो अपने जीवन की सांझ में साधनों के अभाव की यातना सहते हुए उसके प्रकाशन के लिए व्यग्र हैं। ऐसी कतिपय पांडुलिपियों का मुझे परिज्ञान है। एक ऐसी पांडुलिपि के विषय में मुझे ज्ञात है जिसमें भावुक मानस प्रेमी ने सैकड़ों रामायणियों के महत्वपूर्ण प्रवचन ज्यों के त्यों लिख डाले हैं। हम इन प्रयासों को संग्रहीत करेंगे तथा उनको प्रकाशित करने के लिए एक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

इस प्रकार की ही सामग्री के आधार पर हमारा प्रयास पुरानी पोथियों तथा वस्तुओं का संग्रहालय स्थापित करने का होगा। स्पष्ट है इसमें सब कुछ मानस से ही संबंधित होगा और अध्ययन के लिए पीठिका के रूप में हम इनका चयन तथा संकलन करेंगे।

हम एक और भगीरथ कार्य अपने हाथ में लेने के लिए सोच रहे हैं। यह होगा मानस के विद्वानों, व्यासों, कथा वाचकों, प्रवचनकर्ताओं तथा मानस-पीठियों के विषय में परिचयात्मक संदर्भग्रन्थ तैयार करने का। हमारा विनम्र अभिमत है कि यह अपने ढंग का अभिनव कार्य होगा और इसकी आवश्यकता का अनुभव आज सभी कर रहे हैं।

अपने इस स्पष्ट एवं रेखांकित संकल्पी प्रयासों के साथ इनके पूरक के रूप में हम तुलसी पुस्तकालय, तुलसी वाचनालय, तुलसी अध्ययन-कक्ष, तुलसी विद्यालय तुलसी-अत्यांक्षरी, तुलसी काव्य प्रतियोगिता, तुलसी निबन्ध प्रतियोगिता आदि की व्यवस्था करेंगे। वस्तुत: ये सब कार्य सभी साहित्यिक संस्थाओं के माध्यम द्वारा होंगे। समिति और संस्थान ने अपने इन कार्यों के लिए लखनऊ को ही केंद्र स्थान माना है। और इन दोनों संस्थाओं का कार्यालय है भगवती निवास पानदरीबा लखनऊ। अपने कार्यों तथा प्रयासों को विधिवत रूप देने के लिए हमने अपने निदेशालय का संयोजन किया है, जिसमें हमारे निदेशक श्री शिव शंकर मिश्र सारे कार्यक्रम को स्वरूप देंगे, जिज्ञासुओं को जानकारी प्रदान करेंगे तथा विभिन्न मानस-प्रेमी संस्थाओं से सहयोग प्राप्त करके बिखरे हुए प्रयासों को समवेत रूप देंगे। निदेशालय की व्यवस्था अपने ढंग का सर्वप्रथम प्रयोग है और उसकी सफलता का श्रेय आप सबको ही प्राप्त होना है।

स्पष्ट है समिति और संस्थान के पास अपने कार्यक्रमों को विधिवत संपादित करने के लिए यथेष्ट साधनों का अभाव है। राम चरित मानस से संबंधित कोई भी कार्य या कार्यक्रम वस्तुत: लोक मंगल का कार्य है और उसमें अपना योगदान करना प्रत्येक सद् वृत्ति वाले का सहज कर्त्तव्य है। हम योगदान के लिए सबका आह्वान करते हैं और जिस रूप में भी वह हमें प्राप्त होगा हम साभार ग्रहण करेंगे।

शासन से भी हमारा अनुरोध होगा कि मानस को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक मानकर उसकी व्यापकता को प्रसार देने के लिए अपना सहयोग दे। इन सबके साथ समिति एवं संस्थान उन सत्र संस्थाओं को चाहे वे कहीं भी हों, किसी रूप में भी कार्य कर रही हों, अपना विनम्र सहयोग सहज भाव से अर्पित करता है।

———

मानस साधना मण्डल के पदाधिकारी



कुर्सीपर बैठे हुए : मंडल के संस्थापक – अध्यक्ष परमपूज्य श्री हृदयनारायण 'योगीजी', ८।१०, वेस्ट एक्स्टेंशन एरिया, करोल-बाग, नयी दिल्ली–५

खड़े हुए-बाँयें से : १. मंत्री : डा० चन्द्र दीप सिंह, एम. बी., बी. एस. सिविल अस्पताल, मछली शहर, जिला जौनपुर (उ० प्र०)

२. सहायक मंत्री : श्री त्रिभुवन पाल गोयल, एम. काम.,
६. ब्ल्यू. गार्डनिया, पेडर रोड,
(स्टेट बैंक आफ़ इंडिया के उत्तर) बम्बई –२६
फोन : निवास – ३५०६२५ । कार्यालय – २९५४५६ व २९५४६६ तार–'PUNEET'–Bombay.

३. सहायक मंत्री तथा कोषाध्यक्ष — श्री कुबेर । साद गुप्त
डी– १२।४, राजेन्द्र नगर, लखनऊ –४
फोन : निवास – २६११३

मानस शंका समाधान

राम चरित मानस के संबंध में जिज्ञासु महानुभाव समय-समय पर शंकाएं व्यक्त किया करते हैं। मानस के विद्वानों ने इन शंकाओं का समुचित उत्तर भी दिया है। शंका तथा समाधान की यह प्रक्रिया अनवरत रूप से चली आ रही है।

आज हम मानस चतुश्शती समारोह के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने इस सर्वांगपूर्ण तथा चार सौ वर्षों से सर्वत्र सम्मा- नित, विश्व में सर्वाधिक पठित तथा लोकप्रिय ग्रंथ की पूर्णता प्रतिष्ठित करने हेतु इससे संबंधित समस्त जिज्ञासाओं, शंकाओं तथा भ्रमों का सम्यक् निराकरण प्रस्तुत करें। इसी उद्देश्य से मानस के प्रेमियों, पाठकों तथा समालोचकों से हमारा अनुरोध है कि वे अपनी जिज्ञासा अथवा शंका तुलसीशोध संस्थान के निदेशक श्री शिवशंकर मिश्र, २२३, राजेंद्रनगर, लखनऊ –४ के पास यथा सुविधा भेजने की कृपा करें।

तुलसी शोध संस्थान मानस के शीर्षस्थ विद्वानों की एक समिति द्वारा इन जिज्ञासाओं तथा शंकाओं का परीक्षण कराके उनका निराकरण प्रस्तुत करते हुए मानस चतुश्शती समारोह के एक प्रमुख कार्य के रूप में विस्तृत ग्रंथ प्रस्तुत करेगा, जो अपने ढंग का अभूतपूर्व तथा उपयोगी भी होगा।

–चतुर्भुज शर्मा
अध्यक्ष
तुलसी शोध संस्थान

●

श्री बिन्दुजी
स्वर्ण–पदक पुरस्कार

रामचरित मानस के श्रेष्ठ विद्वान एवं लोकप्रिय कथावाचक पं० बिंदु जी गोस्वामी की पुण्य स्मृति में तुलसी स्मारक समिति ने भगवान राम के पावन चरित्र पर आधारित सर्वश्रेष्ठ बाल साहित्य की पुस्तक पर श्री 'बिंदु जी स्वर्ण-पदक' प्रदान करने का निश्चय किया है।

पुरस्कारार्थ प्रकाशित पुस्तकों की पांच प्रतियां तथा अप्रकाशित पुस्तकों की टाइप की हुई दो प्रतियां पुरस्कार समिति की संयोजिका के पास १५ दिसंबर, १९६९ तक अवश्य आ जानी चाहिए। पुरस्कार की घोषणा ३१ दिसंबर, ६९ तक कर दी जायगी।

निर्णायकों द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ पुस्तक पर श्री बिंदु जी स्वर्ण पदक तथा द्वितीय एवं तृतीय पुस्तकों को भी पुरस्कृत किया जायगा। पुरस्कृत पांडुलिपियों को प्रकाशित करने का अधिकार तुलसी स्मारक समिति को होगा।

–विद्यावती मिश्र
संयोजिका

२२३, राजेन्द्र नगर लखनऊ –४

परमपूज्य श्री हृदय नारायण 'योगीजी'
स्वर्ण पदक पुरस्कार

तुलसी शोध संस्थान ने मानस चतुश्शती के प्रथम चरणमें श्रीराम चरित मानसके उन पहलुओं का सम्यक् विवेचन करने वाली सर्वश्रेष्ठ पुस्तक को 'श्री हृदय नारायण 'योगीजी' 'स्वर्ण पदक' प्रदान कर सम्मानित करने का निश्चय किया है, जिनके आधार पर गोस्वामी तुलसीदासजी ने श्रीराम चरित मानसमें मानव जीवनको सर्वांश में सुखी करने के संशयरहित आश्वासन दिये हैं।

मानस किंकर श्री हृदय नारायण 'योगीजी' श्रीरामचरित मानस के विख्यात वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक व्या व्याख्याता है, जिनके अनुसार साधन करके अनेकानेक लोगों का जीवन सब प्रकार से सुखी होकर रामचरित मानस के आश्वासनोंको पुष्ट कर रहे हैं।

प्रकाशित पुस्तकोंकी पांच तथा अप्रकाशित पुस्तकोंकी टाइप की हुई दो प्रतियां पुरस्कार समिति की संयोजिका के पास ३१, १२, ६९ तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए।

निर्णायकों द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ पुस्तकके सम्मानार्थ 'श्री हृदयनारायण 'योगीजी' स्वर्ण पदक प्रदान किया जायगा। पुरस्कार की घोषणा १५ जनवरी, १९७० तक कर दी जायगी। पुरस्कृत पुस्तकके प्रकाशनका सर्वाधिकार तुलसी शोध संस्थान को होगा।

श्री हरकुमार पाठक कन्या इन्टर कालेज
दलेलगंज, शाहजहाँपुर, (उ० प्र०)

— तारा पाठक
संयोजिका

●

श्री चतुर्भुज शर्मा
स्वर्ण पदक पुरस्कार

मानस चतुश्शती समारोह के प्रथम चरण में मानस साधना मंडल ने राम कथा पर आधारित बाल साहित्य की सर्व श्रेष्ठ कविता पुस्तक पर 'श्री चतुर्भुज शर्मा स्वर्ण पदक' प्रदान करने का निश्चय किया है। श्रद्धेय श्री शर्मा जी तुलसी शोध संस्थान के अध्यक्ष तथा तुलसी स्मारक समिति के मंत्री है। संत शिरोमणि तुलसी तथा भगवान राम के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा एवं अखंड निष्ठा है, जिसे वे अपने कार्यों तथा विचारों द्वारा मूर्त रूप प्रदान कर रहे हैं। महाकवि के जन्म स्थान राजापुर, जिला बांदा : उ० प्र. —में आपके सत्प्रयास के फलस्वरूप एक विशाल तुलसी स्मारक भवनका निर्माण हुआ तथा तुलसी साहित्य के गहन अध्ययन एवं मनन हेतु शोध संस्थान की भी स्थापना आपने की है।

पुरस्कार हेतु प्रकाशित पुस्तकों की पांच प्रतियां अथवा अप्रकाशित पुस्तक की टाइप की हुई दो प्रतियां पुरस्कार समिति के संयोजकके पास ३० नवंबर, १९६९ तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए।

निर्णायकों द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ पुस्तकके सम्मानार्थ 'श्री चतुर्भुज शर्मा स्वर्ण पदक' प्रदान किया जायगा तथा द्वितीय एवं तृतीय पुस्तकों पर भी क्रमशः १०१ रु० तथा ५१ रु० पुरस्कार प्रदान किया जायगा। पुरस्कृत पांडुलिपियोंके प्रकाशनका सर्वाधिकार मानस साधना मंडलको होगा। पुरस्कार की घोषणा १५ दिसंबर, १९६९ तक कर दी जायगी।

— जगदीश प्रसादसिंह
संयोजिका

७३२, बनारसी बाग, लखनऊ



कलकत्ते की गोष्ठी में डिवाइन लाइफ सोसाइटी के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्दजी पूज्य 'योगीजी' को माल्यार्पण करते हुए।

वाराणसी गोष्ठी—बाँयें से—उद्घाटनकर्त्ता डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी, परम पूज्य 'योगीजी' तथा अध्यक्ष डा० एस. डी. मिश्र।

मानस का लोकोपयोगी पक्ष

— श्री त्रिभुवन पाल गोयल

आदि काव्य वाल्मीकि रामायण में जिसका रचना-काल आज से १ लाख वर्ष पूर्व माना जाता है, २४ हजार श्लोकों में महर्षि जी ने संस्कृत भाषा में श्री रामकी मंगलमय गाथा की रचना की जिसमें मानव-जीवन की सभी संभावित दृष्टिकोण आगये हैं व मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी के आदर्श चरित्र के द्वारा विश्वमें मानव के सामने एक आदर्श उपस्थित किया। इसके पश्चात् वेद उपनिषद्, महाभारत आदि की रचना हुई पर ये सभी ग्रन्थ संस्कृत भाषा में थे जो कालान्तर में जनता की भाषा न रहकर एक समाज विशिष्ट की भाषा रह गई। युगक्रम चलता रहा व देश की आदि वैदिक संस्कृति का लोप सा हो गया। ऐसे समय आज से से ३९५ वर्ष पूर्व गोस्वामी तुलसीदास जी ने सरल हिन्दी भाषामें "श्री रामचरित मानस" की रचना की ताकि हमारा दर्शन व तंत्र सबको ज्ञानगम्य हो सके। गोस्वामीजी ने प्रारभं में ही लिखा है :—

"नानापुराणनिगमागम सम्मतं यद्
रामायणे निगदितं क्वचिदन्यतोऽपि ॥
स्वान्तः सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा—
भाषा निबन्धमति मञ्जुलमातनोति ॥"

"अनेक पुराण, वेद और आगम (तंत्र) से संमत तथा कुछ अन्यत्र से भी उपलब्ध श्री रघुनाथजी की कथा का तुलसीदास अपने स्वान्तः सुख के लिये अत्यन्त मनोहर भाषा में विस्तृत वर्णन करता है।"

इससे स्पष्ट है कि श्री रामचरितमानस की रचना के स्रोत पुराण वेदादि ही नहीं वरन तात्कालिक उपलब्ध सभी ग्राह्य साहित्य, दर्शन व तंत्र थे जिनसे उपलब्ध सामग्री के आधार पर मानवजीवन सुखी बनाने के लिये इस ग्रन्थकी रचना हुई। संवत् २०३१ (आजसे ५ वर्ष बाद) रामचरित मानस रचना की ४०० वीं जयंती विश्व भर में मनाने का आयोजन हो रहा है। तुलसी के उसी सर्व मंगलकारी ग्रंथ के आधार पर मानव जीवन को सर्वप्रकारेण सुखी बनाने व त्रिताप मुक्ति के आश्वासन को व्यवहारिक जीवन में प्रदर्शित करने के लिये महाराष्ट्रके सन्त डा० आर० डी० रानाडे के शिष्य स्व० श्री० पंडित बदरीनारायणजी त्रिपाठीजी योगीजीके गुरू हैं, को गुरू-कृपासे ज्ञान हुआ। गुरूमहाराज ने ४० वर्ष की अल्पायु में दीपावली के दिन सन १९४४ में देह त्याग कर दिया व अपने सहपाठी श्री हृदयनारायणजी को रामायण का यह आश्वासन—

**"राम भगति मनि उर बस जाके।
दुख लवलेस न सपने हुँ ताके ॥"**

को मनाव-जीवनमें उतारने का भार दिया और जून १९२९ में उन्हें दीक्षा दी जिस समय प्रभु-लीला के अद्भुत चमत्कार भी देखने को मिले जो 'योगीजी' की जीवनी वाले गुजराती व मराठी भाग में वर्णित हैं? उन्होंने ही उन्हें 'योगी जी' नाम दिया और तब से गृहस्थ होते हुए भी, भारत भरमें आप इसी नाम से जाने जाते हैं। 'योगीजी' सन्यासी नहीं है — दो विवाहित पुत्रियों के अतिरिक्त पत्नी और ग्रेजुएट पुत्र भी है।

आपका जन्म ६ जुलाई, १९०५ ई० में फैजाबादमें हुआ। प्रयाग में आपने बी० ए० पास कर कुछ काल तक कानूनका भी अध्ययन किया। तत्पश्चात कुछ वर्ष अध्यापन-कार्य करनेके बाद आप उत्तर प्रदेश सरकार के पुलिस विभाग में अनुवादक का कार्य करते रहे पर अपने गुरू महाराज द्वारा सौंपे हुए सेवा-कार्य के लिए समय से पूर्व ही १० फरवरी १९५६ में ऐच्छिक अवकाश ग्रहण कर लिया। तब से यानी गत १४ वर्षों से वे देश के कोने २ में घूम कर तीसों दिन बारह महीने सबसे छोटे दर्जे में यात्रा करते हुए साधकों से

With best Compliments from :
GENERAL & TIMBER PRODUCTS
239, Frere Road, Fort,
Bombay-1.
Tel. : **267612 , 263148.**

सम्पर्क बनाये रहते हैं। उनका प्रवचन सुनन के बाद शीघ्र ही समझ में अजाना कठिन है और समझने के बाद ही व्यवहारिक जीवन में उतरना सम्भव है। यह कोई दम्भ की बात नहीं पर योगीजी द्वारा समझाई हुई मानस की व्याख्या जिनके समझ में आ गई है वे शरीर में स्वास्थ्य, रोगमुक्ति, इन्द्रियों में शक्ति, चिन्ता मुक्ति का अनुभव कर विषम से भी विषम परिस्थितियों में अनासक्त रह अपनी सभी सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हैं। ऐसे ही देशभर के अनेक साधकों में से लगभग ७५ साधक बम्बई में आकर अपनी साधना के अनुभव प्रकाश में लायेंगे।

"मानस" का व्यवहारिक दर्शन व तंत्र जैसा मैं समझ पाया संक्षिप्त में वर्णन करता हूँ।

संसार का कोई भी प्राणी दुख नहीं चाहता है। वह अपनी मान्यता के अनुसार हर प्रकार से सुखी-जीवन के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। यही प्रयत्न उसके जीवन की कार्य-श्रृंखला की कड़ियों का निर्माण करता है। मोटे तौर पर सुखी जीवन की परिभाषा को निम्न पाँच वर्गों में बाँटा जा सकता है—शरीर में स्वास्थ्य, इन्द्रियों में शक्ति, मन में आनन्द, बुद्धि में निर्भयता तथा अहं में सबसे प्रेम। जैसा कि देखा जाता है प्रत्येक प्राणी के जीवन में इन पाँचों कामनाओं की पूर्ति थोड़ी-बहुत मात्रा में होती भी रहती है। क्योंकि प्रत्येक मनुष्य न तो सदा रोगी रहता है, न सदा अक्षम, न सदा चिन्तित व दुखी, न सदा भयभीत और न ही सदा प्रेमाभाव से प्रताड़ित। परन्तु चूंकि मनुष्य की मौलिक मांगें बीमारी की सम्भावना-रहित अखण्ड स्वास्थ्य की, कमजोरी की सम्भावना-रहित अखण्ड (कार्य) शक्ति की, चिन्ता की सम्भावना-रहित अखण्ड आनन्द की, भय की सम्भावना-रहित अखण्ड ज्ञान की तथा द्वैत की भावना-रहित अखण्ड प्रेम की हैं, इसलिए उक्त पांचों बातों को समयानुसार पाकर भी वह सन्तुष्ट नहीं होता, अपने को सुखी नहीं मानता और उनकी प्राप्ति के लिए जान या अनजान में सतत प्रयत्नशील रहता है एवं तब तक प्रयत्न शील रहेगा, जब तक उन्हें प्राप्त न कर लेगा, चाहे इसके लिए उसे अनेक जन्म भी क्यों न लेने पड़ें।

हमारे यहाँ धार्मिक ग्रन्थों में जीवन को हर प्रकार से सुखी करने के आश्वासन दिये गये हैं और नाना पुराण निगमागम सम्मत श्री रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जीने इस प्रकार के आदर्श सुखमय जीवन की उपलब्धि इसी जीवन में प्राप्त कर लेने का न केवल आश्वासन दिया है, अपितु उसके आधारभूत सिद्धान्तों का विशद और वैज्ञानिक विवेचन तथा उन्हें जीवन में उतार कर निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करने की प्रविधि भी बतायी है। 'लहहिं चारि फल अछत तनु'। इस शरीर के रहते इस जीवन में ही चारो फल (अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष) प्राप्त करते हैं। उन्होंने कथित धार्मिक जीवन व्यतीत करते हुए भी दुखी रहने वाले लोगों के इस कुतर्क का भी कि इस जीवन में कलियुग के प्रभाव स्वरूप, पूर्व जन्म-कृत कर्मों के फलस्वरूप तथा ईश्वर की कृपा न होने (प्रतिकूलता) के कारण इस जीवन में दुख भोगना अनिवार्य है, बड़े जोरदार शब्दों में खण्डन किया है—'कलि जुग सम जुग आन नहिं,' 'मेटत कठिन कुअंक भाल के' तथा 'रहति न प्रभु चित चूक किए की' और वे स्पष्ट कहते हैं कि ऊपर के तीनों कारण मिथ्या हैं—

"सो परत्र दुख पावइ, सिर सिर धुनि धुनि पछताइ।
कालहि कर्महि ईस्वरहि, मिथ्या दोष लगाइ ॥"

अब जब कि यह स्पष्ट दीखता है कि मनुष्य के दुखों का आत्यंतिक विनाश इसी जन्म में सम्भव है, तो इस पर गम्भीरता से विचार करना है कि रामचरित मानस में वर्णित वे सिद्धान्त कौन से हैं तथा उनके प्रयोग की विधि क्या है, जिनके आधार पर मानव-जीवन सब प्रकार से सुखी हो सकता है।

रामचरित मानस एक ऐसा ग्रन्थ है, जिसमें ईश्वर पर विश्वास करने वालों तथा निरे भौतिकवादी विचारवालों

With best Complients from :
HIND CYCLES LIMITED
250, Worli,
Bombay-25 (D.D.)

With best Compliments from :
GUPTA AND COMPANY
Coal and Coke Merchants,
P—774A, Block 'P' New Alipur,
Calcutta-53, Phone : **45-8016**.

के लिए अलग-अलग दर्शन और तंत्र वर्णित हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पहले यह तय करना चाहिए कि क्या वह भावना प्रधान व्यक्ति है जिसे भगवान पर विश्वास है अथवा वह विचार प्रधान व्यक्ति है जो बिना समझे-बूझे कुछ मानने या करने में प्रवृत्त नहीं होता ।

भावना प्रधान व्यक्ति यदि भगवान के केवल अस्तित्व में विश्वास करने के अतिरिक्त उनके व्यापकत्व एवं प्रेरकत्व में पूर्ण विश्वास करें उन्हें जीवन में क्रियात्मक रूप दे सकेंगे, तो उनका कल्याण हो जाएगा तथा विचार प्रधान व्यक्ति यदि दृष्ट संसार के बारे में गम्भीरता से छानबीन कर उसके असली स्वरूप को जान सकेंगे अर्थात् उसका अबाधित ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे, तो उनका भी कल्याण हो जाएगा । दोनों मार्गों की उपलब्धियाँ एक ही हैं--सब प्रकार से सुखी जीवन की प्राप्ति–

'ग्यानिहि भगतिहि नहिं कछु भेदा ।
उभय हरहिं भव सम्भव खेदा ।।'

परमपूज्य श्री हृदय नारायण 'योगीजी' मानव-जीवन को हर प्रकार सुखी करने के आधारभूत सिद्धान्तों का केवल वैज्ञानिक विश्लेषण ही नहीं करते हैं बल्कि उनके प्रयोग की व्यावहारिक प्रविधि (टेक्नीक) भी प्रस्तुत करते हैं, जिनकी सत्यता एवं प्रामाणिकता के बारे में केवल इतना कहना ही अलं होगा कि मानस साधना मण्डल के सभी साधक–जो जीवन के विभिन्न कार्य-क्षेत्रों में हैं, उनके मार्ग-दर्शन में साधना कर ऊपर वर्णित उपलब्धियाँ प्राप्त कर पूर्णतः स्वस्थ, सक्षम, आनन्दमय तथा भयरहित जीवन-यापन कर रहे हैं । पूज्य योगीजी की विचारधारा का सार यह है कि यदि मनुष्य प्रकाशवाद अथवा विकारवाद के सिद्धान्त को भली प्रकार समझ कर अपनी कार्य-प्रणाली तदनुकूल बना ले, तो उसे निश्चित सफलता प्राप्त होगी । प्रकाशवाद भगवान को मानने वाले भावना प्रधान व्यक्तियों तथा विकारवाद दिखाई-सुनाई देने वाले संसार के बारे में ईमानदारी से छानबीन करने वाले विचार प्रधान व्यक्तियों का मार्ग है ।

जो व्यक्ति ईश्वर को मानता है वह उन्हें सच्चिदानन्द–शक्ति, ज्ञान और आनन्द का अखण्ड आगार कहता है, उन्हें सर्व व्यापक एवं प्रेरक भी मानता है । ऐसा व्यक्ति यदि भोजन से शक्ति, अध्ययन से ज्ञान और धन तथा धन से प्राप्त वस्तुओं में आनन्द मानता है, तो वह स्पष्टतः भगवान का निरादर करता है जिसका परिणाम रामायण में रोग, दीनता, वियोग आवागमन बताया गया है । इस निरादर को समाप्त कर भगवान का आदर करना ही प्रकाशवाद के सिद्धान्त का उद्देश्य है । इसी प्रकार विचार प्रधान व्यक्ति यदि ईमानदारी से हर चीज की तह तक खोज करेगा, तो इसी निर्णय पर पहुँचेगा कि संसार में जो जैसा दिखायी देता है, वह वास्तव में वैसा है नहीं और इस प्रकार छानबीन करने पर वह पायेगा कि भोजन शरीर का निर्माण करने वाला तत्व है, शक्ति देने वाला नहीं, दवायें रोगों के रक्षण दबा देती हैं, उनका समूल नाश नहीं करतीं, पुस्तकों के अध्ययन से विभिन्न सूचनाएं (उपयोगी भी) मिलती हैं परन्तु ज्ञान (प्रकाश) नहीं प्राप्त होता आदि आदि ।

जैसा कि परमपूज्य योगीजी कहते हैं, केवल कहते ही नहीं उसे साधकों के जीवन में सफलतापूर्वक उतार कर पुष्ट भी करते हैं–संतुलित आहार द्वारा अखण्ड स्वास्थ्य की प्राप्ति, युक्तियुक्त उपवास द्वारा अखण्ड शक्ति का जागरण, विवेकयुक्त सेवा द्वारा अखण्ड आनन्द की प्राप्ति, विधिवत ध्यान द्वारा अखण्ड ज्ञान की प्राप्ति तथा सर्व भावेन् आत्म समर्पण द्वारा अखण्ड प्रेम की प्राप्ति की जा सकती है ।

मेरे विचार में यदि हम ३ बातें याद रखें व दैनिक जीवन

With best Compliments from :

A WELL WISHER

में नियमित रूप से नारायण-अर्पण-भाव से जीवन में प्रयोग करें तो उसका लाभ शीघ्र मिलने लगेगा व धीरे-धीरे सब रोग, आसक्ति व भय से मुक्त हो आनन्दपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगेंगे :—

१—भोजन का चतुर्थांश कम करके वितरण करना

२—आय का दसांश वितरण करना

३—समय का कम से कम चौबीसवां हिस्सा, जिसमें कुछ समय सुमिरन में तथा शेष सेवा में लगाना।

मेरा विश्वास है कि इसका व्यापक परिणाम होगा और बापू के राम राज्य का सपना साकार हो सकेगा।

प्रार्थना

वह प्रेम दो हमें प्रभु जिससे कि तुम्हें पायें।
तज करके मोह—माया केवल तुम्हीं को ध्यायें॥
जब जब हमें दबायें ये भोग वासनायें।
वह शक्ति दो कि जिससे अपने को हम बचायें॥
ऐसी हो चाह सच्ची जो चैन न लेने दे।
प्रियतम तुम्हें रह रहकर हम हृदय से बुलायें॥
सबसे विरक्त होकर अनुरक्त हों तुम्हीं में।
केवल सुनें तुम्हारी, अपनी तुम्हें सुनायें॥
चिन्तन में तुम्हारे ही तल्लीन चित्त होकर,
जब चुप न रह सकें तब तुमसे ही रोये गायें॥
जब तक हमें शरण में स्वीकार तुम न कर लो,
हम 'पथिक' इसी धुन में अपना समय बितायें॥

— साधुवेष में एक पथिक

●

हर पंक्ति एक मंत्र

—श्री शिवशंकर मिश्र

देहरादून के निकटस्थित यह तपोवन अपने नाम के अनुकूल ही था। हम लोग जितनी देर इसमें घूमे, लगा किसी और ही लोक में विचरण कर रहे हों। घूम कर लौटे तो फिर बाबा की कुटी पर रुके। चलते समय मैंने बाबा से कहा—आशीर्वाद दीजिए। दद्दा ने कहा—दीक्षा दीजिए। भाभी ने विनय की—कोई गुरूमंत्र दीजिए, बिटान ने अनुरोध किया—कुछ ऐसा बताइये जिसे पढ़ते-पढ़ते मन न अघाये, जितना पढ़ा जाये उतना ही नया रस मिले। जीजी चुप बैठी थीं। हम सब अपनी बात कह चुके तो उन्होंने बाबा के चरणों पर माथा टेकते हुए कहा—जिंदगी की सांझ है, मेरी। न राम में मन लगता है न आराम में, न काम में न विश्राम में। कहीं मन लगा दें, जिसमें खो जाऊं, सब कुछ भूल जाऊं।

बाबा ने सरसरी दृष्टि हम लोगों पर डाली। अपने हाथ की एक पुरानी, मैली तथा फटी-सी पोथी को माथे से लगा कर सम्मानपूर्वक यथा स्थान रख दिया। फिर बोले—आप सबके अनुरोध भिन्न-भिन्न हैं, शायद अभिलाषा, आकांक्षा और कामना भी भिन्न-भिन्न हो। पर मैं क्या करूं ? मेरे पास तो हर बात का एक ही उत्तर है, हर शंका का एक ही समाधान है, हर जिज्ञासा का एक ही उत्तर है और सबके लिए, चाहे वह जिस भाव से आये और जो चाहे, एक ही निवेदन, अनुरोध और उत्तर है। इसके पहले कि हम लोग अपनी जिज्ञासा व्यक्त करें, इस अनेकता में एकता के विषय में बाबा ने वही अपनी पोथी, जो कुछ समय पूर्व वह पढ़ रहे थे, सामने कर दी। फिर स्पष्ट रूप से कहा—यह रामचरित मानस यानी रामायण है।

हम लोगों को आश्चर्य मुग्ध देख कर बाबा कहते गये—मैंने जीवन में इसे पढ़ा है, केवल इसे ही और मुझे लगता है कि सब कुछ पढ़ डाला है मैंने। यही मेरे लिए जीवन में शाश्वत रहस्यों की कुंजी है। इसी को मैं भृगुसंहिता मानता हूं, इसी को ज्ञान-कोष। इसकी हर पंक्ति एक मंत्र है। बाबा गंभीर स्वर में कहने जा रहे थे—यदि मुझसे कुछ जानना चाहते हो, मांगना चाहते हो, तो मैं रामचरित मानस दूंगा। इस कल्पवृक्ष को पा लेने पर तुम्हें कुछ पाने के लिए न रह जायगा।

कई वर्ष हो गये इस घटना के। तब से बहुत-कुछ हेरफेर हो गया है इस जीवन में। पर एक विश्वास ज्यों का त्यों है जो अब भी दृढ़ से दृढ़तर होता जाता है प्रति दिन। वह यह कि रामचरित मानस की हर पंक्ति एक मंत्र है। आज जब मैं मानस के पृष्ठ उलटता हूं और उनकी पंक्तियों पर दृष्टिपात करता हूं तो मुझे लगता है कि मैं मंत्रों के बीच आश्वासनों की छाया में आसीन होऊं। ये ही आश्वासन मूल्यवान थाती के रूपमें मेरे जीवन को गरिमामय बनाये हुए हैं।

———

RAM CHARIT MANAS

